वर्ष 73 » अंक 329 » पृष्ठ 12 » रीवा, गुरुवार 27 अगस्त, 2026 » श्रावन शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत् 2083 » नगर » मूल्य 5 रुपए

दैनिक जागरण



# नेपाल में अचानक आया सैलाब, 27 देशों के 500 से अधिक लोग लापता, 100 की मौत

# जलप्रलय

तिब्बत से आई अचानक बाढ़ ने नेपाल के रसुवा में भारी तबाही मचाई। कई घर पानी के साथ बह गए तो कई मलबे में दब गए।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए 105 भारतीय भी लापता

**काठमांडू, जेएनएन।** तिब्बत से आई अचानक बाढ़ ने नेपाल के रसुवा जिले में भारी तबाही मचाई है। इसमें 27 देशों के करीब ५00 लोग लापता हो गए हैं। वहीं १०० लोगों की मौत हो गई। नेपाल के पर्यटन विभाग के मुताबिक, 484 लोगों का पता नहीं चल रहा है। इनमें 391 विदेशी पर्यटक हैं जिसमें 105 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। लापता भारतीयों में ज्यादातर तिब्बत में कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए जा रहे थे। भोटेकोशी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से टिमुरे और स्याब्रुबेसी इलाके में कई घरों को नुकसान पहुंचा है। बता दें कि 2015 में आए भूकंप के बाद नेपाल में यह सबसे विनाशकारी आपदा है, जिसमें 9,000 लोग मारे गए थे। वहीं नेपाल के विदेश मंत्री का कहना है कि भूकंप के कारण हिमस्खलन होने से बाढ़ आई होगी। बाता दें कि कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए नेपाल का रसुवागढ़ी मार्ग अहम रास्ता है।

नेपाल पर्यटन बोर्ड के मुताबिक, लापता विदेशी नागरिक में 142 भारतीय, 17 मलेशियाई, 12 ब्रिटिश, 4 दक्षिण अफ्रीकी, 8 दक्षिण कोरियाई, 1 अमेरिकी, 1 ऑस्ट्रेलियाई और 1 डच नागरिक शामिल हैं। हालांकि, रिपोर्ट में एक जगह कम से कम 3 अमेरिकी नागरिकों के लापता होने की बात कही गई है। 111 अन्य लापता लोगों के नागरिकता की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। नेपाल में आई भीषण बाढ़ के बाद करीब 500 यात्री लापता बताए जा रहे हैं। इनमें 37 प्रवासी भारतीय (एनआरआई) और 105 भारतीय नागरिक शामिल हैं।

**सबसे ज्यादा प्रभावित रसुवा की आबादी करीब 50 हजार:** रासुवा में सबसे ज्यादा तबाही हुई है। यह जिला काठमांडू से करीब 125 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में चीन के तिब्बत क्षेत्र की सीमा के पास स्थित है। बाढ़ ने रसुवा से नुवाकोट और धादिंग तक नदी किनारे के कई इलाकों को प्रभावित किया। करीब 40-42 किलोमीटर सड़क और कम से कम 19 पुलों को नुकसान पहुंचा है। करीब दर्जनभर बस्तियां भी प्रभावित हुई हैं। जिले की आबादी 50 हजार है।

## शी जिनपिंग ने राहत-बचाव तेज करने का दिया आदेश

तिब्बत में आई बाढ़ के बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। बाढ़ में कई लोगों की मौत हुई है। लापता लोगों की तलाश जारी है। बचाव अभियान के लिए 145 पुलिसकर्मियों और जवानों को प्रभावित इलाके में भेजा गया है।

## नेपाल में 13 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट को नुकसान

बाढ़ से नेपाल के जलविद्युत क्षेत्र को भी बड़ा नुकसान हुआ है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक रसुवा और नुवाकोट जिलों में कम से कम 13 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट प्रभावित हुए हैं। इनमें चालू और निर्माणाधीन दोनों परियोजनाएं शामिल हैं। लांगटांग हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट को भी भारी नुकसान की खबर है। 20 मेगावाट की इस निर्माणाधीन परियोजना का पावरहाउस बाढ़ में पूरी तरह बह गया है। यहां 60 लोग लापता बताए जा रहे हैं। तिब्बत क्षेत्र में भी भीषण बाढ़ से भारी नुकसान की खबर सामने आई है। चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के अनुसार, तिब्बत के ग्यिरोंग में कम से कम तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि 265 लोग अब भी लापता हैं। ये आंकड़े शुरुआती जानकारी के आधार पर बताए गए हैं और इनका सत्यापन अभी जारी है।



तेज बहाव के कारण लोहे का पुल पानी में बह गया।

## मोदी बोले- भारत हर संभव मानवीय मदद देने को तैयार

नेपाल में बाढ़ से हुई जनहानि पर प्रधानमंत्री मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से बात कर बाढ़ में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल समय में भारत नेपाल के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के पीएम बालेन्द्र शाह से भी बात की है।

- ग्लेशियल झील फटने की आशंका
- रसुवा में पिछले 24 घंटे में 7 मिमी से ज्यादा बारिश नहीं हुई, इसलिए
- बाढ़ की वजह बारिश नहीं तिब्बत में ग्लेशियल झील फटना
- भोटे कोशी बेसिन में 122 ग्लेशियल झीलें कौन सी फटी अभी पुष्टि नहीं
- बचाव के लिए 14 हेलीकॉप्टर तैनात
- नेपाल के रसुवा, नुवाकोट, धाडिंग, गोरखा और चितवन जैसे इलाके प्रभावित
- 2015 में आए भूकंप के बाद नेपाल में सबसे भीषण आपदा

## आकलन: भूकंप के बाद नदी में हिमस्खलन गिरा और बाढ़ आई

शुरुआती आकलन के मुताबिक, नेपाल की तरफ से आया एक बर्फीला हिमस्खलन ल्हेंदे नदी में गिरा और उसने नदी का रास्ता रोक दिया। इसके बाद पानी जमा होता गया और अचानक नीचे की तरफ बह निकला। इस नदी का पानी आगे चलकर भोटेकोशी नदी के सिस्टम में जाता है, जिससे वहां बाढ़ आ गई। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक लगभग इसी समय तिब्बत की तरफ भूकंप भी आया था। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, सुबह 8:37 बजे तिब्बत के इलाके में 4.4 तीव्रता का भूकंप आया था। इसका केंद्र गोसाइंकुंड से करीब 47 किलोमीटर उत्तर में था। वहीं नेपाल सरकार ने बताया है कि इस बाढ़ से कई गांव बह गए हैं। वहीं पर्यटकों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

## बिहार में अलर्ट, बैराज के 36 गेट खोले

नेपाल के रसुवा जिले में बाढ़ से तबाही के बाद बिहार की गंडक नदी में अचानक पानी बढ़ गया। बिहार के बगहा स्थित गंडक बैराज के 36 गेट खोल दिए गए हैं। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, इस बाढ़ के बाद गंडक में 3 मीटर ऊंची लहरें उठ सकती हैं, फ्लैश फ्लड आने की भी आशंका है। बिहार के 8 जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। ये जिले पश्चिमी चंपारण (बगहा), पूर्वी चंपारण (मोतिहारी), गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी और शिवहर हैं। बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों को अलर्ट रहने और स्थिति पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए। नेपाल का पानी आने से पहले बैराज से एक लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बैराज के पानी से जुड़ने वाली कई नहरों को भी खाली कर लिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### हरियाणवी सिंगर को उप्र में मारी गोली, मौत

**शामली, जेएनएन।** उप्र के शामली में बुधवार शाम 32 साल के यूट्यूबर और हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की जिम के बाहर हत्या कर दी गई।



हमलावरों ने उन पर 18 राउंड फायरिंग की। सिर, पेट में 5 गोली लगने से वह गिर गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वारदात शाम करीब 7 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, 4 हमलावर पहले से घात लगाकर बैठे थे। घटना से गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। मां अंकित की लाश गोद में लेकर सड़क पर बैठ गई हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से हमलावरों की पहचान की कोशिश कर रही है।

### पुंछ में ईको कार खाई में गिरी, छह की मौत

**पुंछ, जेएनएन।** जिले की सुरनकोट तहसील के शींदरा गांव में बुधवार देर शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। एक ईको कार चालक के नियंत्रण से



बाहर होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस दुखद हादसे में उसमें सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में एक बच्चे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को पुंछ के राजा सुखदेव सिंह जिला अस्पताल पहुंचाया गया। बच्चे की हालत बेहद नाजुक थी। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसी राजोरी भेजा गया। अन्य दो घायलों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। मृतकों के शवों को भी अस्पताल लाया जा रहा है।

# लोकसभा सचिवालय ने 20 बागी सांसदों को दिया नोटिस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा सचिवालय ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों को नोटिस भेजे हैं। सांसदों से टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी की अयोग्यता याचिका पर 7 दिन में जवाब मांगा गया है। यह याचिका दल-बदल कानून के तहत दाखिल की गई है। नोटिस 25 अगस्त को जारी किए गए और इनमें बनर्जी की 18 जून की याचिका की कॉपी भी भेजी गई है। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के बनर्जी की याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार होने के एक दिन बाद हुई है। कोर्ट ने मंगलवार को 20 बागी सांसदों को नोटिस जारी किया था, लेकिन लोकसभा स्पीकर के कार्यालय और सदन के महासचिव को नोटिस जारी नहीं किया।

अभिषेक बनर्जी ने पहले 20 सांसदों के खिलाफ अलग-अलग अयोग्यता याचिकाएं दाखिल की थीं। जिसमें- काकोली घोष दस्तीदार, सुदीप बंद्योपाध्याय, शताब्दी रॉय, प्रसून बनर्जी, रचना बनर्जी, जगदीश चंद्र बरमा बासुनिया, पार्थ भौमिक, अरूप चक्रवर्ती, अधिकारी दीपक देव, सयानी घोष, बापी हलदर, एमडी अबू ताहेर खान, कालीपद सारेन खेरवाल, असीत कुमार मल, जून मलियाह, मिताली बैग, खलीलुर रहमान, माला रॉय, शर्मिला सरकार और यूसुफ पठान के नाम हैं।

# सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश ने सीजेआई को लिखा पत्र, कहा- राजस्थान के चीफ जस्टिस जजों को धमकाते हैं, उन्हें हटाएं

**नई दिल्ली/जयपुर, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संदीप मेहता ने राजस्थान हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा को हटाने की मांग की है। जस्टिस मेहता ने सीजीआई सूर्यकांत को लेटर लिखा। इसमें कहा गया कि जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

जस्टिस मेहता ने लिखा कि जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा अक्सर साथी जजों को ट्रांसफर की धमकी देते हैं। खुद को सीजेआई का करीबी बताते हैं। उन्होंने मांग की कि राजस्थान हाईकोर्ट में स्थायी मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया जाए।

## न्यायिक अधिकारियों को करते हैं परेशान

जस्टिस मेहता ने लेटर में लिखा- मुझे ऐसी शिकायतें मिली हैं कि जस्टिस शर्मा निजी दुश्मनी की वजह से राजस्थान में न्यायिक अधिकारियों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा- जस्टिस शर्मा ने हाईकोर्ट के मौजूदा एक जज की पत्नी, जो जिला न्यायपालिका में सीनियर जज हैं, उनके खिलाफ कथित बदले की भावना से कार्रवाई की। जोधपुर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट (मेट्रो) की नई बिल्डिंग एक साल से तैयार है, लेकिन एक्टिंग सीजे ने एकतरफा तरीके से उद्घाटन रोक दिया। इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव का आदेश दिया।



जस्टिस मेहता

जस्टिस मेहता ने लिखा कि स्थायी न्यायाधीश की नियुक्ति के विचार की लगातार अनदेखी संस्था के हित के पूरी तरह से खिलाफ है। जस्टिस संदीप मेहता ने जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा को हटाने के लिए 2, 10 और 17 अगस्त को सीजेआई को लेटर लिखे हैं। जस्टिस मेहता ने लिखा- ऐसे कई उदाहरण हैं, जिनमें जस्टिस शर्मा ने एक्टिंग चीफ जस्टिस के तौर पर अपनी शक्तियों का इस्तेमाल ऐसे तरीकों से किया, जो संस्थान के प्रमुख को शोभा नहीं देता है। राजस्थान हाईकोर्ट की एक महिला एडवोकेट ने जस्टिस विक्रमनाथ को शिकायती पत्र भेजा। इसमें कहा गया कि एक्टिंग सीजे स्थायी लोक अदालत में नियुक्तियों को लेकर पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। नियुक्ति में कथित पारिवारिक और करीबी निजी संबंधों का जिक्र किया गया। जस्टिस शर्मा ने कुछ खास वकीलों और पक्षों के फेवर में पद का दुरूपयोग किया। एक मामला हाईकोर्ट के सामने अपीलों से जुड़ा था। दूसरा स्पेशल अपील में हुई 457 दिन की देरी को माफ करने के आदेश से जुड़ा था।

**आश्चर्य** 30 दिन की पैरोल पर गया था 40 साल तक जेल नहीं लौटा, जेल प्रबंधन लिखता रहा पत्र

# उम्रकैद का कैदी बना सरकारी टीचर, अवॉर्ड भी पाया

**हैदराबाद, जेएनएन।** तेलंगाना हाई कोर्ट में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने जेल प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा पाए एक कैदी को दिसंबर 1983 में 30 दिन की पैरोल मिली थी। बाद में उसकी पैरोल 17 मार्च 1984 तक बढ़ाई गई। उसे 18 मार्च को जेल लौटना था, लेकिन वह वापस नहीं आया। इसके बाद वह 40 साल से ज्यादा समय तक जेल से बाहर रहा। इस दौरान उसने सरकारी शिक्षक के तौर पर नौकरी की, 2013 में रिटायर हुआ और 2004 में उसे 'बेस्ट टीचर' अवॉर्ड भी मिला। आखिरकार 16 मई 2024 को एक स्पेशल टास्क फोर्स ने उसे पकड़ लिया।



रिपोर्ट के मुताबिक, इस व्यक्ति को 1983 में हत्या के एक मामले में दोषी ठहराया गया था और उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। 17 दिसंबर 1983 को उसे 30 दिनों के लिए पैरोल पर रिहा किया गया। बाद में यह अवधि 17 मार्च 1984 तक बढ़ाई गई। लेकिन पैरोल खत्म होने के बाद उसने 18 मार्च 1984 को जेल में सरेंडर नहीं किया। वह चार दशक से ज्यादा समय तक जेल से बाहर रहा और 2024 में उसे गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसे सेंट्रल जेल भेज दिया गया। कैदी की पत्नी ने उसके खिलाफ की गई कार्रवाई को चुनौती देते हुए तेलंगाना हाई कोर्ट का रुख किया था। उसने दलील दी कि अधिकारियों ने करीब 40 साल की देरी के बाद कार्रवाई की।पत्नी के मुताबिक, उसका पति सरकारी शिक्षक के तौर पर काम करता रहा। वह 2013 में रिटायर हुआ और 2004 में उसे 'बेस्ट टीचर' अवॉर्ड भी मिला था। पत्नी ने उस आदेश को भी चुनौती दी, कोर्ट ने खारिज कर दिया।

## दोषी जानबूझकर गिरफ्तारी से बचा

राज्य सरकार ने याचिका का विरोध किया। सरकार ने बताया कि पैरोल से वापस नहीं लौटने पर पुलिस अधीक्षक को कई पत्र भेजे गए थे और बाद में उसे पकड़ने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स बनाई गई। अदालत के मुताबिक दोषी ने जानबूझकर गिरफ्तारी से बचने की कोशिश की। सरकारी शिक्षक के तौर पर नौकरी करने और रिटायर होने का उसका दावा भी इस ओर इशारा करता है कि उसने अपनी सजा छिपाकर 'धोखे से' सरकारी नौकरी हासिल की। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह व्यक्ति अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा जेल से बाहर बिताने और इससे मिलने वाले सभी फा यदों का आनंद लेने में सफल रहा।

## मेडिकल आधार पर भी पैरोल देने से इनकार

कैदी की पत्नी ने मेडिकल आधार पर भी पैरोल की मांग की थी। हालांकि, हाई कोर्ट ने इसे भी खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि जेल में मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध हैं। तेलंगाना हाई कोर्ट की जस्टिस टी. माधवी देवी ने याचिका खारिज करते हुए पैरोल पर जेल से बाहर जाने वाले कैदियों की निगरानी के लिए व्यवस्था मजबूत करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि पैरोल पर बाहर जाने वाले कैदियों की निगरानी के लिए स्पेशल टास्क फोर्स बनाई जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश और जरूरी व्यवस्था तैयार की जाए कि पैरोल खत्म होने पर कैदी समय पर जेल लौटें। ऐसे मामलों पर कड़ी नजर रखी जाए, क्योंकि इस तरह की चूक दूसरे कैदी भी प्रोत्साहित होंगे।

### गीवा कंपनी ने व्यक्त किया खेद

## कृति सेनन का विज्ञापन विवाद के बाद हटाया

**मुंबई, जेएनएन।** ज्वेलरी ब्रांड गीवा ने बुधवार को एक्ट्रेस कृति सेनन के विवादास्पद रक्षाबंधन विज्ञापन को हटा दिया है। विज्ञापन में कृति ब्रालेट-स्टाइल ब्लाउज, केप और ड्रेप्ड स्कर्ट पहने थीं। गीवा ने विवाद बढ़ता देख बुधवार कहा कि विज्ञापन हटा लिया गया है।



गीवा ने कहा, 'एक ब्रांड के तौर पर हमारा हमेशा से मानना रहा है कि इन खुशी के पलों को पूरे परिवार के साथ मनाया जाए। उद्देश्य पालतू जानवरों के साथ प्यार और जश्न को आगे बढ़ाना था। भावनाएं आहत करना हमारा इरादा नहीं था।' अगर समाज के कुछ हिस्सों की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं था।

# जिगना में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी



**जिगना।** रामनगर क्षेत्र के जिगना गांव में ईद मिलादुन्नबी का पर्व बुधवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेकर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जीवन, उनकी शिक्षाओं और मानवता के लिए दिए गए संदेश को याद किया। पर्व को लेकर गांव में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान आपसी प्रेम, भाईचारे, शांति और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने इंसानियत, जरूरतमंदों की मदद, प्रेम और शांति का मार्ग दिखाया। उनके बताए आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है। आयोजन के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी। साथ ही क्षेत्र में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की गई। पर्व के दौरान गांव में सामाजिक एकता और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने कहा कि धार्मिक पर्व समाज को आपस में जोड़ने का काम करते हैं। एक-दूसरे की भावनाओं और परंपराओं का सम्मान करने से आपसी विश्वास और भाईचारा मजबूत होता है। जिगना में भी पर्व के दौरान लोगों ने शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजन में भाग लिया। पूरे दिन गांव में चहल-पहल बनी रही। लोगों ने उत्साह के साथ पर्व मनाया और क्षेत्र की सुख-शांति तथा समृद्धि की कामना की।

# एनएचआरसी स्पेशल मॉनिटर ने मैहर में आंगनवाड़ी और अस्पताल का किया निरीक्षण



**मैहर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एनएचआरसी के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने बुधवार को मैहर प्रवास के दौरान विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मां शारदा मंदिर मार्ग स्थित आंगनवाड़ी केंद्र और सिविल अस्पताल मैहर का निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाओं में मिली कमियों को दूर करने और संबंधित सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सबसे पहले स्पेशल मॉनिटर आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे पोषण आहार की व्यवस्था देखी और केंद्र में दर्ज अभिलेखों तथा मीनू के अनुसार दिए जाने वाले आहार की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पोषण आहार व्यवस्था में सामने आई कमियों को लेकर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के पोषण से जुड़ी योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजेंद्र बागरे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद बालकृष्ण गोयल सिविल अस्पताल मैहर पहुंचे। अस्पताल प्रभारी डॉ. आरएन पांडे, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुदीप अवधिया सहित चिकित्सक और अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा। स्पेशल मॉनिटर ने जनरल वार्ड, आपातकालीन चिकित्सा कक्ष सहित अस्पताल के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं और अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था अपेक्षा के अनुरूप नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को अस्पताल में नियमित और बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने को कहा। निरीक्षण के दौरान स्पेशल मॉनिटर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी बातचीत की। उन्होंने मरीजों से उपचार, दवाओं और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। मरीजों की समस्याएं सुनने के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलने आने वाले परिजनों की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए मुलाकात का समय और संख्या निर्धारित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

# एक बारिश में खुली जिगना-गोविंदगढ़ नव निर्मित सड़क की गुणवत्ता की पोल



**रामनगर।** जिगना-गोविंदगढ़ मार्ग के नव निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कुछ समय पहले तैयार की गई सड़क पहली ही बारिश में कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई। रामनगर मोड़ के पास सड़क का किनारा धंसने के साथ डामर की परत उखड़ गई है। स्थिति यह है कि मार्ग से दोपहिया वाहनों का निकलना भी जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। रामनगर के पास मोड़ पर सड़क का एक हिस्सा बारिश के पानी के बहाव में क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क का किनारा पूरी तरह धंस गया है और डामर की परत टूटकर नीचे की ओर लटक रही है। वहीं सड़क के दूसरे हिस्से में भी डामर उखड़ने और फूलने के कारण गिट्टी बाहर आ गई है। बारिश के बाद मार्ग की हालत और खराब होने की आशंका है। ग्रामीणों के मुताबिक जिगना-गोविंदगढ़ मार्ग का निर्माण कुछ माह पहले ही कराया गया था। निर्माण के समय सड़क की गुणवत्ता को लेकर संबंधित अधिकारियों से निगरानी की अपेक्षा थी, लेकिन पहली ही बारिश में सड़क के क्षतिग्रस्त होने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि निर्माण में मानकों का पालन किया गया होता तो इतनी कम अवधि में सड़क की यह स्थिति नहीं होती। मोड़ पर सड़क का किनारा धंसने से हादसे का खतरा भी बढ़ गया है। रात के समय या बारिश के दौरान वाहन चालकों के लिए यह स्थान और अधिक खतरनाक हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग से प्रतिदिन आसपास के गांवों के लोग आवागमन करते हैं। सड़क की स्थिति जल्द नहीं सुधारी गई तो दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी।साथ ही क्षतिग्रस्त हिस्से की तत्काल मरम्मत कराने और निर्माण में लापरवाही मिलने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी धन से बनी सड़क का लंबे समय तक उपयोग सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता की जिम्मेदारी तय होना जरूरी है।

# भरहटा में अज्ञात लोगों ने दूसरी बार बनाया अंबेडकर प्रतिमा को निशाना

## घंटों चक्काजाम के बाद सुलझा मामला, नई प्रतिमा लगाकर प्रशासन ने दिया सुरक्षा का भरोसा



**जागरण, सतना।** उचेहरा थाना क्षेत्र के भराहटा गांव में डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को अज्ञात लोगों द्वारा मंगलवार देर रात क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद बुधवार सुबह गांव में तनाव और आक्रोश की स्थिति बन गई। प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। एक ही प्रतिमा को दूसरी बार निशाना बनाए जाने से नाराज ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और प्रतिमा स्थल की स्थायी सुरक्षा की मांग को लेकर नागौद.उचेहरा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। काफी देर तक ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी और सुरक्षा व्यवस्था की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद एसडीएम सुभाष मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों के अनुसार भरहटा गांव में प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 10 अप्रैल को भी प्रतिमा से छेड़छाड़ की गई थी और उस पर कालिख पोत दी गई थी। पहली घटना के बाद अब दोबारा प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ गया। ग्रामीणों के चक्काजाम के कारण नागौद.उचेहरा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। स्थिति को देखते हुए पोड़ी पुलिस ने चक्काजाम स्थल से करीब 7 किलोमीटर पहले पोड़ी तिराहे से यातायात डायवर्ट कर दिया। वाहनों को पोड़ी तिराहे से पतौरा, लोहरौरा और रामपथ गमन मार्ग से निकाला गया। मार्ग पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

**एसडीएम के आश्वासन पर खत्म हुआ चक्काजाम :** ग्रामीणों की मांगों को लेकर एसडीएम सुभाष मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर उनसे चर्चा की। प्रशासन की ओर से तत्काल नई अंबेडकर प्रतिमा लगवा दी गई। इसके बाद प्रतिमा स्थल की सुरक्षा के लिए स्थायी व्यवस्थाएं किए जाने का भरोसा दिया गया। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रतिमा के चारों ओर रेलिंग लगवाई जाएगीए ताकि प्रतिमा को सुरक्षित रखा जा सके। इसके साथ ही पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जाएगीए जिससे चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा सके और भविष्य में किसी भी घटना की स्थिति में आरोपियों की पहचान में मदद मिल सके।

**स्थायी बाउंड्रीवॉल के लिए बजट जारी करने का आश्वासन :** प्रशासन ने प्रतिमा स्थल की सुरक्षा के लिए स्थायी बाउंड्रीवॉल निर्माण का भी आश्वासन दिया है। एसडीएम ने बताया कि बाउंड्रीवॉल के लिए बजट जारी कराने की प्रक्रिया की जाएगी ताकि प्रतिमा स्थल को स्थायी रूप से सुरक्षित किया जा सके। प्रशासन के इन आश्वासनों के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया। इसके बाद नागौद.उचेहरा मार्ग पर यातायात बहाल किया गया।

**अब आरोपियों की गिरफ्तारी का इंतजार :** प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने की घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में पूछताछ सहित अन्य माध्यमों से आरोपियों तक पहुंचने के प्रयास कर रही है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि वे चाहते हैं कि घटना में शामिल लोगों की जल्द पहचान कर गिरफ्तारी की जाएए ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कोठी में ईद मिलाद उन्नबी का पर्व




**जागरण, सतना ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोठी नगर में ईद मिलाद उन नबी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस दौरान नगर में आपसी भाई चारा प्रेम व हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल देखते ही बनती थी नगर में नगर के लोगों ने जुलूस के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों का भव्य स्वागत किया ईद पर्व के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपनी मस्जिद क्षेत्र से जुलूस प्रारंभ किया जो नगर भ्रमण होते हुए करवला की ओर रवाना हुआ जिसमें मुस्लिम समुदाय के महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी सज धज कर गाजे बाजे एवं डीजे के साथ नाचते गाते हुए जुलूस में शामिल रहे कांग्रेसियों ने किया स्वागत जुलूस का कांग्रेस जनों ने भव्य स्वागत किया जैसे ही जुलूस कोठी के चौक बाजार में पहुंचा तभी कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष विनय सिंह गुड्डा नगर अध्यक्ष अमर गुप्ता युवक कांग्रेस के अध्यक्ष अनुराग सिंह दादूए उमाशंकर पांडे बृजेश गर्ग सोनू अपने कई साथियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस का आत्मीय स्वागत किया और जुलूस में शामिल रहे लोगों को माला पहना हुए एक दूसरे के गले मिले इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी आपसी भाई चारा व प्रेम की मिसाल कायम की और सभी के अमन चैन की दुआ करी इस दौरान नगर में जगह.जगह जलपान और प्रसाद वितरित हुआ जुलूस के दौरान कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी अपने दल बल के साथ पूरी तत्परता से मुस्तैद रहे मुस्लिम समुदाय के हाजी मोहम्मद इकराम ने नगर के सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

# एमसीयू में जश्न-ए-आजादी: देशभर से पहुंचे कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां



**जागरण, रीवा।** लाल बलदेव सिंह ऑडिटोरियम माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में अल्फ़ाज़ हब के तत्वावधान में 'जश्न-ए-आज़ादी-भारत का सबसे बड़ा ओपन माइक' का आयोजन किया गया। ओपन माइक ऐसा मंच है जहां प्रत्येक कलाकार को बिना किसी भेदभाव के अपनी प्रतिभा दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। इसी उद्देश्य को लेकर अल्फ़ाज़ हब संस्था द्वारा निरंतर प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। संस्था के डायरेक्टर ऋत्विज तिवारी एवं प्रबंधक अनुराग सोनी के नेतृत्व में आयोजित 'जश्न-ए-आज़ादी' कार्यक्रम ने इसी उद्देश्य को साकार किया। कार्यक्रम में रीवा सहित मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से बड़ी संख्या में कलाकारों ने सहभागिता की। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, कटनी, सतना, सीधी, सिंगरौली एवं मऊगंज सहित विभिन्न शहरों से पहुंचे कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा मध्यप्रदेश के बाहर से रायपुर, बिलासपुर, कानपुर, लखनऊ एवं प्रयागराज सहित विभिन्न शहरों से आए प्रतिभाशाली कलाकारों ने भी कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक एवं लेखक जयराम शुक्ल उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल साहित्यकार एवं राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित डॉ. विनय तिवारी ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ जन रामाधार तिवारी, रामनिरंजन मिश्रा, अभय वर्मा, सुरेन्द्र शर्मा तथा प्रसिद्ध गायिका गुंजन शुक्ला की विशिष्ट उपस्थिति रही।

# चित्रकूट धाम में कूड़े का खेल, यूपी की गंदगी एमपी में डंप



**जागरण, सतना।** प्रभु श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट धाम की पवित्रता पर जिम्मेदारों की लापरवाही भारी पड़ती नजर आ रही है। आरोप है कि उत्तर प्रदेश के कर्वी नगर पालिका क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों द्वारा कचरा उठाकर मध्य प्रदेश की सीमा में स्थित हनुमान धारा क्षेत्र के आसपास डंप किया जा रहा है। तीर्थ नगरी की पहचान और धार्मिक आस्था से जुड़े इस स्थल को कूड़े का अड्डा बनाए जाने से सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर यह गंदगी किसके इशारे पर यहां पहुंच रही है स्थानीय लोगों का आरोप है कि यूपी क्षेत्र से निकलने वाला कचरा एमपी की सीमा में लाकर खुले में डंप किया जा रहा है। इससे एक ओर जहां धार्मिक स्थल की सुंदरता और पवित्रता प्रभावित हो रही है वहीं दूसरी ओर दुर्गंध और संक्रमण का खतरा भी बढ़ रहा है। सबसे बड़ा सवाल चित्रकूट नगर परिषद के स्वच्छता प्रभारी की कार्यप्रणाली पर उठ रहा है। आखिर इतनी बड़ी मात्रा में कचरा मध्य प्रदेश की सीमा में पहुंचकर डंप हो रहा है और जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी भनक तक कैसे नहीं लगीघ् क्या सफाई व्यवस्था की निगरानी सिर्फ कागजों तक सीमित है या फिर पूरे मामले में किसी की मौन सहमति है हनुमान धारा जैसे धार्मिक एवं पर्यटन स्थल को कचरा घर बनने से रोकना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अब देखना होगा कि सतना जिला प्रशासन चित्रकूट नगर परिषद और संबंधित यूपी निकाय प्रशासन इस मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई करते हैं या फिर तीर्थ नगरी की पवित्रता के साथ खिलवाड़ का यह सिलसिला यूं ही जारी रहता है।

# बाठिया गेट के पास दो बाइकों की भिड़ंत, छह घायल

## दो की हालत गंभीर कटनी से बहन को लेने आया था युवक



**जागरण, मैहर।** बाठिया गेट के पास बुधवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में छह लोग घायल हो गए। हादसे में दो युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची डायल-112 की टीम ने सभी घायलों को सिविल अस्पताल मैहर पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। गंभीर घायलों को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। जानकारी के अनुसार दिठौरा निवासी अभिषेक साकेत, महेंद्र साकेत और सूरज साकेत बुधवार को एक बाइक से अपने दोस्त का जन्मदिन मनाकर वापस लौट रहे थे। शाम करीब पांच बजे वे बाठिया गेट के पास पहुंचे। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी दूसरी बाइक में उनकी बाइक जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। बताया गया कि कटनी जिले के खेरवा निवासी आशीष कुमार शाहू अपने बेटे के साथ नादन आए थे। उन्हें अपनी बहन को लेने जाना था। रास्ते में बाइक में तेल खत्म होने के कारण उन्होंने बाठिया गेट के पास सड़क किनारे बाइक रोक दी थी। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही बाइक ने उनकी खड़ी बाइक को टक्कर मार दी। अचानक हुई टक्कर के कारण दोनों बाइक सवारों को संभलने का मौका नहीं मिला। हादसे में सूरज साकेत और राहुल शाहू को गंभीर चोटें आई हैं। वहीं अभिषेक साकेत, महेंद्र साकेत, आशीष कुमार शाहू सहित छह लोग घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद डायल-112 की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल मैहर ले जाया गया। घायल अभिषेक साकेत ने बताया कि वे दोस्तों के साथ जन्मदिन मनाकर बाइक से वापस दिठौरा लौट रहे थे। बाठिया गेट के पास पहुंचने पर सड़क किनारे खड़ी बाइक दिखाई दी, लेकिन टक्कर को टाला नहीं जा सका। वहीं घायल आशीष कुमार शाहू ने बताया कि वह अपनी बहन को लेने नादन आए थे। बाइक में तेल डलवाने के लिए सड़क किनारे रुके थे, तभी पीछे से आई बाइक ने टक्कर मार दी। चिकित्सकों के अनुसार सूरज साकेत और राहुल शाहू को हादसे में अपेक्षाकृत गंभीर चोटें आई हैं। दोनों का उपचार जारी है। अन्य घायलों की स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है।

**पुलिस ने शुरू की जांच :** नादन थाना पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दोनों बाइकों और प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के आधार पर दुर्घटना की परिस्थितियों का पता लगा रही है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# जल जनित एवं संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए सतना जिले में विशेष अभियान

## कलेक्टर ने सम्पूर्ण जिले को अधिसूचित क्षेत्र घोषित किया गठित समिति करेगी विशेष निगरानी और कार्यवाही

**जागरण, सतना।** जिले में जल जनित एवं संक्रामक रोगों के संभावित फैलाव को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के तहत सतना जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा को अधिसूचित क्षेत्र घोषित करते हुए हैजा, आंत्रशोध, पेचिश, पीलिया, मस्तिष्क ज्वर सहित अन्य जल जनित एवं संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, पेयजल की शुद्धता, स्वच्छता व्यवस्था तथा मच्छर-मक्खियों के नियंत्रण पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अनुविभाग स्तर से लेकर विकासखंड, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत स्तर तक अधिकारियों की संयुक्त समिति गठित की गई है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी समिति के अध्यक्ष होंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय सतना को सचिव बनाया गया है। संबंधित तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, नगर निगम/नगर परिषद अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य निरीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री, खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा संबंधित थाना प्रभारी समिति के सदस्य होंगे। यह समिति अपने-अपने क्षेत्र में नियमित निरीक्षण कर आवश्यक प्रतिबंधात्मक एवं वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। अधिसूचित क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, उपहारगृहों, भोजनालयों, होटलों, दुकानों तथा अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य एवं पेय पदार्थों की विशेष जांच की जाएगी। बासी मिठाइयां, नमकीन, सड़े-गले फल एवं सब्जियां तथा अन्य दूषित अथवा अनुपयुक्त खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। दूध, दही, चाय, कॉफी, अंडे, आइसक्रीम, बर्फ के लड्डू तथा चूसने वाले पेय पदार्थों सहित खुले में बिक्री के लिए रखे जाने वाले खाद्य पदार्थों को मक्खी, मच्छर एवं अन्य कीटों तथा दूषित हवा से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य पदार्थ निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप हैं या नहीं, इसकी जांच भी सुनिश्चित की जाएगी। जारी आदेश में नालियों, गटर, पानी के गड्ढों, मलकुण्ड, कूड़ा-करकट एवं अन्य गंदगी वाले स्थानों की नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों को रोगाणुनाशक पदार्थों का समुचित उपयोग करते हुए स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा गया है। मक्खी और मच्छर पैदा होने वाले स्थानों की पहचान कर उन्हें तत्काल साफ कराने तथा खाद्य पदार्थों को दूषित होने से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए हैं। नगर निगम, नगर परिषद एवं ग्राम पंचायत क्षेत्रों में पेयजल प्रदाय करने वाली टंकियों की समय-समय पर सफाई कराने तथा निर्धारित मात्रा में क्लोरीन डालकर जल का शुद्धिकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अस्वच्छ नालों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों के पानी का उपयोग पेयजल के रूप में नहीं करने की सलाह दी गई है। पेयजल के लिए हैण्डपम्प एवं ट्यूबवेल के पानी का उपयोग करने तथा जल स्रोतों में प्रति सप्ताह नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर डालकर जल शुद्धिकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नालियों, घरों के गड्ढों, पोखरों, मल-संडासों, संक्रमित वस्तुओं, कूड़ा-करकट अथवा अन्य गंदगी को हटाते समय संबंधित स्थान की उचित सफाई और रोगाणुनाशक पदार्थ का समुचित उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय निकायों के कार्यपालन अधिकारियों को आदेश का तत्काल पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। किसी भी बाजार, भवन, दुकान, स्टॉल, रेस्टोरेंट, होटल अथवा लॉज में खाने-पीने की वस्तुओं की बिक्री के लिए उपयोग की जा रही खाद्य सामग्री की जांच की जाएगी। यदि कोई खाद्य सामग्री दूषित, अस्वास्थ्यकर अथवा अनुपयुक्त पाई जाती है तो नियमानुसार उसे अधिग्रहित कर नष्ट करने की कार्यवाही की जाएगी।

# सोशल मीडिया की चुभन से दरकने लगे रिश्तों के बंधन



**जागरण, मैहर।** एक समय था जब शादी टूटने की सबसे बड़ी वजह दहेज, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक विवाद मानी जाती थी। अब बदलते दौर में मोबाइल और सोशल मीडिया भी वैवाहिक रिश्तों के बीच ऐसी दीवार खड़ी कर रहे हैं, जिसकी शुरुआत कई बार महज एक फोटो, कमेंट, मैसेज या ऑनलाइन गतिविधि से होती है। मैहर जिले में भी शादी के बाद पति-पत्नी के बीच बढ़ते संदेह और मोबाइल को लेकर होने वाले विवाद सामाजिक चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। हालांकि मैहर जिले में केवल सोशल मीडिया के कारण टूटने वाली शादियों का कोई आधिकारिक सालाना आंकड़ा सार्वजनिक नहीं है, लेकिन मध्यप्रदेश के अन्य शहरों में परिवार परामर्श केंद्रों के आंकड़े इस बदलती तस्वीर की गंभीरता जरूर बताते हैं। शादी तय होने के बाद अब वर-वधू के बीच बातचीत पहले की तुलना में काफी बढ़ गई है। परिवारों की सहमति से रिश्ता तय होते ही लड़का और लड़की एक-दूसरे का मोबाइल नंबर लेते हैं। इसके बाद फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक-दूसरे की गतिविधियां देखना शुरू हो जाता है। यहीं से कई रिश्तों में संदेह की पहली दरार पैदा होती है। पुरानी तस्वीर में किसी युवक या युवती के साथ दिखना, किसी पुराने मित्र की टिप्पणी, बार-बार किसी खास व्यक्ति से बातचीत या देर रात ऑनलाइन रहना सवाल खड़े कर देता है। कई मामलों में शादी से पहले ही दोनों एक-दूसरे की सोशल मीडिया प्रोफाइल खंगालने लगते हैं। लड़की को लड़के की किसी पुरानी दोस्त से बातचीत मिलती है तो सवाल उठता है, वहीं लड़के को लड़की की किसी पुराने परिचित के साथ चैट या तस्वीर दिखाई देती है तो संदेह पैदा हो जाता है। कई बार जिस रिश्ते का वास्तविक जीवन में कोई महत्व नहीं होता, वही डिजिटल तस्वीरों और चैट के कारण वैवाहिक विवाद का कारण बन जाता है। शादी के बाद स्थिति और संवेदनशील हो जाती है। पति या पत्नी के मोबाइल में बार-बार किसी एक व्यक्ति के फोन आने, रात में मोबाइल व्यस्त रहने, ऑनलाइन दिखने और संदेश का तत्काल जवाब नहीं मिलने जैसी छोटी बातें भी विवाद का कारण बन रही हैं। कई दंपती एक-दूसरे के मोबाइल की जांच करने लगते हैं। पासवर्ड मांगना, चैट पढ़ना और सोशल मीडिया गतिविधियों पर नजर रखना धीरे-धीरे विश्वास की जगह संदेह को ले लेता है। मध्यप्रदेश के जबलपुर में परिवार परामर्श केंद्र के आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट में पिछले वर्षों में 15 हजार से अधिक मामले सामने आने और इनमें अविश्वास, संदेह तथा सोशल मीडिया से जुड़े 405 मामलों का उल्लेख किया गया था। भोपाल परिवार न्यायालय में भी अत्यधिक मोबाइल और सोशल मीडिया इस्तेमाल को वैवाहिक विवाद के कारणों में गिना गया है। मैहर जैसे तेजी से बदलते शहर और ग्रामीण अंचल में भी मोबाइल की पहुंच ने रिश्तों का स्वरूप बदल दिया है। पहले पति-पत्नी के बीच किसी तीसरे व्यक्ति की मौजूदगी का पता लगाने में समय लगता था, अब सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाली हर गतिविधि तत्काल सवाल खड़ा कर देती है। समस्या सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं, बल्कि उसके आधार पर बिना पूरी सच्चाई जाने निष्कर्ष निकालना बन रही है। कानूनी विवादों में भी डिजिटल बातचीत की भूमिका बढ़ी है। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने 2025 में एक वैवाहिक विवाद में वाट्सऐप चैट को प्रासंगिक साक्ष्य के रूप में स्वीकार किए जाने के सवाल पर महत्वपूर्ण फैसला दिया था। इससे साफ है कि मोबाइल पर होने वाली बातचीत अब केवल निजी बातचीत तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि विवाद बढ़ने पर वह कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा भी बन सकती है। दहेज के कारण टूटने वाले रिश्तों में जहां मांग और आर्थिक दबाव मुख्य वजह होती थी, वहीं आज सोशल मीडिया से जुड़े विवादों में विश्वास का संकट सामने आ रहा है। शादी के बाद पति-पत्नी एक-दूसरे को समझने के बजाय कई बार मोबाइल की स्क्रीन पर रिश्ते का हिसाब लगाने लगते हैं। पुरानी तस्वीरें वर्तमान रिश्ते पर भारी पड़ने लगती हैं और ऑनलाइन गतिविधियां वास्तविक व्यवहार से ज्यादा महत्वपूर्ण मान ली जाती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे मामलों में सबसे जरूरी है संवाद और विश्वास। हर ऑनलाइन संपर्क प्रेम संबंध नहीं होता और हर पुरानी तस्वीर वर्तमान रिश्ते की सच्चाई नहीं बताती। छोटी शंका को बातचीत से दूर करने के बजाय मोबाइल की जांच और आरोप-प्रत्यारोप का रास्ता अपनाया जाए तो विवाद तेजी से बढ़ सकता है। मैहर में बदलते सामाजिक परिवेश के बीच जरूरत इस बात की है कि सोशल मीडिया रिश्तों को जोड़ने का माध्यम बने, रिश्ते तोड़ने का कारण नहीं।

# रक्तदान करके मनाया मानवता का महापर्व, 30 यूनिट ब्लड डोनेट

**रीवा।** राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पावन पुण्य स्मृति एवं विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा मानस भवन में आयोजित रक्तदान महादान अभियान उत्साह, उमंग, प्रेम और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ के साधक, तपस्वी एवं राजयोगी भाई-बहनों सहित विभिन्न स्थानों से पधारे बीके भाई-बहनों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का पुनीत संदेश दिया। कार्यक्रम में 30 यूनिट रक्तदान हुआ, जिसमें 15 यूनिट रक्त जिला चिकित्सालय तथा 15 यूनिट रक्त संजय गांधी अस्पताल को प्राप्त हुआ। दोनों अस्पतालों के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के सहयोग से सेवा कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ रीवा की संचालिका बीके लता दीदी उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्तदान केवल रक्त देने का कार्य नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का महान संकल्प है। ब्रह्माकुमारीज़ परिवार ने अपने कर्मों से यह संदेश दिया कि हमारा जीवन राष्ट्र, मानवता और विश्व कल्याण के लिए समर्पित है। कार्यक्रम में चाकघाट उप सेवा केंद्र की प्रभारी बीके अर्चना एवं इंदिरा नगर उप सेवा केंद्र की प्रभारी बीके नम्रता सहित विभिन्न स्थानों से पधारे बीके भाई-बहनों ने विशेष सहभागिता की। राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पावन स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम के रूप में भी मनाया गया। उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके विश्व बंधुत्व, प्रेम, शांति एवं मानव सेवा के संदेश को स्मरण किया गया। चिकित्सकों एवं सहयोगी स्वास्थ्यकर्मियों का सम्मान भी किया गया।

**CHANGE OF NAME**

**I UMESH SINGH** spouse of NO-1485250A RANK- HAV **RAKESH KUMAR SINGH** Resident of GRAM POST RAYPUR, TEHSIL KOTHI, DISTRICT SATNA (MADHYA PRADESH) PIN CODE :-485666 have changed my name from **UMESH SINGH** to **UMESH KUMARI SINGH** Vide Affidavit dated 19.08.2026 (date of the Affidavit in)............................ at satna (M.P.)

वर्ष 73 अंक 329 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 27 अगस्त, 2026
श्रावन शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

24X7 ताजी खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

## ऑफ बीट

### चीनी युवतियों में बढ़ा आर्मपिट हेयर डाई ट्रेंड



*चीन में युवा महिलाओं के बीच एक नया और अनोखा ट्रेंड तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यहां युवतियां अपने अंडरआर्म्स (आर्मपिट) के बालों को डाई (रंग) कर रही हैं। जिस चीज को कभी सामाजिक रूप से असहज या गलत माना जाता था, उसे अब ये महिलाएं फैशन स्टेटमेंट और अपनी 'शारीरिक स्वतंत्रता' (बॉडीली ऑटोनॉमी) के प्रतीक के रूप में अपना रही हैं। चीन के लोकप्रिय लाइफस्टाइल प्लेटफॉर्म 'रेडनोट' पर युवा महिलाएं अपने रंगे हुए आर्मपिट हेयर की तस्वीरें और वीडियो जमकर शेयर कर रही हैं। युवतियां अपने अंडरआर्म्स के बालों को नीले, चमकीले और अन्य आकर्षक रंगों से डाई कर रही हैं। सोशल मीडिया पर बालों को ब्लीच करने और रंगने के तरीके सिखाने वाले ट्यूटोरियल (टिप्स) भी काफी पसंद किए जा रहे हैं।*

## संक्षिप्त खबरें

### चीनी 15 और प्याज 8 रुपए हुआ सस्ता



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सरकार की सख्ती के बाद चीनी के बढ़ते भाव पर ब्रेक लगने लगा है। सप्ताह भर पहले जहां चीनी का एक्स-मिल भाव 68 रुपये किलो तक पहुंच गया था, वहीं अब यह करीब 53-55 रुपये किलो रह गया है। महाराष्ट्र में भाव 51-52 रुपये और कोलकाता में थोक भाव करीब 53 रुपये किलो तक आ गया है। हालांकि, इसका पूरा लाभ अभी उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा है। आयातित चीनी की खेपों के पहुंचने, बंदरगाहों पर मौजूद चीनी के बाजार में आने और बिना बिके घरेलू कोटे की आपूर्ति बढ़ने से चीनी बाजार दबाव में आ सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है।

### जज बन दी धमकी, ठग सुकेश चंद्रशेखर दोषी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने ठग सुकेश चंद्रशेखर को एक न्यायिक अधिकारी पर दबाव बनाने और सुप्रीम कोर्ट के जज बनकर फोन करने के मामले में दोषी ठहराया है। कोर्ट गुरुवार को सजा सुनाएगी। कोर्ट ने माना कि सुकेश ने खुद को पहले सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन जज के निजी सचिव और बाद में जज के रूप में पेश किया और न्यायिक अधिकारी से उसे जल्द जमानत देने का दबाव बनाया। जमानत नहीं देने पर अधिकारी को पेशेवर नुकसान की धमकी भी दी गई। अदालत ने सुकेश चंद्रशेखर को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 170 के तहत सरकारी अधिकारी का रूप धारण करने, धारा 189 के तहत सरकारी कर्मचारी को नुकसान पहुंचाने और धारा 507 के तहत गुमनाम तरीके से धमकी देने का दोषी ठहराया है।




## राजधानी में पहली बार सुप्रीम कोर्ट का जज बनकर की धोखाधड़ी

# बुजुर्ग दंपति को दो माह डिजिटल अरेस्ट में रखा, 22 लाख रु. ठगे

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कोलार के बीमाकुंज में रहने वाले बुजुर्ग दंपति को जालसाजों ने दो महीने तक डिजिटल अरेस्ट पर रखा। मनी लॉन्ड्रिंग केस में अरेस्ट वारंट का डर दिखाकर खाते में करोड़ों रुपए के लेनदेन का झांसा दिया। सुप्रीम कोर्ट का फर्जी जज बनकर 22 लाख रुपए ऐंठ लिए। आरोपियों ने पीड़ित को आंध्रप्रदेश से भोपाल तक वीडियो सर्विलेंस पर रखा। रकम जमा करवाने के बाद फर्जी सुप्रीम कोर्ट का आर्डर भेजा। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने साइबर क्राइम भोपाल में इसकी शिकायत की। जांच के बाद कोलार रोड पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोलार रोड थाना प्रभारी संजय सोनी ने बताया कि 65 वर्षीय सुवर्णा लक्ष्मी पति नरसिम्हा राव ए-9 कृष्णा काम्प्लेक्स, गणपति इन्क्लेव बीमा कुंज कोलार में रहती हैं। वह मूलतः निखिल शिवागुरू आश्रम थाना मुपपला जिला पलनाडू राज्य आंध्रप्रदेश की रहने वाली हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि मैं हाऊस वाइफ हूं और मेरे पति प्राइवेट कंपनी से रिटायर्ड हैं।

### 22 लाख जमा करवा लिए

बुजुर्ग दंपति 10 जून को आंध्रप्रदेश से भोपाल पहुंचे। उन्होंने अपने सोने के जेवरात गिरवी रखकर 22 लाख रुपए का लोन लिया। यह पैसा केनरा बैंक के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से आया। इसके बाद 23 जुलाई तक डिजिटल सर्विलेंस पर रखे रहे। इस बीच बुजुर्ग दंपति को पता लगा कि सुप्रीम कोर्ट का आर्डर गलत है।



### सीआईडी अफसर बोले सुको से बेल करा दूंगी

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि फर्जी पुलिस आफिसर ने मेरे पति का मोबाइल नंबर भी ले लिया था। बोला था कि यदि तुम्हारा फोन बंद आएगा तो हम तुम्हारे पति से वीडियो कॉल से बात करेंगे। 21 मई को मेरे पति के पास किसी निशा पटेल जो अपने आप को चीफ इन्वेस्टिगेशन आफिसर सीआईडी होना बताया उसका वीडियो कॉल आया, जिसका चेहरा नहीं दिख रहा था। उसने मुझ से व मेरे पति से बात की और मुझसे मेरे सभी बैंकों के नाम व खातों के जानकारी ली। बैंक खाते में कुछ पैसे नहीं हैं। मैंने पूरी डिटेल सुप्रीम कोर्ट में सबमिट कर दी है। मैं आपको सुप्रीम कोर्ट से बात करवाकर बेल करवा दूंगी।

### सुप्रीम कोर्ट के जज से बात करवाई

अगले दिन वीडियो कॉल कर जज से बात करवाई। वीडियो कॉल में कुछ दिखाई नहीं दे रहा था, सिर्फ बातें सुनाई दे रही थीं। जज ने मेरा आधार कार्ड दिखाकर कहा कि यह तुम्हारा आधार कार्ड है, मैंने कहा यह मेरा ही आधार कार्ड है, तो जज ने कहा कि तुम्हारा दिल्ली में केनरा बैंक में खाता है जिससे आपका नरेश गोयल के कैश में लेन देन हुआ है। पीड़िता ने कहा कि दिल्ली में कोई खाता नहीं है ना ही नरेश गोयल को जानती हूं। जज ने कहा कि तुम्हारी नरेश गोयल से 22 मिनट बात हुई है, उसका रिकॉर्ड हमारे पास है। जज से दंपति ने कहा कि नरेश से जो बात हुई है उसकी फोरेन्सिक जांच करवाई जाए।

### कॉल से पुलिस स्टेशन दिखाया

कॉलर ने कहा कि मैं वाट्सएप के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में आवेदन लगाने के लिए इंगलिश में फार्मेट भेज रहा हूं। आप उस फार्मेट में आवेदन लिखकर हस्ताक्षर कर भेजें, यदि आप यह नहीं करोगे तो आपका फोन बंद हो जाएगा। तब मैंने अपने पति नरसिम्हा राव से आवेदन लिखवाकर हस्ताक्षर कर वाट्सअप कर दिया और उस पुलिस आफिसर ने अपना पुलिस स्टेशन दरियागंज को विडियो कॉल से दिखाया। खन्ना के अलावा अन्य पुलिस आफिसर से भी बात कराई।

### संपत्ति सीज करने का आदेश

9 जून को वीडियो कॉल के माध्यम से पुनः जज से बात हुई। उन्होंने बोला कि इनके नाम से जितनी भी संपत्ति है। वह सीज करा दो। कोर्ट ने आदेश निकाला जिस आर्डर की कापी वाट्सएप से मुझे प्राप्त हुई। निशा पटेल ने वाट्सएप कॉल कर कहाकि सुप्रीम कोर्ट जज ने आपकी सम्पत्ति सीज करने का आदेश दे दिया है। आप लोग जल्दी से भोपाल के लिए रवाना हो जाओ, आपके पास जो भी एफडी हो या सोना चांदी हो, उसे बेचकर या गिरवी रखकर 22 लाख रुपए तुरंत ही ओसमान इंटरप्राईजेज के खाते में जमा करवा दो।

### खुद को दिल्ली का पुलिस ऑफिसर बताया

19 मई 26 को किसी नए नंबर से उनके पास कॉल आया। कॉलर ने खुद को पुलिस आफिसर बताया।उसने बोला कि तुम्हारा नाम स्वर्णा लक्ष्मी है, आपके नाम से अरेस्ट वारंट है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में आपका अरेस्ट वारंट आया है। मैं दिरायगंज पुलिस स्टेशन दिल्ली से पुलिस आफिसर खन्ना बोल रहा हूं। आपका दिल्ली के केनरा बैंक अकाउंट है। आपके खाते में करोड़ों का नरेश गोयल से कैश का लेनदेन हुआ है। आपको सुप्रीम कोर्ट दिल्ली आना पड़ेगा। आप सीनियर सिटीजन हैं आपको क्या बीमारियां हैं? महिला ने कहा कि शुगर, बीपी, घुटने का दर्द है तो उसने कहा को आपको आने की जरूरत नहीं है और वीडियो कॉल के माध्यम से कहा कि आपको सुप्रीम कोर्ट में हाजिर करवा देंगे। **बोला- नरेश के आदमी जान से मार देंगे:** एमओ एप के जरिए वीडियो सर्विलेंस पर कॉल किया गया। आरोपियों ने हम लोगों से कहा कि आप कहीं इधर-उधर नहीं जाना। यह बात किसी से नहीं बोलना, नहीं तो आपकी जान को खतरा है। क्योंकि आपका केस सीक्रेट सुपरविजन अकाउंट के अंदर आता है। आप नरेश गोयल के केस में फंसे हैं। वह बहुत बड़ा आदमी है। आप यह बात किसी को नही बताना नहीं तो नरेश गोयल के आदमी तुमको मार देंगे। ऐसा कहकर डराया और धमकाया।

# मध्यप्रदेश की बढ़ी विदेशी निर्यात क्षमताः मुख्यमंत्री

## भिंड में औद्योगिक ईकाई का सीएम ने किया शुभारंभ



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार की नीतियों और बेहतर औद्योगिक वातावरण के चलते मध्यप्रदेश में निवेश लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश का विदेशी निर्यात भी बढ़कर 76 हजार करोड़ हो गया हैं। प्रदेश में कोई समुद्री सीमा नहीं है, लेकिन हमारे उत्पाद 7 समंदर पार पहुंच रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने यह बातें बुधवार को भिंड जिले के मालनपुर में एक औद्योगिक संस्थान की चौथी इकाई का शुभारंभ करने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि हमने औद्योगिक संस्थानों से केवल एमओयू नहीं किए,बल्कि उन्हें धरातल पर भी उतारा है। अगर राष्ट्रीय स्तर पर देखे ,तो जितने भी एमओयू होते हैं, उसका 10 फीसदी ही धरातल पर उतरता है, लेकिन अब मध्यप्रदेश में 30 प्रतिशत से भी ज्यादा निवेश मूर्त रुप ले रहे है। 10 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश अलग-अलग तरीके से अपना-अपना स्वरूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि भोपाल में जीआईएस से पहले हमारी सरकार ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में औद्योगिक विकास की संभावनाएं तलाशी थीं। इसी आधार पर ग्वालियर में टेलीकॉम सेक्टर की सबसे बड़ी यूनिट स्थापित की जाएगी। कभी चंबल क्षेत्र में दस्यु समस्या थी,लेकिन अब ग्वालियर -चंबल क्षेत्र निवेश,उद्योग और रोजगार के लिए अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक संस्थानों द्वारा स्थानीय स्तर पर कर्मचारियों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत करनी चाहिए।

सीएम ने कहा कि व्यावसायिक घरानों के माध्यम से कई घरों में रोशनी होती है, सुख -समृद्धि का मार्ग निकलता है। मेड-इन-एमपी और फेथ-इन-एमपी की मिसाल तैयार हो रही है। उद्योग और निवेश के क्षेत्र के लिए ,युवाओं के लिए,राज्य की समृद्धि के लिए प्रदेश केन्द्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में लगातार निवेश आ रहा है। पहले चंबल को देश का पिछड़ा क्षेत्र माना जाता था,अब यहां धीरे-धीरे औद्योगिक निवेश बढ़ रहा है। भिंड जिले में हाइड्रोजन तैयार करने के लिए प्लांट का शिलान्यास भी हो चुका है। मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया का संकल्प पूरा हो रहा है। इस मौके पर भिण्ड के प्रभारी मंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि इस नई औद्योगिक ईकाई से लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

इस मौके पर औद्योगिक संस्थान के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके संस्थान ने मलेरिया सहित अन्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए खास उत्पाद तैयार किए।

### जनवरी में होगी जीआईएस

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए जनवरी 2027 में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन किया जाएगा,जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य में तेजी गति से आ रहे निवेश से रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं,यही वजह है कि मध्यप्रदेश में बेरोजगारी दर सबसे कम है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरीकांडः चंपत राय की डायरी से कई बड़े खुलासे

# चुनाव के चलते एफआईआर नहीं कराई, नृपेंद्र मिश्र के पीछे कौन

**अयोध्या, जेएनएन।** राम मंदिर के पूर्व महासचिव चंपत राय की डायरी की चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। सूत्रों के मुताबिक, डायरी में उन्होंने लिखा है कि चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने के तुरंत बाद एफआईआर इसलिए नहीं कराई, क्योंकि उन्हें आशंका थी कि जांच में मामला लंबा खिंच सकता है। इसका असर आगामी विधानसभा चुनाव पर पड़ सकता है।

चंपत राय ने मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। कहा- उन्होंने मीडिया चैनल को दिए इंटरव्यू में चढ़ावा चोरी को डकैती करार दिया। इससे समाज में गलत संदेश गया। इसलिए एक संत ने मुझसे बातचीत के दौरान नृपेंद्र मिश्र को खलनायक कहा था। चंपत राय ने डायरी में सवाल उठाए हैं कि नृपेंद्र मिश्रा जैसे अनुभवी व्यक्ति ने चार दिनों में 14 चैनलों से बातचीत क्यों और किसके इशारे पर की। उन्होंने पिछले 6 साल में समिति की बैठकों के बारे में लिखा है।

### चंपत ने लिखा- नृपेंद्र मिश्रा को बताई थी पूरी बात



चंपत राय



चंपत राय

डायरी के अनुसार, 7 जून को चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने के अगले दिन मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र और नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनबीसीसी) के पूर्व चेयरमैन अनूप कुमार अयोध्या पहुंचे थे। करीब 2 घंटे तक बातचीत हुई। मैंने, पूर्व ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र और गोपाल राव ने पूरी जानकारी दी। नृपेंद्र मिश्र ने पूछा कि पुलिस में एफआईआर क्यों नहीं कराई गई। इस पर मैंने उनसे कहा कि अगर पुलिस को मामला सौंप दिया जाता तो पूछताछ और कार्रवाई के सभी अधिकार पुलिस के पास चले जाते। उसका क्या परिणाम होगा, यह कहना मुश्किल था।

### संतों को भी दी गई मामले की जानकारी

बैठक के बाद मैंने कई संतों से फोन पर बात की। उन्हें चढ़ावा चोरी के बारे में जानकारी दी। संतों को अयोध्या भी बुलाया। उन्होंने खबरों को निराधार बताते हुए संतों से उन पर ध्यान नहीं देने की अपील की। संतों ने उनकी बात स्वीकार की। हालांकि, बैठक में कौन-कौन से संत शामिल हुए थे, इसका जिक्र नहीं है। चंपत राय ने लिखा कि 3 दिनों तक 11-11 घंटे बैठकर चढ़ावा चोरी का काफी हिस्सा मैंने वापस प्राप्त किया।

### तबीयत खराब होने के बाद भी भैयाजी जोशी से मिलने लखनऊ पहुंचा

डायरी के अनुसार, 9 जून को मेरी तबीयत खराब थी। इसके बावजूद मैं 10 घंटे मंदिर परिसर के पीएफसी भवन में बैठा रहा। 10 जून को मैं बिस्तर से उठ नहीं पा रहा था। उसी रात गोपाल राव को भैयाजी जोशी का फोन आया। मुझे, अनिल और गोपाल को 11 जून की शाम तक लखनऊ पहुंचने के लिए कहा गया। गोपाल राव ने मेरी तबीयत खराब होने की बात कही। इस पर मैंने कहा कि मैं भी लखनऊ जाऊंगा, ताकि मामले से जुड़ी सभी बातें सही रूप में सामने आ सकें। हम तीनों लखनऊ गए। भैयाजी जोशी से मुलाकात की।

## आईटीएटी का फैसला टैक्स शून्य तो रिफंड पर करदाता का पूरा अधिकार

# आयकर विभाग ने टैक्स जमा करने दिया नोटिस, उल्टे देने पड़े 5 लाख

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अगर किसी व्यक्ति पर कानून के मुताबिक कोई टैक्स देनदारी नहीं बनती, तो सरकार उसके नाम पर पहले से काटी गई टैक्स की रकम रोक नहीं सकती। दिल्ली के एक मामले में आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने आयकर विभाग को इसी आधार पर बड़ा झटका दिया है। ट्रिब्यूनल ने 5,31,680 रुपए के टीडीएस को करदाता को वापस करने का आदेश दिया है। दरअसल, वित्त वर्ष 2019-20 में दिल्ली के जोरबाग निवासी एक करदाता ने तय समयसीमा में अपनी मूल आईटीआर दाखिल नहीं की थी। बाद में आयकर विभाग को इनसाइट पोर्टल के जरिए 27 मार्च 2023 को नोटिस जारी किया। नोटिस के जवाब में करदाता ने रिटर्न दाखिल की और करीब 1.38 करोड़ रुपए का बिजनेस लॉस दिखाया। और टीडीएस के पैसे वापस मांगे।





### आयकर विभाग ने रिफंड देने से किया इंकार

विभाग ने रिफंड देने से इनकार करते हुए कहा कि करदाता ने मूल रूप से धारा 139 के तहत आईटीआर दाखिल नहीं की थी। विभाग के मुताबिक, धारा 148 के नोटिस के जवाब में दाखिल रिटर्न में पहली बार रिफंड का दावा किया गया था, इसलिए उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। करदाता ने इस फैसले को सीआईटी(ए) के सामने चुनौती दी, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली। इसके बाद मामला आईटीएटी दिल्ली पहुंचा।

### फैसले में कोर्ट ने क्या कहा

11 अगस्त 2026 को आईटीएटी की दिल्ली बेंच ने मामले की सुनवाई की और विभाग की दलील को खारिज कर दिया। ट्रिब्यूनल ने माना कि अगर री-असेसमेंट के बाद करदाता की टैक्सेबल इनकम शून्य है, तो उसके नाम पर पहले काटी गई टीडीएस की रकम को सरकार अपने पास नहीं रख सकती। इस मामले में सेक्शन 237 भी महत्वपूर्ण है।

### संविधान का आर्टिकल 265 भी अहम

ट्रिब्यूनल ने संविधान के आर्टिकल 265 का भी हवाला दिया। इसके मुताबिक, कानून के अधिकार के बिना कोई टैक्स वसूला नहीं जा सकता यानी अगर किसी व्यक्ति पर कानून के मुताबिक टैक्स देनदारी शून्य है, लेकिन उसके नाम पर पहले ही ?5.31 लाख टीडीएस काट लिया गया है, तो वह रकम सरकार के पास टैक्स के रूप में रखने का आधार नहीं बनती।



# ईद मिलादुन्नबी पर शहर में निकला भव्य जुलूस बड़ी संख्या में शामिल हुए समाजजन

**जागरण, कटनी।** ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर बुधवार को शहर में मुस्लिम समाज द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरुआत मिशन चौक स्थित इमामबाड़ा से हुई। इसमें छोटे छोटे बच्चों से लेकर समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान पूरे मार्ग पर उत्साह और धार्मिक उल्लास का माहौल नजर आया। जुलूस में युवा वर्ग डीजे साउंड पर बज रहे सामाजिक एवं धार्मिक गीतों के बीच हाथों में झंडे लेकर चलते दिखाई दिए। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। जुलूस मिशन चौक



से प्रारंभ होकर थाना तिराहा, सुभाष चौक, कचहरी चौक होते हुए जिला अस्पताल रोड स्थित अंजुमन इस्लामिया स्कूल पहुंचा जहां इसका समापन किया गया।

समापन स्थल पर मुस्लिम समाज के बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके साथ ही समाज में बेहतर कार्य करने वाले लोगों तथा प्रतिभावान बच्चों का सम्मान भी किया जाएगा। आयोजन के दौरान सामाजिक एकता, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया। जुलूस को लेकर शहर में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। जुलुस के दौरान हजरत ईत्र शाह पीर बाबा कमेटी ऑल इंडिया मुस्लिम तेहवार कमेटी तनवीर खान तनु भाई आजरुद्दीन अज्जू ढींप इरफान खान हैप्पी भाई शमसुद्दीन भाई अनवर नियाजी नसरुद्दीन भाई सहित समाज के अन्य जन मौजूद रहे।

# ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर बाणसागर देवलोंद और बुढ़वा में निकला जुलूस

**जागरण देवलौद।** पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के अवसर पर बुधवार को बाणसागर, देवलोंद एवं बुढ़वा में मुस्लिम समाज द्वारा जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान नगर की गलियां और प्रमुख मार्ग धार्मिक झंडों एवं सजावट से सजे नजर आए। जुलूस में मुस्लिम समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न स्थानों से निकला जुलूस निर्धारित मार्गों से होते हुए आगे बढ़ा। जुलूस में धार्मिक झंडे और बैनर आकर्षण का केंद्र रहे। बड़ी संख्या में युवा एवं बच्चे भी इसमें शामिल हुए।

## पुलिस की रही चाक-चौबंद व्यवस्था

जुलूस को सुरक्षित और निर्बाध रूप से संपन्न कराने में थाना देवलोंद पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस बल ने जुलूस के मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के साथ यातायात को भी व्यवस्थित किया। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे जुलूस के दौरान स्थिति पर नजर बनाए रखी। पुलिस की सतर्कता और समाज के लोगों के सहयोग से जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय या निंदनीय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।

## आपसी सौहार्द का दिया संदेश

ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के अवसर पर निकले जुलूस के दौरान क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। मुस्लिम समाज के लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस में सहभागिता की। प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। बाणसागर, देवलोंद एवं बुढ़वा में जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्थिति सामान्य और नियंत्रण में रही।

## सुरक्षा जवान भर्ती एवं रोजगार पंजीयन हेतु जनपद पंचायत कटनी में शिविर आज

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को सुरक्षा के क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में जनपद पंचायत मुख्यालयों पर कमांडेंट प्रशिक्षण केन्द्र, अनूपपुर एवं एसआईएस लिमिटेड के द्वारा सुरक्षा जवान भर्ती एवं रोजगार पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती सुषमा विश्वकर्मा ने बताया कि इसी क्रम में गुरुवार 27 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी मुड़वारा में रोजगार शिविर आयोजित किया जाएगा।

# भराव के करीब बाणसागर बांध, तीन गेट खोले और बंद किए

## जलस्तर बढ़ने पर पावर हाउस की दो इकाइयां बंद

**बाणसागर/देवलोंद,।** बाणसागर बांध में लगातार बढ़ रही जल आवक के बीच जलस्तर को नियंत्रित रखने के लिए 24 अगस्त को तीन रेडियल गेट आधा-आधा मीटर खोले गए। जलस्तर और बांध की स्थिति सामान्य रहने पर 25 अगस्त को तीनों गेट बंद कर दिए गए। वहीं 26 अगस्त को बांध स्थल का जलस्तर बढ़कर 341.10 मीटर पहुंच गया। जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए पावर हाउस की दो इकाइयों को बंद कर दिया गया है। बांध में जल आवक की स्थिति को देखते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा समय रहते गेट खोलने का निर्णय लिया गया था। इसका उद्देश्य बांध के जलस्तर को नियंत्रित रखना और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पानी की सुरक्षित निकासी करना था। गेट खोले जाने के बाद जल निकासी की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी गई।

## आधा-आधा मीटर खोले गए गेट

24 अगस्त को अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में बांध के रेडियल गेट क्रमांक 9, 8 और 7 को आधा-आधा मीटर खोला गया। गेट खोलने से पहले विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। गेट खोले जाने के दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों के साथ नगर के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। इनमें ऋषभचारी, एसडीओपी ब्यौहारी, जियाउल हक खान, थाना प्रभारी देवलोंद, दिनेश शुक्ला, प्रधान आरक्षक, शिवपूजन तिवारी, एमपीएसईबी तथा सिद्धार्थ अग्निहोत्री, समाजसेवी सहित अन्य नागरिक शामिल रहे।

## अधिकारियों की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

गेट संचालन के दौरान जल संसाधन विभाग एवं बाणसागर परियोजना के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इनमें बी.के. सिंह, अधीक्षण यंत्री, पक्का बांध मंडल, जल संसाधन विभाग, बाणसागर-देवलोंद, यश के. शर्मा, कार्यपालन यंत्री, पक्का बांध, संभाग क्रमांक-3 तथा प्रणीष दुबे, कार्यपालन यंत्री, लाइट मशीनरी, जल संसाधन विभाग, बाणसागर-देवलोंद सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। इसके अलावा अनुभागीय अधिकारी जे.पी. पटेरिया, विवेक तिवारी, शुभम मिश्रा, प्रकाश धुर्वे, सत्यम नायक, राजेश यादव एवं आकाश पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी दल में अनमोल रतन शुक्ला, रामराजीवन कुशवाहा, गंगा कोल, समयलाल केवट, रामनरेश रौतेल, सोनू केवट, नथूनी कोल एवं रमेश केवट सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## 25 अगस्त को बंद किए गए तीनों गेट

24 अगस्त को गेट खोले जाने के बाद बांध के जलस्तर और जल निकासी की स्थिति पर लगातार नजर रखी गई। स्थिति सामान्य रहने पर 25 अगस्त को तीनों गेटों को पुनः बंद कर दिया गया। 25 अगस्त को उपलब्ध तकनीकी जानकारी के अनुसार बांध स्थल का लेवल 340.91 मीटर, बांध भराव 89.20 प्रतिशत, जल आवक लगभग 958 क्यूमेक्स तथा कुल डिस्चार्ज लगभग 185.83 क्यूमेक्स दर्ज किया गया था। पावर हाउस, हेड रेगुलेटर और अन्य निकासी मार्गों से संबंधित जल प्रवाह भी तकनीकी विवरण में दर्ज किया गया।

## 26 अगस्त को 341.10 मीटर हुआ जलस्तर

बांध में जल आवक जारी रहने के कारण 26 अगस्त को बांध स्थल का जलस्तर बढ़कर 341.10 मीटर पहुंच गया। जलस्तर में हुई वृद्धि को देखते हुए पावर हाउस की दो इकाइयों को बंद कर दिया गया है। बांध के जलस्तर और जल आवक की स्थिति पर विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## टीमवर्क से संभाली जा रही स्थिति

कार्यपालन यंत्री यश के. शर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन तथा सहयोगी एवं अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बाणसागर बांध में इस तरह की परिस्थितियों में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के समन्वय से टीमवर्क के रूप में कार्य करना आवश्यक होता है। बांध के जलस्तर, भराव और जल आवक की स्थिति को देखते हुए आगे भी आवश्यक तकनीकी निर्णय लिए जाएंगे। फिलहाल बांध की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जलस्तर को सुरक्षित एवं नियंत्रित रखने के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# जिले में अब तक 660.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 26 अगस्त तक कुल 660.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 909.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 1197.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है जहाँ अब तक 988.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। वहीं इस अवधि में जिले में सबसे कम वर्षा बड़वारा तहसील में हुई यहां 442.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 586.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 781.5 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 442.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 509.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 621.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 621.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 988.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 727.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के तहत कन्हवारा में शिविर आज

**कटनी।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के तहत कन्हवारा में प्रस्तावित शिविर कार्यक्रम की तिथि में परिवर्तन किया गया है। रक्षाबंधन के अवसर पर अवकाश होने के कारण कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अब शिविर शुक्रवार 28 अगस्त के स्थान पर गुरुवार 27 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। शिविर का आयोजन पंचायत भवन कन्हवारा में किया जाएगा। इसमें कन्हवारा, पिलौंजी, डिठवारा, जोबीकलां, खमतरा, पूंछी, बिस्तरा, कछगवां, जोबा, मतवार पड़रिया, पठरा, बडेरा एवं पटवारा पंचायतों के नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित लंबित प्रकरणों का अधिकतम निराकरण सुनिश्चित करने तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं।

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने पुलिस अधिकारियों व जवानों को बांधी राखी

**कटनी।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। समाज की सुरक्षा में दिन-रात तत्पर रहने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें स्नेह एवं आत्मिक सुरक्षा का अहसास कराने के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारी बहनें पुलिस थानों एवं पुलिस अधिकारियों के कार्यालय पहुंचीं। इस दौरान बीके दुर्गा बहन, नेहा बहन एवं प्रियंका बहन ने पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य सहित पुलिस अधिकारियों व जवानों को तिलक लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधी और मुंह मीठा कराया। बहनों ने पुलिसकर्मियों को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए उनके स्वस्थ, सुरक्षित, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।



ब्रह्माकुमारी बहनों ने कहा कि पुलिसकर्मी अपने परिवार से दूर रहकर भी समाज की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर उनके प्रति सम्मान, स्नेह और शुभकामनाएं व्यक्त करना इस पर्व की सार्थक पहल है। इस अवसर पर सुनील भाई एवं संस्कार भाई का विशेष सहयोग रहा।

## नवोदय विद्यालय के आवासीय घर में चोरी के प्रकरण में पुलिस अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**कटनी।** थाना बड़वारा क्षेत्र अंतर्गत स्थित नवोदय विद्यालय के आवासीय घर में चोरी की घटना संबंधी रिपोर्ट प्राप्त होने पर थाना बड़वारा में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। घटना के अनुसंधान के दौरान डॉग स्क्वायड एवं फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से परीक्षण कर महत्वपूर्ण भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। पुलिस टीम द्वारा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अन्य तकनीकी माध्यमों के आधार पर घटना में संलिप्त आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## आवश्यकता है

ऑफिस कार्य हेतु महिलाओं एवं युवतियों की योग्यता 10वीं, 12वीं मान्य, सैलरी 6000 कमीशन के साथ 10,000 से 15000 महीना कमाये। शीघ्र संपर्क करें:-8982665514, 8349969546 RN.-86745(1/9)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

गुप्त रोगों का स्थाई इलाज का एकमात्र संस्थान
हरिओम क्लीनिक
डॉ. एम.के. पाण्डेय (B.A.M.S.)
डॉ. आर.एल. इटार (रि.)
रिलायंस पेट्रोल पम्प के पीछे इन्द्रा नगर, रीवा (म.प्र.)
9425185686
9424708662
नोटः फोन करें साधन उपलब्ध


# महिला बाल अपराध एवं साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक



## सेठ बिहारी लाल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनुमना में प्राचार्य अर्जुन उपाध्याय की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

**हनुमना।** न्यायालय हनुमना के द्वारा सेठ बिहारी लाल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनुमना में एक दिवसीय महिला बाल अपराध एवं सायबर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जागरुकता प्रदान करने के लिए गवर्नमेंट लॉ कॉलेज मुंबई एंड एशियन स्कूल ऑफ सायबर लॉ से सर्टिफाइड सायबर क्राइम एक्सपर्ट मोहित मिश्रा एवं न्यायाधीश शत्रुघन आठिया मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस विशेष जागरुकता कार्यक्रम में न्यायाधीश शत्रुघन आठिया के द्वारा बच्चों को बहुत ही महत्वपूर्ण विधिक जानकारी प्रदान किया गया एवं सायबर क्राइम एक्सपर्ट मोहित मिश्रा के द्वारा आधुनिक समय में बढ़ रहे सायबर अपराध के बारे में बच्चों को बहुत ही कम शब्दों में और बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साथ बच्चों को टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल करने का तरीका भी बताया है और टेक्नोलॉजी के गलत इस्तेमाल के जरिए और अनभिज्ञता के कारण किस प्रकार बच्चे सायबर अपराध के शिकार हो जाते हैं और सायबर अपराध से कैसे बचा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चियों के द्वारा कुछ सवाल भी पूछा गया जिसका जवाब न्यायाधीश शत्रुघन आठिया के द्वारा बहुत ही अच्छे तरीके से दिया गया एवं बच्चों को संतुष्ट किया गया। स्कूल के प्राचार्य के साथ साथ सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं एवं समस्त बच्चों की मौजूदगी कार्यक्रम को सफल बनाया।

# प्रत्येक बाढ़ प्रभावित को मिलेगा मुआवजा : सिद्धार्थ



## लगातार मैदान में डटे विधायक, पीड़ितों से कर रहे मुलाकात

**त्योंथर ब्यूरो।** विधायक सिद्धार्थ तिवारी त्योंथर क्षेत्र में आई बाढ़ के बाद लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को भी एसडीएम, तहसीलदार एवं सीईओ सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रेरुआपुर्वा, गड़रपुर्वा, बहरइचा, सोनौरी इत्यादि ग्रामों में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से सीधे मिलकर हर संभव मदद की बात कही तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुए नुकसान का स्वयं जायजा लिया। विधायक श्री तिवारी ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बारीकी से त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में उत्पन्न बाढ़ की गंभीर परिस्थितियों से अवगत कराया है। मुख्यमंत्री स्वयं भी विधानसभा क्षेत्र की स्थिति पर निरंतर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन पूरी तत्परता के साथ राहत एवं बचाव कार्यों में जुटा है।

## शिवेंद्र तिवारी को भाजपा किसान मोर्चा का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई

**गंगेव।** भाजपा किसान मोर्चा में शिवेंद्र तिवारी को उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि शिवेंद्र तिवारी के संगठनात्मक अनुभव और सक्रियता से किसान मोर्चा को मजबूती मिलेगी तथा किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने में मदद मिलेगी।


**उत्तर मध्य रेलवे**

खुली निविदा सूचना सं: JHSW-M-S-RB-2026-27-8R1 दिनांक: 24.08.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अनुभवी या इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का नाम:** वैगन मरम्मत कार्यशाला, झाँसी में रोलर बियरिंग शॉप की पीओएच गैर-मुख्य गतिविधियों के दौरान विविध वैगनों के व्हील सेट के रोलर बियरिंग को खोलने, साफ करने और स्थानांतरित करने की आउटसोर्सिंग।

**कार्य की लागत :** Rs. 33,57,259.38 /- (18% जीएसटी सहित), **अग्रिम राशि :** Rs. 67,200/- **कार्य पूरा होने का समय** : बारह महीने, ऑनलाइन टेंडर क्लोजिंग डेट और समय : 17.09.2026 समय 16:00 बजे तक। निविदा और निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 1975/26 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

L.No.: JHS-ELG-W-T-12-2026-27 Date: 21.08.2026

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं.:** झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-12-2026-27 | **निविदा राशि:** रू. 62,31,256/- मात्र |
| **कार्य का विवरण:** विद्युत सामान्य कार्य: भाग-A: JHS डिवीज़न:- ग्वालियर में यात्री ट्रेनों के लिए त्वरित जल-भराव (क्विक वॉटरिंग) की सुविधा उपलब्ध कराना। भाग-B: JHS डिवीज़न:- बांदा (BNDA) में यात्री ट्रेनों के लिए त्वरित जल-भराव (क्विक वॉटरिंग) की सुविधा उपलब्ध कराना। | |
| **बयाना राशि:** रू. 1,24,600/- मात्र | **कार्य समापन अवधि:** 06 माह |
| **निविदा बंद होने की तिथि:** 14.09.2026 (15:00 बजे तक) | |

निविदाकार निविदा दिनांक 14.09.2026 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 1984/26 (PH)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

L. No. JHS-ELG-W-T-20-2026-27 Date:- 21.08.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं.:** झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-20-2026-27 | **निविदा राशि:** रू. 74,82,028/- मात्र |
| **कार्य का विवरण:** विद्युत सामान्य कार्य:- भाग-A: झांसी डिवीज़न: ADEN/GWL के तहत STLI-DHO और BLNR-UDMR सेक्शन में ज़रूरी सुविधाओं के साथ गैंग्स के लिए टूल-कम-रेस्ट रूम की व्यवस्था। भाग-B: झांसी डिवीज़न: ADEN/Line/JHS के तहत VGLJ-STLI सेक्शन में ज़रूरी सुविधाओं के साथ गैंग्स के लिए टूल-कम-रेस्ट रूम की व्यवस्था। भाग-C: झांसी डिवीज़न: Sr. DEN/N/JHS के तहत दतिया, अंतरी, ग्वालियर, सोनी और भिंड में ट्रैक मशीन डिपो स्टाफ़ के लिए रेस्ट रूम का निर्माण। भाग-D: झांसी डिवीज़न--ADEN/HQ-1/JHS के अधिकार क्षेत्र में CGN पर ट्रैक मशीन स्टाफ़ के लिए रेस्ट रूम और विभिन्न स्टेशनों पर रास्ते (पाथवे) की व्यवस्था। | |
| **बयाना राशि:** रू. 1,49,700/- मात्र | **कार्य समापन अवधि:** 06 माह |
| **निविदा बंद होने की तिथि:** 14.09.2026 (15.00 बजे तक) | |

निविदाकार निविदा दिनांक 14.09.2026 को 15:00 बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें।

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 1985/26(K)

**उत्तर मध्य रेलवे**

क्रमांक:-झाँसी/डब्ल्यू/टी/टेण्डर जनरल/193 दिनांक: 24.08.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| **ई-निविदा सूचना संख्या:** झाँसी-इन्जी.-सी-2026-193, **कार्य का नाम:** सप्लाई, स्टैकिंग एंड मेकेनाइज्ड लोडिंग ऑफ़ 150000 $m^3$ मशीन क्रश ट्रैक बलास्ट एज पर रेलवे स्पेसिफिकेशन आईआरएस-जीई-I-जून 2016 और लेटेस्ट एट खजरहा डिपो अंडर एडीईएन/ललितपुर सब डिवीजन। | |
| **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 8,18,79,000.00 | **अमानत राशि (₹)** ₹ 16,37,600.00 |
| **निविदा बन्द होने की तिथि :** 15.09.2026 at 15:00 hrs. | |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 15 माह। | |

(1) निविदा दिनांक 15.09.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। (2) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1979/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं.: JHS/Comm/e-Auction/26/157 दिनांक: 25.08.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| **श्रेणी:** पार्सल | **केटलोग संख्या:** JHS-Leasing-002 |
| **एसेट्स डिटेल्स:** (1) ट्रेन संख्या-22194 में 01 एसएलआर- एफ-I, (2) ट्रेन संख्या- 12176 में 01 एसएलआर- एफ-I, (3) ट्रेन संख्या- 11086 में 01 एसएलआर- एफ-I, (4) ट्रेन संख्या-12049 में 01 एसएलआर- एफ-I, (5) ट्रेन संख्या- 22198 में 01 एसएलआर- एफ-I, (6) ट्रेन संख्या 22195 में 01 एसएलआर- एफ-I, (7) ट्रेन संख्या-12320 में 01 एसएलआर- आर-I | |
| **ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय:** दिनांक 05.09.2026 को समय- 10:00 से | |
| **ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय:** दिनांक 05.09.2026 को समय- 11:30 तक | |

नोट- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1986/26 (A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं-C/JHS/158/GWL/WVMs/e-Auction/2026 दिनांक : 24.08.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

श्रेणी : Misc-Static-Service-वाटर वेंडिंग मशीन आवंटन

एसेट्स डिटेल्स : झाँसी मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशन पर वाटर वेंडिंग मशीन के ठेके हेतु ई-नीलामी : वाटर वेंडिंग मशीन का विवरण : वाटर वेंडिंग मशीन (WVM) को झाँसी मंडल के निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थापित किया जाना प्रस्तावित है: दतिया (DAA), महाराजा छत्रसाल छतरपुर (MCSC), भिण्ड (BIX), ललितपुर (LAR), महोबा (MBA), वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी (VGLJ), उरई (ORAI), डबरा (DBA), ओरछा (ORC), टीकमगढ़ (TKMG), बाँदा (BNDA), पुखरायाँ (PHN), एवं हरपालपुर (HPP), प्रत्येक स्टेशन पर WVM की स्थापना हेतु निर्धारित सटीक स्थान/साइट, संबंधित साइट प्लान/लोकेशन विवरण, जो IREPS मॉड्यूल में उपलब्ध है, के अनुसार होगी। बोलीदाताओं/इच्छुक पक्षों को सलाह दी जाती है कि निविदा/ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व IREPS मॉड्यूल का अवलोकन कर संबंधित स्टेशन के साइट प्लान/ड्राइंग में दर्शाए गए स्थान का ध्यानपूर्वक संदर्भ लें।

केटलोग संख्या : JHS-WVM-CIRCULA

ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांक 14.09.2026 को 10:00 बजे

ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांक 14.09.2026 को 12:30 बजे

नोट :- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केंवल ऑनलाइन वेवसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1982/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONC

# शासकीय भूमि पर कब्जा, मौके पर पहुंचे कलेक्टर



**जागरण जायजा**

## एसडीएम, तहसीदार एवं हल्का पटवारी ने भी लिया जायजा

## भूमाफिया ने 250 से अधिक लोगों को बेच दी है भूमि



जागरण, सीधी

शहर के सीधी खुर्द स्थित मोदी ग्राउंड से लगी करीब 10 एकड़ से अधिक शासकीय जमीन को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। जमीन के स्वामित्व और इसके बाद हुई सैकड़ों रजिस्ट्रियों को लेकर अब राजस्व विभाग ने जांच शुरू कर दी है। मामले का खुलासा होने पर कलेक्टर विकास मिश्रा, एसडीएम प्रिया पाठक, तहसीलदार राकेश शुक्ला, हल्का पटवारी जनार्दन मिश्रा ने मौके पर पहुंच राजस्व अभिलेखों से मिलान कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1980 तक उक्त भूमि शासकीय अभिलेखों में दर्ज थी, लेकिन बाद में यह जमीन निजी व्यक्ति के नाम कैसे दर्ज हुई और इसके बाद करीब 250 से अधिक भूखंडों की रजिस्ट्रियां किस आधार पर कराई गईं, यह जांच का प्रमुख विषय बन गया है। मामले में एसडीएम स्तर से जांच शुरू होने की बात सामने आई है। राजस्व विभाग द्वारा पुराने खसरा, खतौनी, नामांतरण आदेश, नक्शे सहित अन्य संबंधित अभिलेखों की जांच की जा रही है। जांच का मुख्य बिंदु यह है कि भूमि का स्वामित्व किस प्रक्रिया के तहत बदला गया और निजी व्यक्ति के नाम दर्ज होने के बाद भूखंडों की रजिस्ट्रियां किस आधार पर हुईं। बताया जा रहा है कि उक्त भूमि का वर्तमान बाजार मूल्य 25 करोड़ रुपये से अधिक है। ऐसे में शासकीय भूमि के निजी नाम पर दर्ज होने और उसके बाद बड़े पैमाने पर रजिस्ट्रियां होने के आरोप ने मामले को और गंभीर बना दिया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव रामचरण सोनी ने कहा कि सीधी में भू-माफियाओं की गतिविधियों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उनका आरोप है कि वर्ष 1980 में सीधी खुर्द की उक्त जमीन शासकीय थी और बाद में स्टेडियम के लिए आवंटित किए जाने की बात भी सामने आई थी। इसके बावजूद यदि इसी जमीन की 250 से अधिक रजिस्ट्रियां हुई हैं तो यह गंभीर मामला है इसकी जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शासकीय जमीन का निजी नाम पर नामांतरण किसके आदेश से हुआ, इसके बाद प्लाटिंग और बिक्री किस आधार पर हुई तथा पूरे मामले में जनप्रतिनिधियों और कथित भू-माफियाओं की क्या भूमिका रही, इसकी भी जांच होनी चाहिए। करीब 10 एकड़ से अधिक शासकीय भूमि का वर्तमान बाजार मूल्य 25 करोड़ रुपये से अधिक बताया जा रहा है। इतनी मूल्यवान जमीन के स्वामित्व परिवर्तन और उसके बाद बड़े पैमाने पर हुई रजिस्ट्रियों को लेकर राजस्व विभाग के पुराने रिकॉर्ड महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। राजस्व विभाग द्वारा पुराने खसरा, खतौनी, नक्शेए नामांतरण आदेश और अन्य अभिलेखों की जांच की जा रही है।

### पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने सरकार पर साधा निशाना

कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने भी मामले को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भू-माफियाओं को संरक्षण मिल रहा है। श्री पटेल ने कहा कि सीधी के कलेक्टर संवेदनशील अधिकारी हैं और उम्मीद है कि मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए यदि कोई अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर सहित जिले की शासकीय भूमि को सुरक्षित रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, भविष्य में किसी से शासकीय भवन के निर्माण को लेकर भूमि की आवश्यकता पड़ती है तो शासकीय भूमि के अभाव में विकास अवरुद्ध हो जाता है। उन्होंने कलेक्टर से उक्त मामले में तत्काल जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई है।

### जांच रिपोर्ट से खुलेगा राज

फिलहाल राजस्व अभिलेखों की जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि जमीन का मूल स्वामित्व क्या था, निजी व्यक्ति के नाम नामांतरण किस प्रक्रिया से हुआ और 250 से अधिक रजिस्ट्रियों के लिए क्या वैधानिक आधार था। यदि जांच में शासकीय भूमि के निजी नाम पर नियम विरुद्ध नामांतरण अथवा अभिलेखों में हेरफेर की पुष्टि होती है तो तत्कालीन जिम्मेदार अधिकारियों और भूमि की प्लाटिंग एवं बिक्री से जुड़े लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है। पूरे मामले में जांच रिपोर्ट और उसके आधार पर होने वाली प्रशासनिक कार्रवाई पर लोगों की नजरें टिकी हुई हैं।

# भैंस को बचाने के प्रयास में पलटा तेज रफ्तार ऑटो, एक की मौत, 8 घायल





**जागरण, सीधी।** बहरी थाना क्षेत्र के ग्राम टर्टी के पास बुधवार दोपहर करीब 1 बजे तेज रफ्तार ऑटो सामने आई भैंस को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार ग्राम छुहिया निवासी संत कुमार प्रजापति उम्र 48 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। घायलों में से आठ को उपचार के लिए जिला अस्पताल सीधी लाया गया, जहां दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें रीवा रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार ऑटो में करीब 20 लोग सवार थे। बुधवार दोपहर ऑटो टर्टी गांव के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान सड़क पर अचानक एक भैंस आ गई। चालक ने भैंस को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज रफ्तार के कारण ऑटो अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पलट गया। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में ग्राम छुहिया निवासी संत कुमार प्रजापति 48 वर्ष की गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में पुष्पा साकेत 42वर्ष, रानु पाण्डेय 47 वर्ष, प्रवीण साकेत 15 वर्ष, चंदन साकेत 16 वर्ष, आशा सेन 65 वर्ष, संत कुमार सोंधिया 42 वर्ष, पूजा सोंधिया 48 वर्ष समेत अन्य लोग घायल हुए हैं। बहरी थाना प्रभारी राजेश पाण्डेय ने बताया कि पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है और कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल सीधी पहुंचाया गया। उपचार के दौरान पुष्पा साकेत और रानु पाण्डेय की हालत गंभीर बताई गई। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए रीवा स्थित संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## विद्युत कार्यालय घेराव में पहुंचे कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों का संजय तिवारी और दिनेश गुप्ता ने जताया आभार



**जागरण, सेमरिया।** सेमरिया क्षेत्र में लंबे समय से बनी विद्युत समस्या को लेकर सोमवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा सेमरिया विद्युत वितरण केंद्र का घेराव एवं प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जिले सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन पहुंचे और विद्युत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम के दौरान मौसम खराब रहा और रिमझिम फुहार के साथ बारिश होती रहीए इसके बावजूद कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों का उत्साह कम नहीं हुआ। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी से विद्युत वितरण केंद्र परिसर में भीड़ बनी रही। इस दौरान जिले के वरिष्ठ नेताओं से लेकर कनिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के अनेक ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में बिजली की अनियमित आपूर्ति, बार-बार होने वाली विद्युत कटौती तथा अन्य समस्याओं को लेकर नाराजगी जताई। प्रदर्शन के माध्यम से विद्युत विभाग से क्षेत्र की विद्युत समस्याओं का शीघ्र निराकरण किए जाने की मांग की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं बड़ी संख्या में पहुंचकर समर्थन देने वाले कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के प्रति ब्लॉक महासचिव संजय तिवारी एवं मंडलम अध्यक्ष बढ़ौरा दिनेश गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने कहा कि बारिश के बावजूद जिस उत्साह और एकजुटता के साथ कार्यकर्ता एवं ग्रामीण कार्यक्रम में पहुंचे, वह क्षेत्र की विद्युत समस्या के प्रति उनकी गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणजनों को सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

## सेमरिया में मनाया गया ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का पर्व



**जागरण, सेमरिया।** मुस्लिम भाई के प्रमुख पर्व ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्यौहार बुधवार को सेमरिया क्षेत्र में श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस की याद में मनाया जाता है। इस वर्ष यह पर्व 26 अगस्त को मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुस्लिम भाई के लोगों द्वारा सेमरिया बाजार में शांतिपूर्ण रैली निकाली गई। रैली बिजली सबस्टेशन से प्रारंभ होकर हनुमानगढ़ रोड तक पहुंची। रैली के दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई लोग शामिल हुए और आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान माहौल शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण रहा। ईद-ए-मिलाद के अवसर पर मोहम्मद आबिद, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद मोहसिन, मोहम्मद सुलेमान, मोहम्मद अलीम सहित मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं व्यापारी संघ सेमरिया के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता एवं व्यापारी संघ के महासचिव विनोद गुप्ता, घनश्याम सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष प्रभात वर्मा ने भी मुस्लिम भाइयों से मुलाकात कर ईद-ए-मिलाद की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। रैली को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सेमरिया पुलिस एवं बम्हनी पुलिस के जवान भी मौके पर मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने बालिकाओं से की पढ़ाई की चर्चा



**जागरण, सीधी।** सिहावल क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कलेक्टर विकास मिश्रा ने समेकित बाल संरक्षण योजना अंतर्गत लाभान्वित बालिकाओं से मुलाकात कर उनकी पढ़ाई एवं भविष्य की योजनाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्हें निरंतर मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान योजना के तहत 4 हजार रुपये प्रतिमाह के मान से 24 हजार रुपये की सहायता राशि का भुगतान भी किया गया। कलेक्टर ने त्योहार के अवसर पर बालिकाओं को वस्त्र, फल एवं मिष्ठान भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने बालिकाओं को बेहतर शिक्षा के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करते हुए एक बालिका को जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए तैयारी करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई कर बालिकाएं अपने भविष्य को बेहतर दिशा दे सकती हैं। इस अवसर पर एसडीएम सिहावल राकेश शुक्ला, डीपीओ सीधी प्रवेश मिश्रा, सीडीपीओ सिहावल अनसूया बाजपेई एवं संबंधित पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## राखी मेले में स्व-सहायता समूहों के उत्पादों ने बिखेरी छटा



**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 23 से 25 अगस्त 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय आजीविका राखी मेले में स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी एवं बिक्री की गई। मेले में महुआ के लड्डू, महुआ बिस्किट, देसी अरहर की दाल, दलिया, मल्टीग्रेन आटा, कोदो, राखी, पंजा, दरी सहित अनेक स्थानीय उत्पाद नागरिकों के आकर्षण का केंद्र रहे। मेले में कुल 3 लाख 42 हजार रुपये की बिक्री दर्ज की गई। मेले में सीधी जिले के नागरिकों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू राम सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला तथा वरिष्ठ समाजसेवी देव कुमार सिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मेले का अवलोकन किया। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की गुणवत्ता, विविधता एवं आकर्षक पैकेजिंग की सराहना करते हुए उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने तथा शासन स्तर से हरसंभव सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया। मेले में जैविक कीटनाशक एवं खाद का स्टॉल लगाने वाली ग्राम मड़वा, विकासखंड रामपुर नैकिन की श्रीमती नीतू साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आजीविका राखी मेला उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने तथा प्रचार-प्रसार के लिए बेहद कारगर सिद्ध हुआ है।

# अतिवृष्टि प्रभावित ग्राम भितरी और पहाड़ी पहुंचे कलेक्टर

## नियमानुसार राहत प्रकरण तैयार कर प्रभावितों को शीघ्र लाभ दिलाने के दिए निर्देश



जागरण, सीधी

जिले में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में वर्षा से हुए नुकसान एवं राहत कार्यों की स्थिति का जायजा लेने कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने बुधवार को सिहावल क्षेत्र के ग्राम भितरी एवं पहाड़ी का भ्रमण किया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से चर्चा कर वर्षा से हुई क्षति की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि अतिवृष्टि से हुई क्षति का त्वरित एवं नियमानुसार आकलन कर राहत प्रकरण तैयार किए जाएं। पात्र प्रभावितों को शासन के प्रावधानों के अनुसार राहत राशि एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित परिवारों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाए और जहां तत्काल सहायता की आवश्यकता हो, वहां आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने क्षति के सर्वेक्षण में पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता बरतने तथा राहत प्रकरण तैयार करने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखी जाए तथा मकान, फसल, पशु अथवा अन्य किसी प्रकार की क्षति होने पर संबंधित विभाग द्वारा तत्काल मौके पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। प्रभावित लोगों को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराने के कार्य में किसी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। कलेक्टर के भ्रमण के दौरान उपखंड अधिकारी सिहावल राकेश शुक्ला सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मरीजों को फल, ब्रेड और बिस्कुट वितरित कर पेश की मानवता की मिसाल



**जागरण, सीधी।** सावन मास के पावन अवसर पर मानव सेवा की भावना को लेकर परिवार दिव्यांग कल्याण समिति सीधी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट में सराहनीय पहल की गई। समिति अध्यक्ष कुमुद सिंह संजीत, सह सचिव शशी सिंह एवं सदस्य प्रतिमा सिंह ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल, ब्रेड और बिस्कुट वितरित किए। समाजसेवियों ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराते हुए फल, ब्रेड एवं बिस्कुट के पैकेट वितरित किए गए। इस मानवीय पहल में अमन विश्वकर्मा का भी सराहनीय सहयोग रहा। समाजसेवियों की इस पहल से मरीजों और उनके परिजनों में खुशी देखने को मिली। अस्पताल स्टाफ एवं मरीजों ने समिति के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए इस तरह के सेवा कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। समिति अध्यक्ष कुमुद सिंह संजीत ने कहा कि जरूरतमंदों और मरीजों की सेवा करना ही सच्ची मानवता है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

## राजस्व कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: प्रिया



**जागरण, सीधी।** उपखंड अधिकारी गोपद बनास प्रिया पाठक की अध्यक्षता में 25 अगस्त को राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित कर राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में तहसीलदार गोपद बनास राकेश शुक्ला, नायब तहसीलदार गोपद बनास एकता शुक्ला एवं अमित दुबे सहित समस्त राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने तथा लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विजयपुर, तेंदुआ, हड़बड़ा, जमोड़ी कला, बरम बाबा, बेदूआ, मड़वा, करवाही, बतौली एवं महाराजपुर हल्कों में अपेक्षाकृत कम प्रगति पाए जाने पर संबंधित पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। एसडीएम ने समस्त पटवारियों को फार्मर रजिस्ट्री, सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई से संबंधित प्रकरणों में मौका स्थल पर जांच कराते हुए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्षा से क्षतिग्रस्त मकानों तथा प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति के प्रकरणों में भी तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर प्रभावितों को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में भू-आवंटन से संबंधित प्रकरणों तथा भू-अर्जन से संबंधित लंबित मुआवजा प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम प्रिया पाठक ने समस्त हल्का पटवारियों एवं राजस्व निरीक्षकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का गंभीरता एवं समयबद्धता के साथ निर्वहन सुनिश्चित करें।

# जिला न्यायालय के सामने महिला से कट्टा अड़ाकर लूट

## सुबह मंदिर जा रही 60 वर्षीय महिला को बाइक सवारों ने बनाया निशाना



जागरण, सीधी

जिला न्यायालय जैसे संवेदनशील इलाके के सामने मंगलवार सुबह बाइक सवार बदमाशों ने 60 वर्षीय महिला को कट्टा अड़ाकर दिनदहाड़े लूट लिया। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बदमाश महिला से कान का बाला, दो अंगूठियां, मोबाइल और टिफिन सहित अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। वारदात के बाद कोतवाली पुलिस दिनभर आरोपियों की तलाश में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालती रही। जानकारी के अनुसार अर्जुन नगर निवासी कमला सिंह आनंद बहादुर सिंह मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे घर से शास्त्री नगर मोहल्ला स्थित मंदिर में पूजा करने पैदल जा रही थीं। इसी दौरान सर्किट हाउस मार्ग पर जिला न्यायालय के उत्तरी गेट के सामने शास्त्री नगर मोड़ के पास बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि बाइक से एक युवक पहले उतरा और पैदल महिला का पीछा करने लगा। न्यायालय के गेट के सामने हल्की बूंदाबांदी के बीच अपेक्षाकृत सूना स्थान देखकर उसने महिला को रोक लिया और बातचीत शुरू कर दी। आरोपी ने महिला से पूछा कि यहां कोई डॉक्टर आता है क्या। महिला ने जानकारी होने से इनकार किया। इसी बीच पीछे से बाइक पर दूसरा युवक भी वहां पहुंच गया। आरोप है कि दोनों युवकों ने महिला को कट्टा अड़ाकर धमकाया और उसके पहने हुए आभूषण उतरवा लिए। मोबाइल और टिफिन भी छीन लिया।

> घटना की शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और महिला से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों के हुलिए और बाइक के आधार पर भी उनकी तलाश की जा रही है। कुछ संदिग्ध नजर भी आए हैं। मामले की गहनता से पड़ताल की जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> **दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, थाना प्रभारी कोतवाली**

### हेलमेट,कपड़े से ढका था चेहरा

वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपी हेलमेट लगाए हुए थे और मुंह भी ढक रखा था, जिससे उनकी पहचान करना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। हालांकि पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है। कलेक्ट्रेट तिराहे और कॉलेज के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में बाइक सवार संदिग्ध दिखाई दिए हैं। वहीं बस स्टैंड के पास लगे कैमरों में उनकी गतिविधि सामने नहीं आई है। पुलिस अब अलग-अलग स्थानों के कैमरों की फुटेज को जोड़कर आरोपियों की आवाजाही का रूट तलाश रही है।

## चुरहट में मनाया गया ईद मिलादुन्नबी का त्योहार



**जागरण, सीधी।** चुरहट नगर परिषद में ईद मिलादुन्नबी का त्योहार काफी बृहद रूप से मनाया गया। सर्वप्रथम ईद मिलादुन्नबी का जुलूस जामा मस्जिद चुरहट से शुरू होकर फतेह रोड होते हुए पुराना बस स्टैंड बिठी रोड व सीधी रोड होते हुए चुरहट थाने के पास कब्रिस्तान में समाप्त किया गया, इस जुलूस में नगर परिषद के व्यापारी वर्ग व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस जुलूस में पुलिस बल काफी सक्रियता के साथ चला रहा। चुरहट थाना प्रभारी स्वत: इसकी कमान संभाल रही थी। इस कार्यक्रम में नगर परिषद चुरहट के समाजसेवी विजय गुप्ता, सुखनंदन सोनी, अभिमान सिंह, जगदीश गुप्ता, इकरामुल हसन, दिलदार खान, शब्बीर खान, शेर खान, वाहिद खान, जलील खान, हैदर खान, मोहम्मद गनी, मोहम्मद तालीम, मोहम्मद शरीफ मंसूरी की उपस्थिति रही।

# मझौली की जन सुनवाई बनी मजाक, नहीं पहुंच रहे मुख्य अधिकारी

## आवेदन लिए इंतजार करते रहे दूर दराज से आए फरियादी

## आरआई और तहसीलदार तक सिमटी जन सुनवाई




जागरण, मझौली

शासन के निर्देशानुसार लोगों के समस्याओं को समाधान करने के लिए माह के प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 11 से 1 जिला पंचायत सहित ब्लॉक स्तर में जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। भले ही चाहे समस्या का समाधान ना हो पा रहा हो पर जिले में प्रमुख अधिकारियों के उपस्थिति में सुनियोजित ढंग से जनसुनवाई संपन्न हो रही है। लेकिन मझौली उपखंड में आयोजित होने वाली जनसुनवाई विगत कुछ वर्षों से मजाक बन कर रह गई है। जो भी अधिकारी आते हैं पूर्व के अधिकारी से एक कदम आगे निकल रहें हैं। सेवा निवृत्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मझौली आरपी त्रिपाठी अधिकारी भले ही चाहे लोगों की समस्या का समाधान ना कर पाते रहे हो। पर फरियादियों के सामने जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों को इतना फटकार लगा दिया करते थे कि फरियादी को 50 प्रतिशत तक की संतुष्टि तुरंत हो जाती थी। लेकिन उनके सेवानिवृत होते ही एक ऐसे अधिकारी जो यहां आने से पूर्व चर्चा का विषय बने हुए थे कि काफी तेज तर्राट पूर्व एसडीएम राजावत जैसे हैं। जिनके आगवन पर लोग काफी उत्साहित एवं खुश थे। लेकिन 1 महीने में ही पूर्व एसडीएम आरपी त्रिपाठी जो अधिकांश जनसुनवाईयों में उपस्थित रहकर लोगों की समस्या सुना करते थे जहां 50 प्रतिशत तक विभागीय अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहा करते थे लेकिन उनके सेवानिवृत हो जाने के बाद आयोजित जनसुनवाई बद से बद्तर होती जा रही है। यहां तो अन्य विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को छोड़िए प्रमुख अधिकारी ही जनसुनवाई से दूरी बनाए रहते हैं। आयोजित जनसुनवाई केवल पटवारी, आरआई एवं तहसीलदार तक सिमिट कर रह जाती है। यह जनसुनवाई लोगों की समस्या समाधान के लिए नहीं बल्कि दो-तीन घंटे तक अधिकारियों-कर्मचारियों के गपशप के लिए माध्यम बनकर रह गई है। 40-50 किलोमीटर की दूरी तय कर जनसुनवाई में पहुंच रहे लोगों को अधिकारियों से मुलाकात ना होने पर निराश होकर लौटना पड़ रहा है। बताया व देखा जा रहा है कि आफिस कार्यालयों की बात ही छोड़िए जनसुनवाई तक में भी समय से व नियमित रूप से प्रमुख जिम्मेदार अधिकारी तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। अन्य विभागों के तो पूर्व की तरह निरंतर दूरी बनाए हुए हैं भले ही चाहे प्रतिबिंब रूप में दैनिक वेतन भोगी या गैर जिम्मेदार व्यक्ति को कभी-कभी भेज कोरम पूर्ण किया जाता हो लेकिन कई विभागों के जिम्मेदार अधिकारी कभी भी जनसुनवाई में नहीं देखे जा रहे है। फिर भी इनके खिलाफ किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जिससे जनसुनवाई प्रभारी के कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# चिंताजनक है प्रदर्शन स्थलों पर बायोमेट्रिक निगरानी

*चेहरे की पहचान तकनीक हमारे रोजमर्रा के जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। अधिकांश उपयोगकर्ता अपने फोन में मौजूद फेशियल स्कैनर को खोलते ही इस पर ध्यान नहीं देते। एयरपोर्ट सुरक्षा और बास्केटबॉल मैचों की सुरक्षा लाइनों में भी चेहरे की पहचान तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। मनोरंजन उद्योग में भी यह तकनीक तेजी से विकसित हो रही है, क्योंकि कई स्थानों पर सुरक्षा उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग शुरू हो गया है। लेकिन जैसा कि प्रौद्योगिकी के साथ हमेशा होता है, निजी कंपनियों और सरकार दोनों द्वारा इसके दुरुपयोग और गलत इस्तेमाल की संभावना बनी रहती है।*

*फिलहाल सरकार राजनीतिक प्रदर्शनों को सर्चेबल बायोमेट्रिक सर्विलांस के तहत लाने की तकनीकी क्षमता को सामान्य प्रक्रिया करार दे रही है, जबकि अभी तक कानूनों और न्यायिक प्रावधानों के जरिए यह तय नहीं किया गया है कि किन हालात में राज्य ऐसा कानूनी तौर पर कर सकता है। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के बयानों के उलट, कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध-प्रदर्शनों में शामिल लोगों के साथ बदसलूकी और अत्यधिक बल प्रयोग की बात से लगातार इनकार किया है, लेकिन जिस समय प्रदर्शन चल रहे थे मौके पर चेहरा पहचानने वाले उपकरण मौजूद थे। भारत के सुप्रीम कोर्ट को दिये गये अपने हलफनामे के मुताबिक, पुलिस ने एक चेहरा पहचान प्रणाली (डेटाबेस से मिलान के वास्ते वास्तविक समय में चेहरों को स्कैन करने के लिए कृत्रिम बुद्धि वाले कैमरों सहित), एक चलायमान सर्विलांस वैन और एक कमांड व कंट्रोल वाहन, आते-जाते लोगों की शिनाख्त करने के लिए स्मार्ट चश्मा, और ड्रोन व वीडियोग्राफरों को तैनात किया था। हालांकि वैन और चश्मों को निजी ठेकेदारों से संबद्ध बताया गया है। पुलिस ने इस विषय पर भी कोई जानकारी नहीं दी है कि क्या कैमरों की जद में आने वाले हर व्यक्ति की सचमुच बायोमेट्रिक प्रोसेसिंग की गयी थी। भले ही पुलिस ने निष्फल रही जांचों से जुड़ी तस्वीरों को हटा दिया हो, लेकिन यह बात चिंताजनक है कि उस डेटा तक ऐसे निजी ठेकेदारों की पहुंच रही हो सकती है, जिनके कामकाज की शर्तें अस्पष्ट हैं।*

*बहरहाल, चेहरा पहचान प्रणालियों के इस्तेमाल को नियंत्रित करने वाला कोई कानून नहीं है; डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, जिसकी डेटा-प्रोसेसिंग संबंधी कानूनी बाध्यताएं अभी तक लागू नहीं हुई हैं, में भी सरकारी एजेंसियों को व्यापक छूट दी गयी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की स्वचालित चेहरा पहचान प्रणाली का इस्तेमाल अपराधियों, अज्ञात लाशों वगैरह की शिनाख्त करने के लिए किया जा सकता है, और आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम 2022 ने ऐसे रिकॉर्डों की सूची का विस्तार किया है, जिन्हें पुलिस निर्दिष्ट लोगों से इकट्ठा कर सकती है। हालांकि, इन कार्रवाइयों की इजाजत अब भी लोगों के निर्दिष्ट समूहों के संबंध में ही है।*

*ऐसे में पुलिस की कार्रवाई की संवैधानिक वैधता का सवाल अपनी जगह महत्वपूर्ण है, इससे संभावित भागीदारों में पैदा होने वाला डर विरोध करने के अधिकार को भी सीमित कर सकता है। निजता के अधिकार में दखल देते समय राज्य को एक सुस्थापित आनुपातिकता जांच में पास होना पड़ता है। पहला ही सवाल- किसी जायज उद्देश्य का होना, चेहरा पहचान के सामूहिक इस्तेमाल के सामने अहम चुनौतियां खड़ी करता है, साथ ही यह टेक्नोलॉजी डेटा कैप्चर के समय निर्विचार ढंग से काम करती है।*

*हालांकि पुलिस के पास निगरानी के लिए एक कम पाबंदियों वाला, लेकिन उतना ही असरदार विकल्प मौजूद है (उदाहरण के लिए, पारंपरिक पुलिसिंग)। सभी प्रदर्शनकारियों पर चेहरा पहचान तकनीक के इस्तेमाल को सही ठहराने के मुद्दे पर अभी बहुत सारे सवाल अनुत्तरित है, जिनमें डेटा-प्रोसेसिंग समझौतों, डेटा तक पहुंच, बड़े निर्णयों को मंजूरी देने वाले कानूनी प्रावधानों और गलत शिनाख्त होने के खतरों से जुड़े सवाल शामिल हैं।*

## प्रसंगवश

# जेन-जी से संवाद वोट बैंक को साधने की कवायद

*अब केंद्रीय मंत्री देश के विश्वविद्यालयों में जाएंगे, पूरा दिन खर्च करेंगे, जेन-जी के चेहरों से संवाद करेंगे, उनकी तकलीफें, समस्याएं, खामियां जानने की कोशिश करेंगे, अपनी सरकार की नीतियां, योजनाएं भी साझा करेंगे और इस तरह एक व्यापक वोट बैंक के छिटकने की संभावनाओं को कम करेंगे। क्या ऐसे प्रयास, प्रत्येक सरकार के स्तर पर, निरंतर और सिलसिलेवार नहीं किए जाने चाहिए? यह योजना भी प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर शुरू की जा रही है। प्रधानमंत्री ने देश में जेन-जी के आक्रोश, गुस्से और आंदोलनों को भांप, समझ लिया है, लिहाजा मंत्रियों की यूनिवर्सिटीज में प्रवास की नौबत आई है। यही नहीं, प्रधानमंत्री ने ऐसे भी निर्देश मंत्रियों को दिए हैं कि वे लगातार फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, एक्स, लिंक्डइन आदि सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहें और युवाओं से संवाद करते रहें। लोकतंत्र में ऐसे जनसंपर्क, जनसंवाद जरूरी भी हैं, लेकिन वे नियमित होने चाहिए।*

*अब जब जेन-जी के साथ-साथ जेन-अल्फा (स्कूली छात्र) भी देश के विभिन्न हिस्सों में आंदोलित हैं, तो प्रधानमंत्री मोदी को संवाद का यह 'अग्निपथ' सूझा है। हम इसे लोकतांत्रिक सरकार का गलत निर्णय नहीं मानते, लेकिन मंत्रियों का फोकस सोशल मीडिया और जेन-जी पर ही टिका रहेगा, तो मंत्रालयों पर ध्यान कौन देगा? मंत्रालयों के अपरिहार्य, नीतिगत निर्णयों को कौन क्रियान्वित करेगा? मंत्री की प्राथमिक और संवैधानिक जवाबदेही तो मंत्रालय के प्रति होनी चाहिए। उसी के आधार पर वह जनता के प्रति जवाबदेह साबित हो सकता है। मंत्रियों को चुनावों के मद्देनजर वोट बैंक को बचाने की कवायद में जुटना पड़ेगा, तो जाहिर है कि मंत्रालय और सरकार के बुनियादी काम प्रभावित होंगे।*

*जेन-जी वह पीढ़ी है, जिसका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ है। इसकी आबादी करीब 37-40 करोड़ मानी जाती है। यह देश में कोई भी परिवर्तन करने में सक्षम है, क्योंकि इनमें से अधिकांश 2029 के लोकसभा चुनाव में मतदाता होंगे। बहरहाल देश में फिलहाल 57 केंद्रीय विश्वविद्यालय और 522 राज्य विश्वविद्यालय हैं। उनके अलावा, 420-450 निजी तथा करीब 125 डीम्ड यूनिवर्सिटी हैं। केंद्रीय मंत्री करीब 1300 विश्वविद्यालयों में जाएंगे और जेन-जी से संवाद कर उन्हें शांत और संतुष्ट करने की कोशिश करेंगे। विचारणीय है कि यदि प्रधानमंत्री मोदी के 12-साला कालखंड में भी शिक्षा-व्यवस्था और खासकर स्कूलों की दुरावस्था पर गंभीर ध्यान दिया जाता, तो मंत्रियों को भी 'कंटेंट क्रिएटर' बनने की हास्यास्पद नौबत नहीं आती। शिक्षा की संपूर्ण व्यवस्था और बुनियादी ढांचा ही जर्जर है। हमारी बुनियादी शिक्षा ऐसी है कि कक्षा-3 के 75 फीसदी बच्चे, कक्षा-5 के 50 फीसदी और कक्षा-8 के 25 फीसदी छात्र कक्षा-2 की पुस्तक पढ़ने में असमर्थ पाए गए। यह 'प्रथम' एनजीओ की 2014-15 की सालाना रपट का निष्कर्ष है। भारतीय स्कूलों की गुणवत्ता का अध्ययन किया गया, तो 110 देशों में भारत का स्थान नीचे से दूसरा था। यह घोर निराशाजनक और भयानक आंकड़ा है। राजधानी दिल्ली में एक अध्ययन कराया गया था, जिसमें करीब 54 फीसदी बच्चे ही कुछ वाक्य पढ़ने में समर्थ रहे। चिंतनीय तथ्य यह है कि शिक्षा पर जीडीपी का 4.5 फीसदी बजट दिया गया था, जिसे घटा कर 2.6 फीसदी कर दिया गया है। सरसंघचालक मोहन भागवत भी कहते रहे हैं कि यह बजट कमोबेश 6 फीसदी होना चाहिए। नीति आयोग की रपटों में ही यह तथ्य सामने आया है कि देश के हजारों स्कूलों में बच्चों के लिए पेयजल, शौचालय की बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। अध्यापकों को घोर अभाव और संकट है, लिहाजा देश भर में आंदोलन किए जा रहे हैं।*



*विश्व बैंक का 'लर्निंग पावर्टी इंडेक्स', कोरोना महामारी के बाद, बढ़ कर करीब 70 फीसदी हो गया है। अर्थात 10 साल के अधिकांश बच्चे सरल पाठ नहीं पढ़ पाते। हमारी शिक्षा-प्रणाली सिर्फ रटने की विद्या सिखाती है, नतीजतन करीब 80 फीसदी स्नातकों को एक अच्छी नौकरी नहीं मिल पाती। बेरोजगारी बढ़ने का बुनियादी कारण यह भी है कि हमारे स्नातक स्तर के युवा 'कौशलहीन' हैं। करीब डेढ़ करोड़ युवा औसतन हर वर्ष स्नातक की डिग्री लेते हैं। करीब 48 फीसदी छात्र 12वीं तक अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पाते। उसके कई कारण हैं। ऐसे दयनीय हालात में जेन-जी का आक्रोश फूटा है, जिसे सहजता या संवाद से ही शांत कर पाना मंत्रियों के लिए एक चुनौती साबित होगा।*

## जनविश्वास की रक्षा

### सूचना युद्ध दिमाग को हथियार बनाने वाले परिष्कृत युद्ध की शक्ल ले रहा

# राष्ट्र को कमजोर कर रही दिमागी जंग


**अजय कुमार**

जन विश्वास एक रणनीतिक राष्ट्रीय संपत्ति है और जानबूझकर बढ़ाई गई बात से असली सार्वजनिक चिंताओं को अलग कर लेने की नागरिकों की क्षमता संकट के दौरान किसी राष्ट्र की मजबूती को प्रभावित करती है। सूचना के युद्ध पर होने वाली अधिकांश चर्चा फेक न्यूज, डीपफेक और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) द्वारा निर्मित सामग्री के इर्द गिर्द रहती है, जिसे झूठ फैलाने के लिए गढ़ा जाता है। ये खतरे असली तो हैं मगर गुजरे जमाने की बात बनते जा रहे हैं। आज सूचना युद्ध दिमाग को हथियार बनाने वाले अधिक परिष्कृत युद्ध की शक्ल ले रहा है, जिसका मकसद लोगों को किसी झूठी कहानी पर यकीन दिलाना ही नहीं है बल्कि यथार्थ को देखने का उनका तरीका ही बदल देना है। इसके लिए वे जिस पर ध्यान देते हैं, जिस पर विश्वास करते हैं, साक्ष्यों को जैसे तोलते हैं और जिस तरह फैसले लेते हैं, सीधे उन पर ही असर डाला जाता है। अब केवल सूचना नहीं बल्कि इंसानी दिमाग और फैसले लेने के लिए उसमें चलने वाली प्रक्रियाएं युद्ध का मैदान बन गई हैं।

जेनरेटिव एआई से भरोसेमंद लगने वाली फर्जी सामग्री बिना खर्च तैयार हो जाती है। परंतु असली बदलाव प्रौद्योगिकी में नहीं बल्कि रणनीति में आया है। प्रभावित करने वाले आधुनिक तरीकों में अक्सर झूठ नहीं गढ़े जाते। वे राजनीतिक असहमति, आर्थिक चिंताओं या संस्थाओं पर अविश्वास जैसी आधुनिक सामाजिक दरारें पहचानते हैं और उन्हें बिल्कुल वैसे ही बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं, जैसे मैग्नीफाइंग ग्लास किसी दरार को बड़ा दिखा देता है।

इस तरह हकीकत का कोई एक हिस्सा इतना बड़ा बना दिया जाता है कि वही हकीकत लगने लगता है। यहां मकसद कोई नई दरार बनाना नहीं है, बल्कि लोगों का ध्यान पहले से मौजूद दरार की ओर ले जाना है और नजर के धोखे की तरह उसे बड़ा दिखा देना है। गढ़ी हुई झूठी बात से ज्यादा मुश्किल है बढ़ाकर बताई गई बात से मुकाबला करना क्योंकि यह बात पहले से मौजूद हकीकत पर आधारित होती है। गढ़ी हुई बात को आखिर में गलत साबित किया जा सकता है। बढ़ा चढ़ाकर कही बात में सच वही रहता है किंतु उसके एक हिस्से को ही बार-बार बढ़ाकर दिखाने से हमारी धारणा इस बारे में बदल जाती है कि जरूरी क्या है, सही क्या है और तात्कालिक क्या है।

यह बदलाव सोशल मीडिया के नए रूप से भी साबित हुआ है। एक दशक पहले ये प्लेटफॉर्म मुख्यतः लोगों को उनके दोस्तों और उन अकाउंट्स से जोड़ते थे, जिन्हें लोग खुद चुनते थे। आज ये प्लेटफॉर्म ही तय करते हैं कि उपयोगकर्ता क्या देखें। टिक टॉक ने शॉर्ट वीडियो और अपने




'फॉर यू' फीड के जरिये सोशल मीडिया को बदल दिया। इस फीड में एल्गोरिद्म सामग्री इस आधार पर नहीं सुझाते हैं कि उसे किसने बनाया है बल्कि यह देखकर सुझाते हैं कि वह कितना ध्यान खींच सकती है। इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब शॉर्ट्स और एक्स भी इसी मॉडल पर चले हैं।

यह बात मायने रखती है क्योंकि इंसानी दिमाग लिखे हुए के बजाय चेहरों, आवाजों और चलती-फिरती छवियों पर ज्यादा तीव्र और भावुक प्रतिक्रिया देता है। अनंत स्क्रॉलिंग, ऑटो-प्ले और आसान शेयरिंग के साथ सामग्री सुझाने की इस प्रणाली ने सोशल नेटवर्क्स को अटेंशन नेटवर्क्स में बदल दिया है, जिससे बातों को ज्यादा तेजी से, ज्यादा दूर तक और ज्यादा ताकत के साथ फैलाया जा सकता है।

दिमाग और समझ का युद्ध एक कदम आगे जाता है। बढ़ाकर दिखाई गई बात ध्यान खींचती है मगर दिमागी जंग निर्णय लेने की क्षमता ही कम कर देती है। अब मकसद यह नहीं रह गया है कि लोगों को कोई बात स्वीकार करने के लिए मनाया जाए बल्कि मकसद किसी बात को आंकने का उनका आत्मविश्वास ही खत्म कर देना है। कल्पना कीजिए कि रोजाना आपके सामने अंतहीन वीडियो, विशेषज्ञों के दावे, प्रति दावे, छेड़छाड़ की गई तस्वीरें, संदर्भ से काटकर पेश की गई असली फुटेज, एआई-निर्मित सामग्री और गढ़े हुए फैक्ट-चेक आएं।

व्यक्तिगत रूप से इनमें से बहुत कुछ अविश्वसनीय लग सकता है। लेकिन सामूहिक रूप से यह भ्रम पैदा करता है। धीरे-धीरे लोग यह पूछना बंद कर देते हैं कि सच क्या है और यह पूछने लगते हैं कि क्या किसी बात पर भरोसा किया जा सकता है। यही बदलाव रणनीतिक उद्देश्य है। दुश्मन के लिए किसी खास झूठ पर भरोसा करने वाली आबादी से ज्यादा काम की वह आबादी होती है, जो किसी पर भी भरोसा नहीं करती। खास झूठ पर भरोसा करने वाली आबादी को इकट्ठा करना, भरोसा दिलाना या संकट के समय एकजुट करना ज्यादा मुश्किल होता है।

एआई इस बदलाव को रफ्तार दे रहा है। यह हजारों मनचाहे संदेश तैयार कर सकता है, पहचान सकता है कि कौन सी बात से सबसे ज्यादा जुड़ाव होगा और उन्हें अलग-अलग दर्शकों, भाषाओं तथा भावनाएं उभारने वाले तत्वों के हिसाब से बदलता रह सकता है।

अगला चरण है एजेंटिक एआई। इसमें अकाउंट्स का नेटवर्क मानव नहीं संभालेगा बल्कि खुद चलने वाले एआई एजेंट लाखों निजी वार्तालाप को अंजाम देंगे, व्यक्तिगत प्रतिक्रिया के हिसाब से खुद को बदलेंगे, समय के साथ भरोसा जीतेंगे और धीरे-धीरे चुनिंदा बातों को आगे तक फैलाएंगे। दिमाग और समझ का युद्ध सतत, संवादात्मक तथा बेहद व्यक्तिगत हो जाएगा। इसके निहितार्थ बहुत बड़े हैं। जिस तरह पिछली पीढ़ियों ने सीमाओं की रक्षा के लिए सैन्य शक्ति तथा डिजिटल ढांचे की रक्षा के लिए साइबर ताकत तैयार की, उसी तरह इस युग में दिमाग और समझ को मजबूत बनाने की जरूरत है ताकि लोकतांत्रिक निर्णय की रक्षा की जा सके।

सबसे टिकाऊ रक्षा दिमाग और समझ को मजबूत बनाने में निहित है। इसमें नागरिकों को सिखाना होगा कि बात को कैसे बढ़ाकर दिखाया जाता है, संचार के विश्वसनीय तरीकों को मजबूत करना होगा और मतभेद होने पर भी सम्मान के साथ संवाद को बढ़ावा देना होगा। फिनलैंड के मीडिया साक्षरता मॉडल का अध्ययन किया जा सकता है। सूचना का युद्ध जब समझ के युद्ध में बदल रहा है तो पहली रक्षा पंक्ति केवल सीमा नहीं है बल्कि जानकारी से लबरेज नागरिक है। भरोसा करने से पहले रुकें, कुछ भी साझा करने से पहले भी रुकें।

**(लेखक यूपीएससी के चेयरमैन हैं और रक्षा सचिव रह चुके हैं।)**

## खुला मंच

# अच्छा जो देखन मैं चला

**गुरमीत बेदी**

बाकी लोग बुरे लोगों को देखते हैं और उन पर टिप्पणी करते हैं। पर मैं थोड़ा डिफरेंट किस्म का आदमी हूं। मैं अच्छे दिखने वाले लोगों की तलाश में निकला हूं और मेरा दोहा है- 'अच्छा जो देखन मैं चला', भले ही घर से भूखे चला। भले ही बीवी से लड़कर चला। भले ही अपने अधिकारी से पंगा लेकर चला। भले ही ड्यूटी से गायब होकर चला। लेकिन मैं चल तो पड़ा न!

तो दोस्तो, मैं अच्छा देखने चल पड़ा हूं, घर से निकला तो सबसे पहले सड़क पर बहुत बड़ा गड्ढा था। मैं पैदल चला और पुलिस वाले ने मेरा चालान काट दिया कि मैं गलत लेन में चल रहा था, तो मैंने पुलिस की ईमानदारी देख ली। फिर एक दफ्तर में मुझे थोड़ा-सा काम था। वहां एक बाबू ने कहा कि काम तो हो जाएगा, थोड़ी जेब गर्म करनी पड़ेगी। आगे बढ़ा तो बिजली विभाग का दफ्तर दिख गया। वहां लिखा था- 'जनसेवा ही हमारा धर्म है।' अंदर गया तो पता चला कि धर्म अभी लंच पर गया हुआ है। पानी विभाग पहुंचा तो उन्होंने बताया कि पानी की सप्लाई नियमित है, बस पानी अनियमित है। नगर परिषद वाले मिले तो बोले कि शहर पूरी तरह साफ है, गंदगी केवल जनता की सोच में है। मैंने उनकी दूरदर्शिता को नमन किया। रास्ते में एक बोर्ड दिखा- 'भ्रष्टाचार मुक्त कार्यालय।' मैं अंदर गया तो चौकीदार ने ही पूछ लिया, किसी की सिफारिश से आए हैं?' मुझे लगा कि यहां पारदर्शिता का स्तर बहुत ऊंचा है। थोड़ी दूर मीडिया वाले मिल गए। मैंने पूछा, 'सच कहां मिलेगा?' उन्होंने कहा, 'जिसके पास विज्ञापन ज्यादा होगा, सच भी वहीं मिलेगा।' मैं फिर आगे बढ़ गया। बैंक गया तो कैशियर ने कहा, 'सिस्टम डाउन है।' मैंने पूछा, 'कब तक ठीक होगा?' बोला, 'सिस्टम को भी कभी-कभी लोकतंत्र का आनंद लेने दीजिए।' मैं मुस्कुराकर बाहर निकल आया।

सोशल मीडिया खोला तो वहां हर आदमी देश बचा रहा था, जबकि उसके घर का कूड़ादान तीन दिन से भरा पड़ा था। हर दूसरा आदमी अर्थशास्त्री, तीसरा विदेश नीति विशेषज्ञ और चौथा क्रिकेट चयनकर्ता निकला। पांचवां आदमी मैं था, जो अच्छे आदमी की तलाश में घूम रहा था। शाम तक मेरे जूते जवाब दे चुके थे, लेकिन अच्छाई अभी भी फिट थी- कम से कम भाषणों, पोस्टरों, विज्ञापनों और उद्घाटन पट्टिकाओं में।

तभी अचानक एक छोटा-सा बच्चा मिला। उसने सड़क किनारे बैठे एक बुजुर्ग को अपनी पानी की बोतल दे दी। एक रिक्शेवाले ने बिना पैसे लिए एक बूढ़ी मां को घर छोड़ दिया। एक युवक ने सड़क पर गिरे अजनबी को उठाया और चुपचाप चला गया। तब मुझे लगा कि अच्छाई मरती नहीं।

## बदलती जीवनशैली

### सामान्य आबादी में अनिद्रा की संयुक्त अनुमानित दर 15.1 प्रतिशत पाई गई

# अच्छी नींद खोना बना राष्ट्रीय स्वास्थ्य संकट

**वीना गौतम**

डिजिटल दौर में बदलती जीवनशैली के चलते भारत में लोगों में पर्याप्त व गुणवत्तापूर्ण नींद की कमी की बात सामने आई है। दरअसल, देर रात सोने, बार-बार आंख खुलने व सुबह जल्दी उठ जाने के चलते नींद पूरी नहीं होती। इससे व्यक्ति सुबह तरोताजा महसूस करने व फोकस की कमी से जूझता है। यह आदत सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। मोबाइल फोन, देर रात स्क्रीन उपयोग, तनाव और शिफ्ट आधारित काम इसकी प्रमुख वजहें हैं। विशेषज्ञ नियमित नींद को स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य मानते हैं। रात के 11 बजे के बाद भी अब शहरों में ज्यादातर घरों की बत्तियां जलती रहती हैं। मोबाइल स्क्रीन पर अंगूठे चल रहे होते हैं, लैपटॉप खुले होते हैं, ओटीटी पर अगला एपिसोड शुरू हो चुका होता है, साथ ही अगले दिन की मीटिंग, परीक्षा या काम का तनाव दिमाग में घूम रहा होता है।

सवाल है, क्या भारत में नींद की कमी अब व्यक्तिगत आदत से निकलकर सार्वजनिक स्वास्थ्य की समस्या बन रही है? साल 2025 में एक होम इंटीरियर और स्लीप-सोल्यूशन कंपनी वेकफिट के वार्षिक सर्वे में 4500 से अधिक भारतीयों की नींद की आदतों का अध्ययन किया गया। हालांकि यह कोई सरकारी सर्वे नहीं, वेकफिट का वार्षिक इन-हाउस सर्वे है, इसलिए इसके आंकड़ों को पूरे भारत की आबादी का प्रतिनिधि आंकड़ा नहीं माना जाना चाहिए। फिर भी इससे भारत में बदलती नींद की आदतों की अहम तस्वीर सामने आती है। सर्वे में 58 प्रतिशत लोगों ने बताया कि वे रात 11 बजे के बाद सोते हैं, जबकि 44 प्रतिशत सुबह उठने पर तरोताजा महसूस नहीं करते। करीब 84 प्रतिशत लोग सोने से पहले फोन इस्तेमाल करते हैं और 51 प्रतिशत ने देर रात तक स्क्रॉलिंग या बिंज-वॉचिंग को देर तक जागने की वजह बताया।



**खराब नींद के संकेत**

दरअसल स्लीप क्राइसिस का अर्थ केवल कम घंटे सोना नहीं है। बार-बार नींद खुलना, सोने में बहुत देर लगना, सुबह जल्दी जाग जाना, सोने के बाद तरोताजा न महसूस करना और दिन में अत्यधिक नींद आना भी खराब नींद के संकेत हैं। भारत में उपलब्ध शोध को एक साथ देखने पर समस्या और गंभीर दिखाई देती है। साल 2025 में प्रकाशित एक भारतीय मेटा-विश्लेषण में 100 अध्ययनों को शामिल किया गया। इसमें सामान्य आबादी में अनिद्रा की संयुक्त अनुमानित दर 15.1 प्रतिशत, अवरोधक स्लीप एपनिया की 14.6 प्रतिशत और बेचैनी में पैर झटकने की 6.6 प्रतिशत पायी गई।

**नींद का सबसे बड़ा दुश्मन**

सवाल है, इस गायब होती नींद का सबसे बड़ा दुश्मन कौन है? निश्चित रूप से मोबाइल फोन। जिसने हमारे सोने और जागने की सीमा को लगभग मिटा दिया है। वेकफिट के सर्वे में सोने से पहले फोन इस्तेमाल करने का आंकड़ा उम्र समूह 25-30 में तो 90 प्रतिशत था। गुरुग्राम में 94 प्रतिशत और बंगलूरु में 90 प्रतिशत ने सोने से पहले फोन इस्तेमाल करने की बात कही।

**तकनीक और तनाव का दोहरा प्रभाव**

सर्वे में 59 प्रतिशत लोगों ने काम के दौरान दिन में नींद आने की बात कही। वहीं 35 प्रतिशत लोग भविष्य की चिंता के कारण रात में जागते रहते हैं यानी तकनीक और तनाव दोनों मिलकर नींद के समय को प्रभावित कर रहे हैं। वहीं नींद का संकट स्त्री और पुरुषों को समान रूप से प्रभावित नहीं करता। क्योंकि 2025 के इस सर्वे में 59 प्रतिशत महिलाओं ने रात 11 बजे के बाद सोने की बात कही, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 42 प्रतिशत ही था। इसलिए आधी महिलाओं ने सुबह थकान महसूस करने की बात कही, जबकि पुरुषों में यह तादाद 42 प्रतिशत थी।

**रात की शिफ्ट है बड़ी चुनौती**

आज की इस डिजिटल जीवनशैली के अलावा रात की शिफ्ट भी नींद की बड़ी चुनौती है। स्वास्थ्यकर्मियों, कॉल सेंटर कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मचारियों, ड्राइवरों और कई सेवा क्षेत्रों में रात की ड्यूटी सामान्य हो चुकी है। लगातार बदलती शिफ्ट शरीर के प्राकृतिक रिद्म को प्रभावित कर सकती है। यही कारण है कि नींद को केवल 'खाली समय में किया जाने वाला आराम' समझना गलत है।

**अपर्याप्त नींद से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं**

शरीर की जैविक घड़ी, हार्मोन, चयापचय और मानसिक स्वास्थ्य सभी नींद से जुड़े हैं। कम या खराब नींद का असर केवल ध्यान, प्रतिक्रिया की गति, निर्णय क्षमता और मूड पर ही नहीं पड़ता बल्कि इसका असर उच्च रक्तचाप, मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज, हृदय रोग और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। विशेषज्ञों के अनुसार, सात घंटे से कम सोने वाले वयस्कों में कई स्वास्थ्य समस्याओं की संभावना अधिक पायी जाती है।

**पर्याप्त नींद के मायने अलग**


इस सबके बीच यह भी समझना जरूरी है कि हर देर से सोने वाला व्यक्ति 'स्लीप-डिप्राइव्ड' नहीं होता। रात 11 बजे सोना अपने आप में बीमारी नहीं है। किसी व्यक्ति की नौकरी, जीवनशैली और उसकी जैविक घड़ी के अनुसार सोने का समय अलग हो सकता है। असली समस्या तब है, जब व्यक्ति को नियमित रूप से पर्याप्त नींद न मिले या पर्याप्त समय सोने के बाद भी वह तरोताजा न हो। इसी तरह सात घंटे का आंकड़ा सभी लोगों के लिए बिल्कुल समान नियम नहीं है। उम्र के अनुसार नींद की जरूरत बदलती है।

इस स्लीप क्राइसिस से निपटने के लिए हमें नींद को विलासिता नहीं, स्वास्थ्य की आवश्यकता मानना है। यदि लगातार खर्राटे, रात में सांस रुकने जैसी समस्या, या लंबे समय तक अनिद्रा बनी रहे तो इसे केवल 'तनाव' मानकर टालना उचित नहीं है। चिकित्सकीय मूल्यांकन जरूरी हो सकता है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की गाइडलाइंस के अनुसार विभिन्न समुदायों में किये गये अध्ययन के मुताबिक अवरोधक स्लीप एपनिया संयुक्त रूप से पुरुषों में लगभग 2.4-5 प्रतिशत और महिलाओं में 1-2 प्रतिशत पायी गई है। बहरहाल सवाल यह नहीं कि हम कितने घंटे सोते हैं बल्कि यह है कि क्या हमारी जिंदगी में नींद के लिए सचमुच जगह बची है?

## जीवन दर्शन

# मनुष्य का आविष्कार है प्रकृति का दोहन

'प्रकृति जीव उत्पन्न करती है, सृष्टि का संचार करती है, परन्तु मनुष्य पहले स्वयं को, फिर संसार को सुधारने निकल पड़ता है।' दुनिया में पहली दरार अपना स्थान बना चुकी थी। पृथ्वी पर एक अद्भुत शांति थी। नदियां बिना किसी परियोजना-रिपोर्ट के सरल भाव से बह रही थीं। पर्वत बिना उद्घाटन-समारोह के सिर उठाए खड़े थे। जंगलों को यह चिंता नहीं थी कि उनका सकल घरेलू उत्पाद कितना है। बादलों ने अभी तक मौसम विभाग की स्थापना नहीं की थी। सूरज प्रतिदिन बिना किसी प्रेस विज्ञप्ति के उगता था। चंद्रमा हर रोज़ बिना किसी सांस्कृतिक समारोह के घटता-बढ़ता रहता था। जीवन इतना स्वाभाविक था कि किसी जीव को यह सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी कि वह जीवित है। सभी जीव सहज भाव से अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे। किसी वृक्ष को अपनी हरियाली का प्रमाण नहीं देना पड़ता था। किसी नदी को अपने प्रवाह का। किसी पक्षी को अपने गीत का। कुछ इतिहासकार लिखते हैं कि प्रकृति अपनी रचनात्मकता की नई सीमा पर पहुंचना चाहती थी। कुछ का मत है कि वह यह देखना चाहती थी कि



बुद्धि, यदि स्वतंत्र छोड़ दी जाए, तो किस दिशा में जाती है। स्वयं प्रकृति ने इस विषय में आज तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। कारण जो भी रहा हो, प्रयोग आरंभ हुआ। और उसी से मनुष्य का जन्म हुआ। प्रारंभ में उसे भी भूख लगती थी। वह ऋतुओं के साथ ही जीता था। प्रकृति ने उसका रूप देखकर संतोष की सांस ली।

यदि इतिहास यहीं थम जाता, तो पृथ्वी शायद आज सबसे शांत ग्रह होती। किन्तु इतिहास कभी वहीं नहीं रुकता, जहां प्रकृति संतुष्ट हो जाए। एक दिन मनुष्य ने एक वृक्ष को देखा। वह देर तक उसे निहारता रहा। फिर उसने पहला प्रश्न पूछा, 'यह क्या है?' प्रकृति ने सहज भाव से उत्तर दिया, 'वृक्ष।' मनुष्य कुछ देर सोचता रहा। उसने उसकी शाखाओं, छाया, फलों को देखा। फिर दूसरा प्रश्न किया, 'इसका उपयोग क्या है?' उस क्षण वस्तुओं का जन्म नहीं, वस्तु-दृष्टि का जन्म हुआ था।

संसार पहले भी वही था, पर उसे देखने वाला बदल गया था। परिवर्तन वृक्ष में नहीं, दृष्टि में हुआ था। वृक्ष की पत्तियां हल्की-सी कांपीं। हवा कुछ क्षणों के लिए ठहर गई। क्योंकि इससे पहले किसी हिरण ने कभी वृक्ष से उसका उपयोग नहीं पूछा था। गौरैया ने केवल उसकी शाखा चुनी थी। बंदर ने उसका सहारा। हाथी ने उसके पत्ते और छाया। किसी ने भी वृक्ष को साधन नहीं माना था। वे सब उसके साथ रहते थे। किन्तु मनुष्य उसे केवल अपने लिए देखना चाहता था। यहीं पहली बार संसार को देखने की दो दृष्टियां जन्मीं। पहली- जो पूछती थी, 'तुम कौन हो?' दूसरी, जो पूछती थी, 'तुम मेरे किस काम आ सकते हो?' पहला प्रश्न संबंध बनाता था। दूसरा प्रश्न स्वामित्व की दिशा में पहला कदम था।

**पीए सिद्धार्थ**

## ॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**भोगैश्वर्यप्रसक्तानां तयापहृतचेतसाम? ।**
**व्यवसायात्मिका बुद्धिः समाधौ न विधीयते ॥**

**भावार्थ**

उस वाणी द्वारा जिनका चित्त हर लिया गया है, जो भोग और ऐश्वर्य में अत्यन्त आसक्त हैं, उन पुरुषों की परमात्मा में निश्चियात्मिका बुद्धि नहीं होती॥

## संक्षिप्त खबरें

### सशक्त महिला नेतृत्व तैयार करना है लक्ष्यः खंडेलवाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार का लक्ष्य महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ सक्षम महिला नेतृत्व तैयार करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी और सरकार की इस मंशा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करें। खंडेलवाल मंगलवार को पार्टी दफ्तर में महिला मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा की पदाधिकारियों की बैठकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केवल महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उद्देश्य ऐसा सशक्त महिला नेतृत्व तैयार करना है, जो आने वाले समय में बिना किसी की सहायता के अपनी योग्यता, क्षमता और मेहनत के दम पर देश और समाज का नेतृत्व करें। पार्टी कार्यकर्ता पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित सभी समाज वर्ग तक भाजपा सरकार की उपलब्धियां पहुंचाएं और संगठन को मजबूत बनाने कार्य करें। खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की संसद और प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का कानून बनाया है। सरकार में महिलाओं को नगरीय निकायों व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में महिलाओं को शासकीय नौकरियों में आरक्षण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, आवास, गैस कनेक्शन, डिजिटल लेन-देन, स्वच्छता और अन्य क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन हुआ है।

### वैश्विक मंच पर प्रतिभा साबित करना गर्व की बात

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से भोपाल निवासी प्रतिभाशाली छात्र राज सिंह लोधी ने सौजन्य भेंट कर ब्रिटेन स्थित प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में अपने चयन की जानकारी दी। मंत्री पटेल ने कहा कि कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद युवाओं का वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा साबित करना पूरे मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है। छात्र राज की यह सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। भोपाल के करोंद निवासी राज सिंह लोधी के पिता स्व. पूरन सिंह लोधी वाहन चालक थे, जबकि उनकी माता श्रीमती पूनम बाई लोधी सड़क निर्माण कार्य में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती हैं। आर्थिक चुनौतियों के बीच राज ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर देवी अहिल्या बाई विश्वविद्यालय, इंदौर से बी.बी.ए. एल.एल.बी. (ऑनर्स) की पढ़ाई पूरी की।

### बैठक में वरिष्ठ नेतृत्व का मिलेगा मार्गदर्शन

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा है कि ओरछा में 30 अगस्त से शुरू हो रही दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में वरिष्ठ नेतृत्व का मार्गदर्शन मिलेगा। पार्टी दफ्तर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तिथि पहले घोषित की थी, परंतु दतिया उपचुनाव के कारण आगे बड़ाई गई थी। यह बैठक ओरछा में 30 अगस्त को प्रातः 9 बजे शुरू होगी और 31 अगस्त को दोपहर 12 बजे समाप्त होगी। बैठक में केन्द्रीय मंत्री, कोर समिति, राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, संभाग प्रभारी और मोर्चो के अध्यक्ष सहित लगभग 300 नेतागण शामिल होंगे। खण्डेलवाल ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक मंथन किया जाएगा। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण, संगठन विस्तार एवं प्रशिक्षण सहित पार्टी की आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा होगी।

# उपभोक्ताओं को राशन में नहीं मिलेगी शक्कर 10 मैट्रिक टन का स्टॉक रख सकेंगे व्यापारी

## केंद्र के निर्देश में मप्र सरकार ने लिया निर्णय, प्रदेश के 72 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को होगी परेशानी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश की उचित मूल्य की दुकानें अब अति गरीबी कार्डधारी उपभोक्ताओं को 20 रुपए किलों के हिसाब से मिलने वाली शक्कर नहीं मिलेगी। यह निर्णय केन्द्र सरकार के निर्देश के बाद मध्यप्रदेश में लिया गया है। इसी तरह शक्कर के बड़े कारोबारी केवल एक महीने में 10 मैट्रिक टन शक्कर स्टॉक में रख सकते है, लेकिन उन्हें इसकी 15 दिन में बिक्री करनी होगी। जानकारी के अनुसार इस संबंध में केन्द्र सरकार ने राज्य शक्कर की कमी को लेकर कई निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि फिलहाल उचित मूल्य की राशन दुकानों के जरिए पात्र उपभोक्ताओं को शक्कर का वितरण बंद कर दें। इससे राज्य के लगभग 72 लाख से अधिक पात्र उपभोक्ताओं को अब राशन की दुकान से 20 रुपए प्रति किलो मिलने वाली शक्कर बंद हो जाएगी। इसी तरह केन्द्र ने अपनी एडवाइजरी में बड़े व्यापारियों या कारोबारियों को लेकर दिशा निर्देश दिए हैं। जिसमें स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि कोई भी बड़े शक्कर कारोबारी या व्यापारी अपने गोदामों में एक माह में 10 मैट्रिक टन से ज्यादा शक्कर का भंडारन नहीं कर सकेगा। उसे इतनी मात्रा में शक्कर 15 दिन के अंदर बिक्री करनी होगी। यदि निरीक्षण के दौरान निर्धारित मात्रा से ज्यादा शक्कर गोदामों में मिलती है, तो उसे सरकार जप्त कर सकती हैं।



### खरीद और खपत पर नजर

बताया गया है कि सरकार निर्धारित मात्रा से ज्यादा शक्कर का स्टॉक पर सरकार की नजर रहेगी। इसके लिए सरकार खरीददारों द्वारा खरीदी गई शक्कर और उनके खपत से जुड़े आंकड़ों का मिलान करेगी। इसके लिए चीनी मिलों के बड़े खरीदारों की हुई बिक्री और कारोबारियों के जीएसटी रिटर्न में दर्ज जानकारी का मिलान किया जाएगा। इसी तरह चीनी से जुड़े एचएसएन कोड की जानकारी का परीक्षण होगा, तो चीनी मिलों से हुई बिक्री का रिकॉर्ड का भी मिलान किया जाएगा। खरीददार से शक्कर खरीदने और उसकी खपत के बारे में जानकारी ली जाएगी।

### 1 सितंबर से लागू होगा नियम

केन्द्रीय खाद्य मंत्रालय का नया नियम 1 सितम्बर से लागू होगा। प्रदेश सरकार इसके लिए जल्द ही आदेश कर सकती है। यह नियम 30 नवंबर 2026 तक लागू रहेगा। दरअसल सरकार ने इससे पहले कारोबारियों के लिए चीनी का स्टॉक रखने की तय सीमा 30 दिन रखी थी, लेकिन जिस तरह से शक्कर की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई, उसके बाद सरकार ने निर्धारित समय सीमा घटाकर 15 दिन कर दी। इसके पीछे सरकार की मंशा शक्कर की आपूर्ति को सुनिश्चित करना और कालाबाजारी को रोकना है। दरअसल त्यौहारी सीजन में शक्कर की मांग बढ़ जाती है, ऐसे में बड़े शक्कर उपभोक्ता, जैसे बिस्किट, मिठाई और कन्फेक्शनरी बनाने वाली कंपनियां पहले से स्टॉक तैयार कर लेती है।

### तेजी से बढ़ी है कीमत

जानकारी के अनुसार बीते सप्ताह शुरूआत में शक्कर की कीमत 5,400 रुपए से 5,500 रुपए प्रति क्विंटल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। एक साल पहले यह कीमत करीब 3,900 रुपए प्रति क्विंटल थी, यानि कि एक साल में कीमतों में लगभग 38 से 41 प्रतिशत की बृद्धि हुई है। चीनी की बढ़ती कीमतों का असर खुदरा बाजार पर भी दिखाई दे रहा है। सरकारी आकंड़ों के मुताबित 18 अगस्त को शक्कर की औसत खुदरा कीमत 52,34 रुपए प्रति किलो थी यानि कि खुदरा कीमत में करीब 13 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। जानकारों का कहना है कि शक्कर की कीमतों में तेजी ऐसे समय आई हैं, जब इंडस्ट्री को उम्मीद है कि 1 अक्टूबर से शुरु हो रहे 2026-27 शुगर सीजन की शुरुआत में शक्कर का स्टॉक कम रह सकता है। देश में चीनी की अनुमानित घरेलू जरूरत करीब 50 टन है, जबकि मध्यप्रदेश में प्रति माह 10 हजार मीट्रिक टन शक्कर की खपत होगी, इसमें भोपाल को केवल 300 मीट्रिक टन की आवश्यकता होती है।

### थोक उपभोक्ताओं पर लागू होगा नियम

केन्द्रीय खाद्य मंत्रालय के नए आदेश के अनुसार यह नियम सामान्य गोदाम के हर कारोबारी पर नहीं, बल्कि थोक उपभोक्ताओं पर लागू होता है, जिनकी मासिक खपत 10 मीट्रिक टन से ज्यादा हैं।

## विंध्याचल-सतपुड़ा में होगी बायोमैट्रिक अटैंडेंस व्यवस्था

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में मंत्रालय सहित विंध्याचल और सतपुड़ा भवनों में बायोमैट्रिक अटैंडेंस की व्यवस्था प्रारंभ होगी। यह प्रदेश के जिलों में भी लागू की जाएगी। राज्य शासन द्वारा यह व्यवस्था अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने को लेकर की है। इस पर वरिष्ठ अधिकारियों की नजर रहेगी। मंगलवार को यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में अधिकारियों के साथ हुई विशेष बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े कार्यो को समय-सीमा में निराकृत कराए जाए। त्यौहार की वजह अन्य कारणों से जब शुक्रवार को जन विश्वास अभियान के तहत शिविर और संवाद का आयोजन नहीं हो सके तो आगामी दिवस अर्थात शनिवार को यह कार्यवाही की जाए। आमजन के कार्य हेल्प लाइन तक पहुंचने से पहले ही पूरे हो जाएं, ऐसे प्रयास किए जाएं। जनता से जुड़े सभी प्राथमिक कार्यों का समय पर निपटारा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने उत्तरदायी प्रशासन के लिए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान- 2026 प्रारंभ किया है। इस अभियान के संचालन से बड़ी संख्या में आमजन के लंबित कार्यों और समस्याओं का समाधान हो रहा है।

# दिल्ली-अहमदाबाद से मिले करोड़ों के निवेश प्रस्ताव

## मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रिमंडल के सदस्यों से किया अनौपचारिक संवाद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रिमण्डल के सदस्यों से अनौपचारिक संवाद किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि दिल्ली में हुए रोड शो में 5 हजार करोड़ व अहमदाबाद में 8635 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए है। ऐसे में प्रदेश में निवेश का महाभियान लगातार आगे बढ़ रहा है। जुलाई में आदित्य टेक्नो कंपनी, लियोन इंडिया के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शिलान्यास हुआ है।

इसी प्रकार पीथमपुर में 850 करोड़ रुपए लागत की दो नई इंडस्ट्रीज का शुभारंभ भी किया गया है। यह इंडस्ट्री राजस्थान से मध्यप्रदेश आकर अपना व्यवसाय शुरू कर रही हैं। ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन के लिए दिल्ली में आयोजित रोड शो में लगभग 5000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव और अहमदाबाद में हुए रोड शो में 8 हजार 635 करोड रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी क्षेत्रों में स्टार्ट-अप को प्रोत्साहन दे रहे हैं। स्पेस टेक्नोलॉजी क्षेत्र में सैटेलाइट लॉन्चिंग के



लिए विदिशा निवासी विभोर जैन को भी अवसर मिला है। मध्यप्रदेश की युवा प्रतिभा ने अपने स्टार्ट-अप के माध्यम से एक नया इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मानसून का अंतिम दौर चल रहा है। उन्होंने पिछले दिनों रीवा पहुंचकर जबलपुर और शहडोल में बाढ़ और अति वृष्टि से हुए नुकसान की समीक्षा की। अत्यधिक बारिश होने से कई नगरीय निकायों और पंचायत क्षेत्रों में नाले ओवरफ्लो हो जाते हैं जिससे गलियों और घरों में पानी भर जाता है। बैठक में जल निकासी की व्यवस्था की भी समीक्षा करने और वर्षा ऋतु के बाद अभियान चलाकर नालों के प्रवाह को निर्बाध बनाने के लिए कार्य योजना बनाने तथा उसके क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से कहा कि वे अपने विभागीय अधिकारियों के साथ ढाई वर्ष में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों और योजनाओं पर विस्तृत चर्चा के लिए सितंबर में दो दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन करें।

### ऐतिहासिक होगा सिहस्थ का आयोजन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंहस्थ मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल के दायित्व ग्रहण समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ के लिए संत, प्रशासन, संगठन सभी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपनी भूमिका का निर्वहन करे। बाबा महाकाल की कृपा से सिंहस्थ-2028 महापर्व का आयोजन भव्य, दिव्य, अद्भुत और अलौकिक होगा।


### ग्वालियर को मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाएगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्वालियर को मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने में प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग करेगी। ग्वालियर कृषि के क्षेत्र में पंजाब और हरियाणा से भी आगे पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने यह बातें मंगलवार को डबरा में आयोजित हुए बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रक्षा, कृषि, फूड प्रोसेसिंग और दुग्ध उत्पादन में ग्वालियर संभाग पूरे प्रदेश में अग्रणी है। ग्वालियर कृषि के क्षेत्र में भी पंजाब और हरियाणा से आगे पहुँचेगा। उन्होंने कहा कि ग्वालियर तेजी के साथ विकास की ओर अग्रसर है। ग्वालियर टेलीकॉम इंडस्ट्रीज का भी बड़ा हब बनने जा रहा है। सेंडस्टोन, पीला सोना यानि सरसों, कनक जैसे गेहूँ और मसूर व चने ने ग्वालियर जिले का परचम पूरे देश में लहराया है।

# 11,000 किलोमीटर के 7 हाई-डेंसिटी रेल रूट्स

## को फोर-लेन करने का महत्वपूर्ण कार्य प्रगति पर व्यस्त रेल मार्गों पर अतिरिक्त क्षमता होगी विकसित






**प्रयागराज जेएनएन।** अश्विनी वैष्णव, माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि भारत के 7 हाई-डेंसिटी रेल रूट्स को फोर-लेन करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद के विजन के तहत इन हाई-डेंसिटी रूट्स को फोर-लेन करने से रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी। करीब 11,000 किलोमीटर में फैले ये 7 हाई-डेंसिटी रूट्स देश के कुल रेल ट्रैफिक का लगभग 41प्रतिशत संभालते हैं, जबकि ये पूरे रेल नेटवर्क का केवल 16प्रतिशत हैं। इन प्रमुख 7 हाई-डेंसिटी रूट्स में शामिल हैं: 1. दिल्ली-हावड़ा 2. हावड़ा-चेन्नई 3. चेन्नई-मुंबई 4. मुंबई-दिल्ली 5. दिल्ली-चेन्नई 6. मुंबई-हावड़ा 7. दिल्ली-गुवाहाटी अश्विनी वैष्णव रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन के तहत इन हाई-डेंसिटी रूट्स को फोर-लेन करने से रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी और बढ़ते यात्री एवं माल परिवहन को बेहतर तरीके से संभालने में मदद मिलेगी। इस विस्तार से व्यस्त रेल मार्गों पर अतिरिक्त क्षमता विकसित होगी, परिवहन लागत कम करने में मदद मिलेगी तथा पर्यावरण के अनुकूल और अधिक कुशल रेल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

# छात्र संघ चुनाव की तैयारी, कालेजों में यूनिट बनाएगी एनएसयूआई

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** हाईकोर्ट के आदेश पर प्रदेश के कालेजों में नौ साल बाद हो रहे छात्र संघ चुनावों की तैयारियां भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने शुरू कर दी हैं। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में इस संबंध में भोपाल जिले की बड़ी बैठक आयोजित की गई। इसमें युवा कांग्रेस और एनएसयूआई से जुड़े छात्र नेता शामिल हुए। बैठक में चुनावों से पहले भोपाल जिले के हर कालेज में एनएसयूआई की यूनिट गठित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए पूर्व छात्र नेताओं को कालेजवार प्रभार सौंपा गया।

साथ ही जल्द से जल्द हर कालेज में अध्यक्ष सहित पूरी टीम बनाने को कहा गया है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी और संगठन द्वारा भोपाल जिले के कालेजों के लिए प्रभारी बनाए गए प्रकाश चौकसे ने छात्र नेताओं से विस्तृत चर्चा की। बैठक में चुनावी रणनीति पर चिंतन किया गया। साथ ही



प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने प्रभार के कालेजों में तत्काल सक्रिय हो जाएं। चुनावों की अधिसूचना जारी होने के पहले हर कालेज में पहुंचकर सक्रिय युवा नेताओं का चयन करें और हर कालेज में संगठन की यूनिट गठित करें। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष किसी भी पैटर्न में चुनाव होने पर हर स्तर की तैयारी पहले से करने पर चर्चा की गई। बैठक में युवा कांग्रेस ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राहुल मंडलोई, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित खत्री, प्रदेश सचिव लोकेंद्र शर्मा, भाराछासं प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार, जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर, सोहन मेवाड़ा, रितेश सोनी सहित कांग्रेस, युवा कांग्रेस, भाराछासं के पदाधिकारी एवं छात्र नेता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# तमिलनाडु सरकार ने दी राहत, एमपी के शिक्षकों को मिली टीईटी से बचने की राह

## शिक्षक संगठन हुए सक्रिय, 2010 के पहले के शिक्षकों को छूट देने की मांग

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारियों के बीच तमिलनाडु सरकार के संकल्प ने मध्यप्रदेश के शिक्षकों की आंखों में चमक बढ़ा दी है। साथ ही वर्ष 2010 के पहले नियुक्त शिक्षकों को पात्रता परीक्षा के झंझट से बचाने का रास्ता भी मिल गया है। इसकी जानकारी मिलते ही शिक्षक संगठनों ने तमिलनाडु की तर्ज पर 2010 के पहले के शिक्षकों को टीईटी से छूट देने मध्यप्रदेश सरकार से भी संकल्प लाने की मांग तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार तमिलनाडु विधानसभा में सरकार ने मंगलवार को एक संकल्प पारित किया है, जिसमें अगस्त 2010 के पहले भर्ती हुए शिक्षकों को शिक्षा के अधिकार कानून की धारा 23 के तहत टीईटी से छूट दिलाने का प्रस्ताव दिया गया है। विधानसभा से पारित इस संकल्प को केंद्र सरकार को भेजा जा रहा है। साथ ही केंद्र सरकार से आरटीई




की धारा 23 में संशोधन की मांग की गई है। इस संकल्प की जानकारी मिलते ही मध्यप्रदेश के शिक्षकों में उम्मीद जाग गई है। शासकीय शिक्षक संगठन ने तमिलनाडु सरकार की तर्ज पर मध्यप्रदेश से भी शिक्षकों को टीईटी से छूट दिलाने के लिए विधानसभा से संकल्प पारित कराने की मांग स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह से की है। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र कौशल का कहना है जब तमिलनाडु सरकार वहां के शिक्षकों के हित में यह कदम उठा सकती है तो मध्यप्रदेश के शिक्षकों पर बेवजह पात्रता परीक्षा क्यों लादी जाए।

### टीईटी की तैयारियां हुईं तेज

लोक शिक्षण संचालनालय ने टीईटी की तैयारी तेज कर दी है। परीक्षा की जिम्मेदारी कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) को सौंपी गई है। ईएसबी में 12 अक्टूबर से परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके आवेदन इसी माह से भरे जाना है। टीईटी में फेल होने वाले शिक्षकों की पदोन्नति, क्रमोन्नति सहित नौकरी पर भी संकट आ सकता है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को देखते हुए देश भर के शिक्षक संघर्षरत हैं। राष्ट्रीय स्तर का बड़ा आंदोलन 30 अगस्त को नईदिल्ली में रखा गया है। इसके पहले तमिलनाडु सरकार का संकल्प सामने आते ही मध्यप्रदेश के शिक्षक संगठनों ने आरटीई की धारा 23 में संशोधन कराने की मांग तेज कर दी है। ताकि हजारों शिक्षकों को परीक्षा की अनिवार्यता से बचाया जा सके।

**कार्यवाही** — कोर्ट या सरकारी वकील के मांगने पर मिलेगी सर्टिफाइड कॉपी

# हर केस डायरी होगी डिजिटल, ई-साक्ष्य ऐप पर होगी अपलोड

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के पुलिस महकमे में अब किसी भी मामले की जांच-पड़ताल की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होने जा रही है। पीएचक्यू की सीआईडी ब्रांच ने इस संबंध में भोपाल-इंदौर के पुलिस कमिश्नर, सभी जिलों और जीआरपी यूनिट के एसपी और एसटीएफ समेत अन्य इकाइयों को नए निर्देश जारी किए हैं। आदेश के मुताबिक, अब पुलिस जांच का सारा काम सीसीटीएनएस और ई-साक्ष्य पोर्टल पर ऑनलाइन ही किया जाएगा। केस डायरी किसी भी एफआईआर का सबसे अहम दस्तावेज होती है और किसी मामले की सुनवाई के दौरान संबंधित प्रकरण की सुनवाई में सहायता के लिए इसका उपयोग होता है। इसे सबूत के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, आरोपी या उसके वकील को भी कुछ विशेष मामलों को छोड़कर केस डायरी देखने का अधिकार नहीं होता।

### फिलहाल यह है परंपरागत तरीका



कई मामलों में सुनवाई के दौरान अदालत खुद या पब्लिक प्रॉसीक्यूटर के जरिए पुलिस को केस डायरी पेश करने का निर्देश देती है। इसके बाद, पेशी पर संबंधित केस का जांच अधिकारी या संबंधित थाने का कोई अफसर मूल केस डायरी लेकर कोर्ट में पेश होता है। रिमांड, जमानत या सुनवाई के मामलों में तो जांच अधिकारी खुद मौजूद रहकर डायरी पेश करता है। जरूरत होने पर अदालत केस डायरी में लिखे तथ्यों के बारे में जांच-विवेचना अधिकारी से सवाल कर सकती है। हालांकि, केस डायरी को न्यायिक रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं बनाया जाता। कोर्ट पेशी के बाद डायरी पुलिस को वापस कर देती है और यह कोर्ट फाइल का हिस्सा नहीं बनती। अभी, एमपी में प्रचलित नियम के अनुसार केस डायरी मूल रूप में ही कोर्ट में पेश की जाती है।

### अब होगी यह व्यवस्था

अब नई व्यवस्था के तहत केस डायरी ई-साक्ष्य ऐप पर अपलोड की जाएगी और कोर्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम पर इसकी जानकारी दी जाएगी। ऐसे में, जरूरत होने पर कोर्ट इसे ऑनलाइन देख सकेगी। इसके अलावा, कई बार जज या सरकारी अधिवक्ता केस डायरी भी मांग लेते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए पीएचक्यू ने साफ कर दिया है कि कोर्ट या महाधिवक्ता ऑफिस से अगर किसी मामले के रिकॉर्ड या केस डायरी की मांग की जाएगी, तो थाना प्रभारी या जांच अधिकारी सीधे सीसीटीएनएस पोर्टल से प्रिंटआउट निकालकर भेजेंगे। इसके अलावा, दूसरा विकल्प यह है कि केस डायरी को पासवर्ड प्रोटेक्टेड पीडीएफ फाइल के रूप में हार्ड डिस्क में भी दिया जा सकता है। अब यह अनिवार्य कर दिया गया है कि केस डायरी या केस से जुड़े मामलों के जो भी प्रिंटआउट या सॉफ्ट कॉपी दी जाएगी, उस पर सीसीटीएनएस पोर्टल से प्रमाणित प्रति लिखा जाएगा और जांच अधिकारी के हस्ताक्षर व सील-मोहर लगाई जाएगी।

# पुलिस आरक्षक वर्षा पटेल ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी पर फहराया तिरंगा



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** कड़ाके की ठंड, बर्फानी हवाएं और हर कदम पर जान का जोखिम लेकिन हौसले ऐसे कि इन सारी बाधाओं को पीछे छोड़ते हुए मध्यप्रदेश पुलिस की एक महिला आरक्षक ने यूरोप की सबसे ऊंटी चोटी पर तिरंगा फहरा दिया। जबलपुर में पदस्थ आरक्षक वर्षा पटेल ने यूरोप की 5642 मीटर पर स्थित सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर तिरंगा और मध्यप्रदेश पुलिस का ध्वज फहराया। इस अभियान की शुरुआत 11 अगस्त को हुई थी। रूस में स्थित माउंट एल्ब्रुस पर मौसम बेहद बेपरवाह और खतरनाक रहता है। अभियान के दौरान तेज हवाओं और बर्फीले तूफानों के कारण वर्षा और उनकी टीम को कई दिनों तक सही मौसम का इंतजार करना पड़ा। आखिरकार, 20 और 21 अगस्त की दरमियानी रात जैसे ही मौसम थोड़ा सुधरा, उन्होंने अपनी चढ़ाई शुरू कर दी और 21 अगस्त की सुबह 9 बजकर 7 मिनट पर सीधे शिखर पर जा पहुंचीं। वर्षा पटेल को बचपन से ही खेलकूद और एडवेंचर का शौक रहा है। वे नेशनल लेवल की बेसबॉल खिलाड़ी रह चुकी हैं और खेल के मैदान में 10 से च्यादा पदक अपने नाम कर चुकी हैं। इससे पहले साल 2024 में वे ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोजि़यास्को को भी फतह कर चुकी हैं। ऐसा करने वाली वे मध्यप्रदेश पुलिस की पहली महिला आरक्षक थीं।

# बीईओ कार्यालय की भर्राशाही से परेशान शिक्षक धरना देने को मजबूर

### जिला कलेक्टर के निर्देश के वाबजूद भी अनेक बार निलंबित बाबू को स्थापना से नहीं हटाया गया, वर्षों से लंबित एरियर भुगतान



**जागरण मंडला।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी नैनपुर के अंतर्गत आने वाले शिक्षकों को वर्षों से क्रमोन्नति एरियर का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में शिक्षकों द्वारा जनवरी 2025 से सहायक आयुक्त आदिवासी मंडला, कलेक्टर कार्यालय मंडला में आवेदन निवेदन किया गया, जिनके निर्देशों को दरकिनार करते हुए बीईओ कार्यालय नैनपुर द्वारा आज तक क्रमोन्नति, डीए, वेतन-वृद्धि एरियर का पूर्ण भुगतान नहीं किया गया है। पिछले दिनों 6 अगस्त को संयुक्त मोर्चा नैनपुर के शिक्षकों ने इस संबंध में जिला कलेक्टर महोदय से मिलकर आवेदन पत्र सौंपकर एरियर भुगतान के लिए निवेदन किया, जिला कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने तुरंत बीईओ नैनपुर को फोन कर तीन दिन के अंदर बाबू अशोक यादव को स्थापना शाखा हटाकर शीघ्र सभी एरियर का भुगतान कराने का निर्देश दिया। जिसके परिपालन में अपने बचाव के लिए नैनपुर बीईओ द्वारा 5 अगस्त की तिथि में पत्र निकालकर 13 अगस्त को कार्यालय के समस्त बाबुओं को शाखा का बंटवारा करके यादव को दिखावे के लिए लिखित रूप से स्थापना से हटा दिया, लेकिन आज दिनांक तक स्थापना का पूरा काम यादव बाबू के द्वारा ही किया जा रहा है। इस तरह बीईओ नैनपुर द्वारा जिला कलेक्टर के निर्देश मजाक बनाकर रख दिया है। दिनांक 17/08/2026 को संयुक्त मोर्चा ने पुनः विकासखंड शिक्षा अधिकारी और एसडीएम नैनपुर को पत्र सौंपकर रक्षाबंधन पर्व के पूर्व एरियर भुगतान की प्रक्रिया शुरू ना करने पर त्यौहार के बाद धरना प्रदर्शन और सामूहिक रूप से सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने का पत्र सौंपा गया, लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी एरियर भुगतान के लिए किसी भी प्रकार से पहल नहीं की गई। शासन प्रशासन की इस गतिविधियों से हताश होकर शिक्षकों ने पुनः 25 अगस्त को बीईओ नैनपुर को पत्र देकर 31 अगस्त 2026 से शाम 4ः00 बजे से 6ः00 तक बीईओ कार्यालय के विरोध में धरना प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी। बीईओ कार्यालय नैनपुर में लापरवाही का आलंबन ये है कि बीईओ कार्यालय नैनपुर जिम्मेदार अधिकारी बीईओ प्रजापति और अन्वेषक भाऊलाल पारधी पूरे समय कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते। अन्वेषक द्वारा 100 दूर से ट्रेन से अपडाऊन करने के कारण वो कभी भी साढ़े चार बजे के बाद कार्यालय में नहीं मिलते। जिसके कारण शिक्षकों को बीईओ कार्यालय में अपने काम के लिए दोपहर में ही स्कूल छोड़ना पड़ता है। 17 अगस्त और 25 अगस्त को शिक्षकों की शिकायत सुनने और ज्ञापन लेने बीईओ कार्यालय में कोई जिम्मेदार अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं मिला। जिसके कारण दोनों ही दिन शिक्षकों को बाबुओं को आवेदन देकर आना पड़ा। संयुक्त मोर्चा के संयोजक संजीव सोनी ने बताया कि वर्षों से एक ही कार्यालय में जमे बीईओ कार्यालय के बाबुओं में शासन प्रशासन का कोई खौफ नहीं बचा है। इनकी हठधर्मिता के कारण शिक्षकों को अपने ही विभाग के कारनामों को उजागर करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अब नैनपुर ब्लाक में लंबित समस्त एरियर के भुगतान होने तक संयुक्त मोर्चा के शिक्षक प्रतिदिन स्कूल की छुट्टी के बाद साढ़े चार बजे से साढ़े छः बजे तक धरना प्रदर्शन करेंगे और बीईओ कार्यालय नैनपुर के साथ ही सहायक आयुक्त कार्यालय मंडला में मची भर्राशाही से नगर और जिले के आम लोगों को अवगत कराया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर मंच से ही शिक्षकों द्वारा सीएम हेल्पलाइन में सामूहिक रूप से शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

# मंडला में ईद मिलादुन्नबी पर निकला भव्य पैदल जुलूस रब्बानी चौक से प्रमुख मार्गों तक दिखा उत्साह

### चिलमन चौक पर इमामों का सम्मान, जगह-जगह हुआ जुलूस का स्वागत



**जागरण मंडला।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मंडला में मुस्लिम समाज द्वारा भव्य पैदल जुलूस निकाला गया। सुबह रब्बानी चौक से शुरू हुआ जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस रब्बानी चौक पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। हाथों में धार्मिक झंडे लिए लोगों ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

जुलूस के दौरान शहर के विभिन्न मार्गों पर लोगों ने पुष्पवर्षा एवं अन्य माध्यमों से स्वागत किया। आयोजन को लेकर मुस्लिम समाज में विशेष उत्साह दिखाई दिया। जुलूस में बच्चे, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल रहे।

#### चिलमन चौक पर इमामों का सम्मान

जुलूस के दौरान चिलमन चौक पर नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत करने के साथ विभिन्न मस्जिदों के इमामों का सम्मान किया गया। इस दौरान सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश भी दिया गया।

**प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा जुलूस**

रब्बानी चौक से प्रारंभ हुआ पैदल जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। पूरे आयोजन के दौरान समाज के लोगों ने अनुशासन के साथ सहभागिता की। जुलूस के चलते शहर के कुछ मार्गों पर यातायात व्यवस्था को भी नियंत्रित किया गया।

#### सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

ईद मिलादुन्नबी के आयोजन को देखते हुए प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जुलूस के पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा और अधिकारियों द्वारा व्यवस्थाओं की निगरानी की गई। यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए भी आवश्यक व्यवस्था की गई।

#### शाम को निकली वाहन रैली

सुबह पैदल जुलूस के बाद शाम को मुस्लिम समाज द्वारा वाहन रैली निकाली जाएगी। इसके लिए भी तैयारियां की गई हैं। वाहन रैली में समाज के लोगों के बड़ी संख्या में शामिल होने की संभावना है। प्रशासन द्वारा रैली के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में धार्मिक उत्साह के साथ सामाजिक भाईचारे और सौहार्द की झलक देखने को मिली।

# हादसे को न्योता दे रही लापरवाही, घुघरा जलप्रपात में जोखिम भरी चट्टानों पर सेल्फी ले रहे पर्यटक

### घुघरा जलप्रपात में कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, खतरनाक चट्टानों पर बेखौफ घूम रहे पर्यटक

**जागरण मंडला।** मंडला जिले के निवास थाना क्षेत्र स्थित घुघरा जलप्रपात में पर्यटकों की लापरवाही सामने आ रही है। करीब 30 फीट ऊंचे इस जलप्रपात पर कुछ पर्यटक फिसलन भरी चट्टानों के किनारे खड़े होकर सेल्फी और तस्वीरें ले रहे हैं। इस दौरान कई पर्यटक चट्टानों से नीचे उतरकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।, इस स्थान के लिए प्रशासन द्वारा जारी की गई चेतावनी को भी नजरअंदाज किया जा रहा है।सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पर्यटक झरने के बेहद करीब चट्टानों पर खड़े होकर खतरनाक तरीके से सेल्फी लेते दिख रहे हैं। बारिश के कारण चट्टानें लगातार फिसलन भरी बनी हुई हैं, जिससे जरा सी चूक बड़े हादसे का कारण बन सकती है।घुघरा जलप्रपात क्षेत्र में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे जोखिम भरे स्थानों पर जाने और सेल्फी लेने से बचें तथा अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें।



# चोट के निशान और अलग-अलग बयान, खीरसारू के खेत में घायल मिले युवक-युवती से उलझी गुत्थी

### खेत में अलग-अलग स्थानों पर मिले दोनों, पैरों में गंभीर चोट के निशान; घटना के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

**जागरण मंडला।** मंडला जिले के पिंडरई पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम खीरसारू में बुधवार सुबह एक युवक और एक युवती अलग-अलग स्थानों पर घायल अवस्था में मिले। उनके पैरों में गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। इस घटना के बाद पुलिस ने परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, खीरसारू निवासी युवती और ग्राम टाला निवासी युवक खेतों में अलग-अलग जगहों पर घायल मिले। उनके पैरों में कटने जैसे निशान भी देखे गए हैं। सूचना मिलने पर पिंडरई पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार तथा मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा।युवक ने पुलिस को बताया कि देर रात करीब 11-12 बजे 2-3 व्यक्तियों ने उसके साथ मारपीट की थी।वहीं, युवती ने जंगली सूअर के हमले से घायल होने की बात कही है। दोनों के बयानों में विरोधाभास के कारण उनके घायल होने की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं है।पिंडरई चौकी प्रभारी अंशुल गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों को युवक और युवती सुबह घायल अवस्था में मिले थे। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि वे खेतों में कब और किन परिस्थितियों में पहुंचे। मेडिकल रिपोर्ट में चोटों की प्रकृति स्पष्ट होने के बाद मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# अमानक और मिथ्या छाप खाद्य सामग्री बेचने पर 10 प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज



**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर मऊगंज के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चलाए जा रहे 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान के तहत जिलेभर में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। होटल, स्वीट्स प्रतिष्ठान, ढाबा और किराना दुकानों से गुणवत्ता में संदेह के आधार पर खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए राज खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए थे। जांच रिपोर्ट में अमानक एवं मिथ्या छाप खाद्य पदार्थ पाए जाने पर 10 खाद्य प्रतिष्ठानों के मालिकों एवं प्रभारियों के विरुद्ध न्यायालय में प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिन प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, उनमें पटेल मार्ट मऊगंज के प्रभारी विजय पटेल एवं लाइसेंसी मालिक विनोद पटेल पर अमानक वाडीलाल आइसक्रीम के विक्रय एवं भंडारण का मामला दर्ज किया गया। हीरालाल किराना स्टोर रतनगवां के प्रभारी विमलेश कुमार गुप्ता एवं मालिक रामजी गुप्ता के विरुद्ध मिथ्या छाप सोनपापड़ी के विक्रय का प्रकरण दर्ज हुआ। इसी तरह रामगोपाल मिष्ठान भंडार देवतालाब के प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता एवं मालिक अनिल कुमार गुप्ता के विरुद्ध मिथ्या छाप छेना मिठाई एवं बर्फी के निर्माण, विक्रय व भंडारण, जबकि धर्मदास मिष्ठान भंडार बस स्टैंड मऊगंज के मालिक अमृतलाल गुप्ता पर मिथ्या छाप मगज लड्डू का निर्माण, विक्रय एवं भंडारण करने का मामला दर्ज किया गया। श्याम मिष्ठान भंडार, नईगढ़ी के मालिक संजय कुमार अग्रहरी के विरुद्ध चमचम एवं बर्फी मिठाई में मिथ्या छाप का मामला, राज किराना स्टोर देवतालाब के मालिक सतीश कुमार गुप्ता पर अमानक छोला बेचने तथा मिश्रा डेयरी मऊगंज के आशीष कुमार मिश्रा पर अमानक पनीर विक्रय का प्रकरण दर्ज किया गया।

इसके अलावा महेश स्वीट्स नईगढ़ी के मालिक महेश प्रसाद पटेल पर मिथ्या छाप बर्फी, राजेश किराना एंड जनरल स्टोर खटखरी के प्रोपराइटर राजेश कुमार गुप्ता पर अमानक सौंफ तथा शिव भोले समोसा एवं मिष्ठान भंडार देवतालाब के प्रभारी नागेंद्र वर्मा एवं प्रोपराइटर राकेश वर्मा पर अमानक खोवा एवं मिथ्या छाप बर्फी के निर्माण, भंडारण और विक्रय का प्रकरण दर्ज किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार तिवारी ने बताया कि अभियान के तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। आगामी रक्षाबंधन त्योहार को देखते हुए बाहर से गुणवत्ता विहीन रेडीमेड मिठाई, पनीर एवं खोवा मंगाकर बेचने वाले विक्रेताओं के खिलाफ विशेष छापामार कार्रवाई की जाएगी। नमूना संग्रहण के बाद संबंधित खाद्य पदार्थों का पूरा स्टॉक जब्त कर विक्रय पर रोक लगाई जाएगी तथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मऊगंज में अभिलेखागार का शुभारंभ, जिला मुख्यालय पर ही सहजता से मिलेंगे आवश्यक अभिलेख

### जिला न्यायाधीश ने किया शुभारंभः किसानों एवं नागरिकों को अभिलेख प्राप्त करने के लिए दूरस्थ कार्यालयों के नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

**मऊगंज जागरण।** आमजन को आवश्यक अभिलेख आसानी से उपलब्ध कराने तथा नागरिक सेवाओं को अधिक सुगम बनाने की दिशा में मऊगंज जिले में महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला मुख्यालय में अभिलेखागार (रिकॉर्ड रूम) का शुभारंभ जिला न्यायाधीश विवेक बुखारिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अभिलेखागार के प्रारंभ होने से जिले के किसानों एवं नागरिकों को आवश्यकता के अनुसार संबंधित रिकॉर्ड एवं अभिलेख जिला मुख्यालय पर ही उपलब्ध हो सकेंगे। इससे अभिलेख प्राप्त करने के लिए अन्य स्थानों अथवा संबंधित कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता कम होगी और नागरिकों के समय एवं श्रम की बचत होगी।



**नागरिक सुविधा को मिलेगी नई गति** : अभिलेखागार की सुविधा विशेष रूप से उन किसानों एवं नागरिकों के लिए उपयोगी होगी, जिन्हें विभिन्न शासकीय, राजस्व, न्यायिक अथवा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए पुराने रिकॉर्ड एवं संबंधित अभिलेखों की आवश्यकता होती है। जिला मुख्यालय पर अभिलेखों की उपलब्धता से संबंधित कार्यों के निराकरण में भी सुविधा होगी।

इस अवसर पर जिला न्यायाधीश विवेक बुखारिया ने अभिलेखागार को नागरिकों की सुविधा से जुड़ी महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि अभिलेखों की सहज उपलब्धता से आमजन को अपने कार्यों के लिए आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने में सुविधा होगी। इससे नागरिकों को समय पर अभिलेख उपलब्ध कराने और कार्यों के त्वरित निराकरण में मदद मिलेगी।

कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य आमजन को शासकीय सेवाओं का लाभ सरल, सहज और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना है। रिकॉर्ड रूम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण, उपलब्धता तथा नागरिकों को आवश्यक रिकॉर्ड निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन ने भी अभिलेखागार की पहल को नागरिक सुविधा की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आवश्यक रिकॉर्ड की सहज उपलब्धता से आमजन को अपने विभिन्न कार्यों के निष्पादन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीके पांडेय , एसडीम मऊगंज रश्मि चतुर्वेदी सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड** (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए षवित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'(2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060125750032, मैसर्स कृष्णा हार्डवेयर (ऋणी), श्रीमती पुष्पलता गुप्ता (सहऋणी), जगदीश गुप्ता (सहऋणी) | 15 मई 26 Rs. 19,41,606/- उन्नीस लाख इकतालीस हजार छः सौ छः रुपए मात्र, 13 मई 2026 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच.नं. 45, जे.नं. 615, खसरा नं. 1278/2, ग्राम एवं तहसील - मानपुर, जिला - उमरिया, मध्य प्रदेश, 484665, क्षेत्रफल 0.023 हेक्टेयर, पूर्वः लक्ष्मीनारायण की भूमि, पश्चिमः रोड, उत्तरः राम मिलन गुप्ता का मकान, दक्षिणः सुरेश गुप्ता का मकान | 24-अगस्त-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060141579769 & L9001060727074190, मैसर्स खुशबू जनरल स्टोर (ऋणी), मोहम्मद नफीस शाह (सहऋणी), श्रीमती खुशबू बेगम (सहऋणी) | 17-अप्रैल-26 Rs. 1,94,054/- एक लाख चौरानवे हजार चौवन रूपये मात्र Rs. 3,62,842/- तीन लाख बासठ हजार आठ सौ बयालीस रूपये मात्र 15-अप्रैल-26 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं 506 1/2/2, पीएच नं. 62/22 मौजा सोहावाल, तहसील रघुराजनगर, जिला सतना, मप्र क्षेत्रफल 110 वर्गगज, पूर्वः जगदीश का आराजी, पश्चिमः सेवालाल का आराजी, उत्तरः रोड, दक्षिणः विक्रेता का आराजी | 24-अगस्त-26 |
| (ऋण खाता सख्या) L9001060739311765, मैसर्स अनुराग रोडलाइन्स (ऋणी), श्रीमती सविता पटेल (सहऋणी), रामसखा (सहऋणी) | 15-मई-26 Rs. 33,02,642/ - तेतीस लाख दो हजार छः सौ बयालीस रूपये मात्र 13-मई-26 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित आराजी खसरा नं. 544/2/7, मौजा देलापुरा, वार्ड नं. 37, पीएच नं. 78, तहसील रघुराजनगर, जिला सतना, मप्र 485001, क्षेत्रफल 1620 वर्गफीट, पूर्वः पटेल जी का आराजी, पश्चिमः विक्रेता का आराजी, उत्तरः विक्रेता का आराजी, दक्षिणः रोड | 24-अगस्त-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060127533612, मैसर्स दिव्य शक्ति डिस्पोजल सेंटर जरिए प्रोपराइटर सूरज सतारे (ऋणी), श्रीमती लक्ष्मी बाई सतारे (सहऋणी), सूरज सतारे (सहऋणी), रमेश कुमार (सहऋणी) | 17 अप्रैल 26 Rs. 3,10,442/- तीन लाख दस हजार चार सौ बयालीस रुपए मात्र, 15 अप्रैल 2026 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 7/12 का भाग, पीएच.नं. 18/2/93, मौजा इमलिया, सेट नं. 22, राजेंद्र बाबू वार्ड, तहसील - गाडरवारा, जिला - नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 487.5 वर्ग फीट, पूर्वः जगदीश का प्लॉट, पश्चिमः चौड़ी सड़क, उत्तरः दुर्गा बाई का प्लॉट, दक्षिणः नरेश की भूमि | 24-अगस्त-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060113779860, जागेश्वर प्रसाद लोधी (ऋणी), राम कुमार पटेल (सहऋणी), श्रीमती केश बाई लोधी (सहऋणी), श्रीमती रीता बाई पटेल (सहऋणी), ओम प्रकाश पटेल (सहऋणी), पंकज पटेल (गारंटर) | 13 फरवरी 26 Rs. 8,82,464/- आठ लाख बयासी हजार चार सौ चौंसठ रुपए मात्र, 10 फरवरी 2026 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच.नं. 08, सर्वे नं. 123, खसरा नं. 1281/3, ग्राम - बाकल, तहसील - सिहोर, जिला - कटनी, मध्य प्रदेश, 483501, क्षेत्रफल 112.50 वर्ग मीटर, पूर्वः पन्ना लाल की भूमि, पश्चिमः रास्ता, उत्तरः राम का मकान, दक्षिणः प्रेमचंद का मकान | 24-अगस्त-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060142282229 एवं L9001060136343472, मैसर्स उपाध्याय ट्रेडर्स (ऋणी), श्रीमती सुष्मिता उपाध्याय (सहऋणी), सत्य प्रकाश उपाध्याय (सहऋणी), रामजी शर्मा (सहऋणी) | 25 मार्च 26 Rs. 5,04,069/- पाँच लाख चार हजार उनहत्तर रुपए मात्र एवं Rs.23,10,797/- तेईस लाख दस हजार सात सौ सत्तानवे रुपए मात्र, 24 मार्च 2026 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 821/4/2, ग्राम - निगवानी, पीएच.नं. 23, ग्राम - निगवानी, तहसील - कोतमा, जिला - अनूपपुर, मध्य प्रदेश, 484440, क्षेत्रफल 0.016 हेक्टेयर, पूर्वः रोड, पश्चिमः शासकीय भूमि, उत्तरः सम्हारू कोल का मकान, दक्षिणः दशरथ कुशवाहा का मकान | 25-अगस्त-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060127978101, मैसर्स आरके डीजे एंड टेंट हाउस (ऋणी), राकेश कुशवाहा (सहऋणी), सुमन कुशवाहा (सहऋणी) | 18 अप्रैल 26 Rs. 10,18,027/- दस लाख अट्ठारह हजार सत्ताईस रुपए मात्र, 15 अप्रैल 2026 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 510/1/1, पटवारी हल्का नं. 88, ग्राम - पचगांव, तहसील - सोहागपुर, जिला - शाहडोल, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 981 वर्ग फीट, पूर्वः पचगांव से अंतरा तक की प्रधानमंत्री रोड, पश्चिमः विजय श्रण की भूमि, उत्तरः राकेश कुशवाहा की भूमि, दक्षिणः संतोष कुशवाहा की भूमि | 24-अगस्त-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060142229815, मैसर्स जेडी सेल्स एंड सर्विस (ऋणी), जलालुद्दीन अंसारी (सहऋणी), निगार परवीन (सहऋणी) | 18 अप्रैल 26 Rs. 4,36,429/- चार लाख छत्तीस हजार चार सौ उनतीस रुपए मात्र, 15 अप्रैल 2026 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 555/1444/1 का भाग, नया आवंटित खसरा नं. 555/1444/1/2, वार्ड नं. 07, ग्राम एवं तहसील कोतमा, जिला अनूपपुर, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 807.5 वर्ग फीट, पूर्वः विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिमः बदरुद्दीन की भूमि, उत्तरः रास्ता, दक्षिणः बदरुद्दीन की भूमि | 25-अगस्त-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060836333301, मैसर्स आरके डीजे एंड टेंट हाउस (ऋणी), राकेश कुशवाहा (सहऋणी), सुमन कुशवाहा (सहऋणी) | 18 अप्रैल 26 Rs. 18,38,537/- अट्ठारह लाख अड़तीस हजार पाँच सौ सैंतीस रुपए मात्र, 15 अप्रैल 2026 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित (संपत्ति 1) खसरा नं. 510/1/2, पीएच.नं. 88, मौजा पचगांव, तहसील - सोहागपुर, जिला - शाहडोल, मध्य प्रदेश, 484001, क्षेत्रफल 90 वर्ग मीटर, पूर्वः पचगांव से अंतरा तक की प्रधानमंत्री रोड, पश्चिमः विजय श्रण की भूमि, उत्तरः उमेश कुशवाह की भूमि, दक्षिणः गुनी कुशवाहा की भूमि (संपत्ति 2) खसरा नं. 510/1/1, पीएच.नं. 88, मौजा पचगांव, तहसील - सोहागपुर, जिला- शाहडोल, मध्य प्रदेश, 484001, क्षेत्रफल 90 वर्ग मीटर, पूर्वः पचगांव से अंतरा की प्रधानमंत्री सड़क, पश्चिमः विजय श्रण की भूमि, उत्तरः राकेश कुशवाहा की भूमि, दक्षिणः संतोष कुशवाहा की भूमि | 24-अगस्त-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060142672916, मैसर्स शंकर ट्रेडर्स बुरहार (ऋणी), विजय नागदेव (सहऋणी), पिंकी नागदेव (सहऋणी) | 20 अप्रैल 26 Rs. 23,02,403/- तेईस लाख दो हजार चार सौ तीन रुपए मात्र, 15 अप्रैल 2026 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 1156/4, पीएच.नं. 18, वार्ड नं. 04, ग्राम एवं तहसील - बुढार, जिला - शाहडोल, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट, पूर्वः काशीराम की भूमि, पश्चिमः विजय नागदेव का मकान, उत्तरः रोड, दक्षिणः काशीराम की भूमि | 25-अगस्त-26 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8(6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांकः 26.08.2026
स्थानः जबलपुर, मध्य प्रदेश

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

## मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार चोरी हुई मोटरसाइकिल बरामद




पन्ना । पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिले में चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने तथा आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पन्ना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दिनांक 25.07.2026 को फरियादी छोटेलाल चौधरी पिता मरुआ चौधरी, उम्र 48 वर्ष, निवासी ग्राम सगरा, थाना सलेहा,हाल पहाड़कोठी पन्ना द्वारा थाना कोतवाली पन्ना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 23.07.2026 की शाम करीब 06:00 बजे उसने अपनी हीरो हेंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक मध्य प्रदेश 35 जेडई 4678 को घर के बाहर खड़ा किया था तथा मोटरसाइकिल की चाबी बाहर रखी अलमारी में रख दी थी। फरियादी के अनुसार, वह थका होने के कारण घर के अंदर जाकर सो गया। उसका पुत्र अंकित अपने परिचित छोटू कोरी के साथ ऑटो से घूमने चला गया था। रात्रि करीब 10:30 बजे अंकित के घर वापस आने पर उसने अपने पिता से मोटरसाइकिल के बारे में पूछा। बाहर जाकर देखने पर मोटरसाइकिल मौके पर नहीं मिली। साथ ही अलमारी में रखी मोटरसाइकिल की चाबी एवं जियो कंपनी का की-पैड भी गायब मिला। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में अपराध क्रमांक 543/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी बीरेन्द्र उर्फ छुट्टू बेलदार पिता कंछेदी, उम्र 25 वर्ष,निवासी पहाड़कोठी पन्ना, थाना कोतवाली, जिला पन्ना (म.प्र.) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई हीरो हेंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक म.प्र. 35 जेड ई 4678, कीमत लगभग 60,000 रुपये, विधिवत जप्त की गई। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, प्र.आर. जीतेन्द्र मिश्रा, प्र.आर. मनीष कश्यप, आरक्षक अमित द्विवेदी एवं आरक्षक अभिषेक का सराहनीय योगदान रहा।

# लूट एवं डकैती के 02 प्रकरणों में 17 वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी पर 5,000 रुपये का इनाम था घोषित



जागरण, पन्ना । पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम द्वारा लूट एवं डकैती के 02 प्रकरणों में विगत 17 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी रामबहोरी उर्फ बहोरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। दिनांक 11.11.2009 को फरियादी लक्ष्मण सिंह, बीटगार्ड जमुनहाई द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह बौलियादार नर्सरी जंगल में कार्य कर रहा था। उसके साथ बीटगार्ड राजनारायण विश्वकर्मा भी मौजूद था। लेबर की हाजिरी भरते समय कुछ अज्ञात बदमाश, जो बंदूक लिए हुए थे, वहां पहुंचे और दोनों को चारों ओर से घेर लिया। बदमाशों द्वारा फरियादी की लाइसेंसी बंदूक, कारतूस, मोबाइल, 5,220 रुपये नगद, परिचय पत्र एवं मंकी कैप तथा राजनारायण विश्वकर्मा के पास से नगदी एवं परिचय पत्र सहित पर्स जबरन छीन लिया गया। बदमाशों द्वारा बंदूकों से जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 395/2009 दर्ज कर धारा 395 ताहि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पूर्व में 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका था। प्रकरण का आरोपी रामबहोरी उर्फ बहोरी पिता बमगड उर्फ मालिक बहेलिया, उम्र 52 वर्ष, निवासी कैलाशपुर, पोस्ट पिन्द्रा, थाना मझगवां, जिला सतना (म.प्र.) घटना दिनांक से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु 5,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

**प्रकरण क्रमांक-02 (लूट) :** दिनांक 05.11.2009 को फरियादी मनोहर सिंह पिता रामायण सिंह, उम्र 23 वर्ष, निवासी कमता, हाल समिति प्रबंधक ग्राम गौरा, थाना कोतवाली पन्ना द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह मोटरसाइकिल से ग्राम गौरा जा रहा था। जराछ बांध मोड़ के पास कुछ बदमाशों ने मोटरसाइकिल से रास्ता रोककर उसकी जेब से 7,500 रुपये नगद एवं 1,000 रुपये कीमत का मोबाइल, कुल 8,500 रुपये का मसरूका, जबरन लूट लिया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 403/2009 दर्ज कर धारा 392 ताहि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पूर्व में 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका था। उक्त प्रकरण में भी आरोपी रामबहोरी उर्फ बहोरी घटना दिनांक से फरार चल रहा था तथा उसकी गिरफ्तारी हेतु 5,000 रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा लगातार मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर फरार आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 25.08.2026 को आरोपी रामबहोरी उर्फ बहोरी पिता बमगड उर्फ मालिक बहेलिया, उम्र 52 वर्ष, निवासी कैलाशपुर, पोस्ट पिन्द्रा, थाना मझगवां, जिला सतना (म.प्र.) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजे जाने की कार्यवाही की गई। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, सउनि आनन्द मोहन मिश्रा, प्रआर संतोष तोमर, आरक्षक आइमात सेन, वृषकेतु रावत, खेमचन्द्र, सुरेश कुमार, कल्पना बागरी, निश्चल सिंह, भरत पाण्डेय, यज्ञवती एवं प्रगति अहिरवार का सराहनीय योगदान रहा।

## अजयगढ़ में शान-ओ-शौकत से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी पर्व, निकला भव्य जुलूस



जागरण,अजयगढ़। मुस्लिम समाज अजयगढ़ द्वारा पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद की योमे पैदाइश की खुशी में ईद मिलादुन्नबी का पर्व श्रद्धा, उत्साह और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य जलसा निकाला गया, जिसमें मुस्लिम समाज के हजारों लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान पूरा नगर धार्मिक उत्साह से सराबोर नजर आया। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर डॉक्टरी मोहल्ला, खोय मोहल्ला एवं शांति नगर से अलग-अलग जलसे निकाले गए। ये जलसे बड़ी दरगाह स्थित हजरत रमजान शाह बाबा की मजार पर पहुंचे, जहां सभी जलसे एकत्रित होकर मुख्य जुलूस में शामिल हुए। इसके बाद मुख्य जुलूस ने नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया। जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा, बुजुर्ग एवं महिलाएं शामिल रहीं।

जुलूस के दौरान लोगों ने धार्मिक नारों के साथ पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद ? के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। नगर के विभिन्न स्थानों पर लोगों द्वारा जलसे का स्वागत किया गया। वहीं, श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह लंगर एवं अन्य व्यवस्थाएं भी की गईं। नगर भ्रमण के बाद जुलूस पुनः बड़ी दरगाह स्थित हजरत रमजान शाह बाबा की मजार पहुंचा। यहां फातेहा, दुरूद एवं सलाम पेश किया गया। इसके बाद देश में अमन-चैन, खुशहाली, तरक्की और आपसी भाईचारे की दुआ की गई। पूरे आयोजन के दौरान अजयगढ़ नगर में सौहार्द और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। मुस्लिम समाज के लोगों ने पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में सहयोग करने वाले सभी नागरिकों, प्रशासन एवं पुलिस का आभार व्यक्त किया।

**सुरक्षा व्यवस्था रही मुस्तैद :** भव्य जुलूस को लेकर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, थाना प्रभारी हरि सिंह ठाकुर, सदर पटवारी दीपेंद्र तिवारी सहित पुलिस अमला मौजूद रहा। पुलिस बल ने जुलूस के दौरान व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखी, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## साँप का डर नहीं, सही जानकारी जरूरी, दक्षिण पन्ना में 'सर्पलोक' पहुँचा स्कूल-स्कूल, गाँव-गाँव



जागरण, पन्ना । नागपंचमी से शुरू हुई मुहिम का वनमंडल के विभिन्न अंचलों में विस्तार, कार्ड गेम के जरिए बच्चे सीख रहे विषैले-विषहीन सर्पों की पहचान, मिथक और तथ्य, सर्पदंश से बचाव व सही प्राथमिक उपचार साँप दिखे तो क्या करें, कौन से साँप विषैले होते हैं, सर्पदंश होने पर क्या करना चाहिए और कौन-सी प्रचलित धारणाएँ महज मिथक हैं, इन सवालों के जवाब अब बच्चे किताब या भाषण से ही नहीं, बल्कि खेल-खेल में भी सीख रहे हैं। नागपंचमी के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमंडल द्वारा शुरू किए गए 'सर्पलोक' कार्ड गेम आधारित जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाते हुए रैपुरा, सलेहा, मोहन्द्रा, कल्दा और शाहनगर वन परिक्षेत्रों के अनेक विद्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें बच्चों के साथ शिक्षक, ग्रामीण, ग्राम वन समितियों के सदस्य और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी सहभागी बने। दक्षिण पन्ना वनमंडल द्वारा विशेष रूप से तैयार 54 कार्डो वाले 'सर्पलोक' में विषैले एवं विषहीन साँपों की पहचान, सर्पों से जुड़े मिथक और वैज्ञानिक तथ्य, सर्पदंश के बाद सही प्राथमिक उपचार, बचाव के उपाय तथा संकट के समय की जाने वाली खतरनाक गलतियों को रोचक एवं सहभागितापूर्ण तरीके से समझाया गया है। बच्चों को बताया गया कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक एवं अवैज्ञानिक उपचार में समय गंवाने के बजाय पीड़ित को यथाशीघ्र उचित स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाना जरूरी है। साथ ही जमीन पर सोने से बचने, रात में बाहर निकलते समय रोशनी का उपयोग करने और साँप दिखाई देने पर सुरक्षित दूरी बनाए रखने जैसी व्यावहारिक सावधानियाँ भी समझाई गईं। अभियान का मूल संदेश है कि साँप से डरने के बजाय उसके बारे में सही जानकारी होना अधिक जरूरी है। सलेहा वन परिक्षेत्र में ग्राम वन समिति खभरी को भी इस अभियान से जोड़ा गया। एसडीओ श्रीमती रचना शर्मा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी सुश्री जीतू सिंह बघेल की उपस्थिति में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के साथ जागरूकता चर्चा कर 'सर्पलोक' कार्ड गेम वितरित किए गए। कार्यक्रम में देवेंद्रगिरि गोस्वामी, परिक्षेत्र सहायक खभरी, महेंद्र कुमार अग्रहरि, वनरक्षक खभरी तथा खभरी सर्किल का वन अमला उपस्थित रहा। रैपुरा वन परिक्षेत्र में शासकीय माध्यमिक शाला मनकोरा एवं शासकीय प्राथमिक शाला घुटेही में विद्यार्थियों ने 'सर्पलोक' के माध्यम से साँपों से जुड़ी भ्रांतियों और वैज्ञानिक तथ्यों को जाना तथा अपने सवालों और स्थानीय मान्यताओं पर खुलकर चर्चा की। कार्यक्रम में श्रीमती रंजना नागर, परिक्षेत्र सहायक घुटेही तथा बद्री प्रसाद यादव, वनपाल ने बच्चों को सर्पदंश से बचाव एवं सर्प संरक्षण की जानकारी दी। मोहन्द्रा वन परिक्षेत्र में पीएम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुंवरपुर, शासकीय कन्या हाई स्कूल मोहन्द्रा तथा शासकीय माध्यमिक शाला फतेपुर सहित विभिन्न विद्यालयों में 'सर्पलोक' के माध्यम से बच्चों को सर्प सुरक्षा की जानकारी दी गई।

## मोहन्द्रा रेंज में 2.5 हेक्टेयर वनभूमि से हटाया अतिक्रमण



पन्ना । दक्षिण वनमंडल के मोहन्द्रा वन परिक्षेत्र अंतर्गत बीट लखनचौरी के कक्ष 1171 में आज 26 अगस्त 2026 को वन विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। स्थानीय वन समिति के सदस्यों के सहयोग से वन अमले एवं सुरक्षा श्रमिकों ने लगभग 2.5 हेक्टेयर वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। कार्रवाई में अतिक्रमण विरोधी दल के भानू प्रताप सिंह सहित वनरक्षक अरविंद विश्वकर्मा, प्रकाश प्रजापति, गौरव दीक्षित, अभिनव पाण्डेय, रामकृपाल अहिरवार, राकेश यादव एवं अजय प्रताप सिंह तथा सुरक्षा श्रमिक शामिल रहे। वनभूमि की सुरक्षा एवं अतिक्रमण की रोकथाम के लिए दक्षिण पन्ना वनमंडल द्वारा स्थानीय वन समितियों के सहयोग से ऐसी कार्रवाई लगातार की जा रही है।

## भाजपा जिला पन्ना की सोशल मीडिया टीम का गठन, महेश साहू बने जिला संयोजक



जागरण, पन्ना । भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे, प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया सुदत्त त्यागी, जिला प्रभारी जाहर सिंह एवं सोशल मीडिया संभाग प्रभारी अंशुल सिंह परिहार की अनुशंसा से भाजपा जिला पन्ना की सोशल मीडिया टीम की घोषणा की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार महेश साहू को जिला सोशल मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं हिमांशु द्विवेदी, रोहित विश्वकर्मा एवं राम सिंह को सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही शुभांकर दास एवं अंकित कुशवाहा को जिला सोशल मीडिया टीम में सदस्य बनाया गया है। नई टीम के गठन से जिले में पार्टी की सोशल मीडिया गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने में नई टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। पार्टी संगठन द्वारा सोशल मीडिया को जनसंवाद का प्रभावी माध्यम मानते हुए कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रियता बढ़ाने तथा सरकार की उपलब्धियों और संगठन के कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने पर लगातार जोर दिया जा रहा है।

## आजाद भारत में अस्सी साल बाद भी कीचड़ में चलने को मजबूर लोग



पन्ना । एक तरफ जहां देश में डिजिटल इंडिया और आधुनिक विकास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है, वहीं पन्ना जिले की देवेंद्रनगर तहसील का ग्राम रतगवा आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। नेशनल हाईवे-39 से महज चार किलोमीटर की दूरी पर बसा 100 परिवारों का यह गांव आजादी के अस्सी साल बाद भी पक्की सड़क जैसी मूलभूत सुविधा को तरस रहा है। बारिश के मौसम में गाँव का कच्चा रास्ता किसी खौफनाक दलदल में तब्दील हो जाता है, जहाँ से गुजरना किसी जंग जीतने से कम नहीं है। स्कूल जाने वाले मासूम बच्चे हों या जिंदगी और मौत से जूझते मरीज, हर किसी के लिए यह रास्ता %सजा-ए-मौत% साबित हो रहा है। स्थिति इतनी वीभत्स है कि आपात स्थिति में एम्बुलेंस तक गाँव नहीं पहुँच पाती और परिजनों को अपने गंभीर मरीजों को चारपाई पर लादकर, जहरीले जीव-जंतुओं के साये में 4 किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर होना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की संवेदनहीनता का आलम यह है कि क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश वर्मा से लेकर प्रशासनिक चौखटों तक बार-बार गुहार लगाने के बावजूद इस बदहाली की सुध लेने वाला कोई नहीं है। जनसुनवाई की चौखट पर अपनी लाचारी लेकर पहुँचे कंछेदी लाल और विकास रजक जैसे ग्रामीणों का आक्रोश अब चरम पर है।


## शतरंज की बिसात पर शह और मात का महासंग्राम, पन्ना के होनहारों ने दिखाया शतरंजी चालों का हुनर



जागरण, पन्ना । एजुकेशन मेंटर्स एकेडमी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता ने शहर में खेल भावना का एक नया इतिहास रच दिया। 25 अगस्त को आयोजित इस दिमागी महासंग्राम में जिले भर के विभिन्न विद्यालयों और विकासखंडों के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जहाँ हर एक चाल पर रोमांच अपनी चरम सीमा पर था।

सफेद और काले खानों की इस बिसात पर युवा खिलाड़ियों ने अपनी रणनीतिक सोच, सूक्ष्म एकाग्रता और बेजोड़ खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस भव्य आयोजन में प्रशासनिक और खेल जगत की हस्तियों की मौजूदगी ने खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना कर दिया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती आकांक्षा रावत (जिला शिक्षा अधिकारी,पन्ना) विशिष्ट अतिथि सुश्री किरण कौशिक (जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केंद्र) एवं राजेश मिश्रा (जिला क्रीड़ा अधिकारी) वरिष्ठ खेल शिक्षक मनोज खरे , पहलवान सिंह (एम.डी.आर.एल. स्कूल) और खेल एवं युवा कल्याण विभाग से मोहम्मद मुस्तकीम उपस्थित रहे। अनुशासन और प्रतिभा का अनूठा संगम, जिला क्रीड़ा अधिकारी की मेहनत दिख रही असर प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने न केवल अपनी चालों से प्रतिद्वंद्वियों को मात दी, बल्कि उत्कृष्ट खेल भावना और अनुशासन की भी मिसाल पेश की। आयोजन को सफल बनाने में जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन विद्यालय के खेल शिक्षक शमीम अहमद सिद्दीकी के निर्देशन और समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय संचालक प्रवर्ध गुप्ता एवं प्राचार्या डॉ. श्रीमती पुष्पा यादव ने शिक्षा विभाग से आए अतिथियों और प्रतिभागी विद्यालयों का आभार जताया। -एजुकेशन मेंटर्स एकेडमी- परिवार ने सभी उभरते हुए शतरंज योद्धाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएँ दीं।

## चित्रगुप्त मंदिर में श्रीराम कथा की पूर्णाहुति आज, कथा व्यास कुलदीप महाराज ने सुनाया मार्मिक केवट प्रसंग



पन्ना । शहर के ऐतिहासिक चित्रगुप्त मंदिर में चल रही भव्य संगीतमय श्रीराम कथा एवं धार्मिक अनुष्ठानों का समापन 27 अगस्त को होने जा रहा है। पवित्र श्रावण (सावन) मास के उपलक्ष्य में आयोजित इस कथा के अंतिम दिन मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और महाप्रसाद वितरण के साथ पूर्णाहुति होगी।कथा के दौरान सुप्रसिद्ध कथा व्यास श्री कुलदीप महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से भगवान श्रीराम के वन गमन, निषादराज मिलन, लक्ष्मण गीता और केवट प्रसंग का अत्यंत मार्मिक एवं विस्तार से वर्णन किया। महाराज जी ने बताया कि केवट और प्रभु श्री राम का मिलन केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि अनन्य भक्ति और भगवान का मिलन था। वहीं लक्ष्मण गीता के माध्यम से उन्होंने जीवन, कर्तव्य और वैराग्य के गूढ़ रहस्यों को श्रद्धालुओं के सामने रखा, जिसे सुनकर पूरा पांडल भक्तिमय हो गया।

**आज सुबह शिवाभिषेक और शाम को अंतिम सत्र :** आयोजन समिति के अनुसार, 27 अगस्त को कथा के अंतिम दिन भी तय समय पर कार्यक्रम संपन्न होंगे। सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक सावन मास के निमित्त भगवान भोलेनाथ का दिव्य शिव अभिषेक किया जाएगा। इसके उपरांत, शाम 5:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक श्रीराम कथा का अंतिम सत्र संपन्न होगा, जिसमें कथा की पूर्णाहुति और महाआरती की जाएगी। आयोजन समिति ने पन्ना नगर के सभी धर्मप्रेमी भाई-बहनों से अंतिम दिन की कथा और महाप्रसाद में शामिल होने का आग्रह किया है।

## संत रविदास जयंती पर पन्ना में गूंजा समरसता का संदेश, किशोर जी मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा



जागरण, पन्ना । संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे -समरसता संकल्प अभियान- के अंतर्गत पन्ना नगर में भव्य कलश वंदन एवं कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत किशोर जी मंदिर से हुई, जहां से कलश यात्रा धाम मोहल्ला तक निकाली गई। श्रद्धा और उत्साह से भरी यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, श्रद्धालुओं, युवाओं, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह शामिल हुए। उन्होंने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और कलश यात्रा में सहभागिता की। इस अवसर पर सामाजिक समरसता, समानता, भाईचारे और मानव सेवा का संदेश दिया गया।

**किशोर जी मंदिर से धाम मोहल्ला तक निकली भव्य कलश यात्रा :** किशोर जी मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, संत रविदास महाराज के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय होता गया। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी यात्रा में शामिल हुए और श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। कलश यात्रा के माध्यम से सामाजिक एकता, समानता, भाईचारे और समरसता का संदेश दिया गया। विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा में सहभागिता करते हुए संत रविदास महाराज के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

**संत रविदास जी ने समाज को एकता का मार्ग दिखाया :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी भक्ति काल के महान संत होने के साथ-साथ समाज सुधारक और मानवता के सच्चे मार्गदर्शक थे। उन्होंने अपनी वाणी, भक्ति और विचारों के माध्यम से समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास महाराज ने समाज में व्याप्त जाति-पांति, ऊंच-नीच और छुआछूत जैसी कुरीतियों का विरोध किया तथा प्रत्येक मनुष्य को समान सम्मान देने का संदेश दिया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि मनुष्य की पहचान उसकी जाति अथवा सामाजिक स्थिति से नहीं, बल्कि उसके कर्म, विचार और आचरण से होती है। विधायक ने कहा कि संत रविदास जी ने सनातन परंपरा में भक्ति, मानवता और सामाजिक समानता की भावना को मजबूत करने का कार्य किया। उनके विचार आज भी समाज को जोड़ने और भेदभाव से ऊपर उठकर एक-दूसरे के साथ खड़े होने की प्रेरणा देते हैं।

**मन चंगा तो कठौती में गंगा- का दिया संदेश :** विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने संत रविदास महाराज के प्रसिद्ध संदेश -मन चंगा तो कठौती में गंगा- का उल्लेख करते हुए कहा कि संत रविदास जी ने बाहरी आडंबर से अधिक मन की पवित्रता, सच्ची भक्ति, कर्म और मानव सेवा को महत्व दिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी का संदेश केवल किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए है। आज उनकी 650वीं जयंती पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि समाज में किसी भी प्रकार के भेदभाव को स्थान नहीं देंगे और सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। विधायक ने कहा कि सामाजिक समरसता केवल भाषणों और आयोजनों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इसका वास्तविक अर्थ तभी है, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के सुख-दुख में सहभागी बने और जरूरतमंद व्यक्ति को सम्मान एवं सहयोग मिले।

### संत रविदास जी की चरण-रज को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास

विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर -समरसता संकल्प अभियान- के माध्यम से उनके विचारों और संदेश को गांव-गांव एवं घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर मुस्लिम समाज द्वारा निकाला गया भव्य जुलूस



जागरण, पन्ना । शहर में मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर नगर में हर बर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल जुलूस निकाल गया जुलूस में हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे जुलूस के दौरान डीजे की धुन पर युवा नाचते गाते नजर आए,वही गले मिलकर एक दूसरे को बधाई देते हुए लोगों की भीड़ देखी गई जिसमें हर वर्ग के लोग उपस्थित थे।भारी बारिश होने के बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं रही जगह-जगह समाज के लोगों द्वारा लंगर वितरण किया गया ।मोहम्मद साहब के जन्म दिवस को लेकर विगत एक सप्ताह से तैयारी चल रही थी तथा पूरे पन्ना शहर को बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जुलूस शुभारंभ छत्रसाल पार्क से हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गो बल्देव जी चौराहा,गोविंद जी चौराहा, बड़ा बाजार,अजयगढ़ चौराहा, महेंद्र भवन चौराहा, गांधी चौक,पुराना पावर हाउस,मेनका टॉकीज,बस स्टैंड,कोतवाली चौराहा होते हुए छत्रसाल पार्क के सामने समापन हुआ।

## मुस्लिम समाज ने जिला चिकित्सालय में किया फल वितरण



मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर पन्ना जिला मुस्लिम समाज द्वारा स्थानीय जिला चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों तथा उनके परिजनों को फलों का वितरण किया तथा अमन एवं समस्त मुल्क के चैन की दुआएं मांगी तथा सेवा मानवता और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर अहले सुन्नत जमात कमेटी के सदर रिजवान मोहम्मद पूर्व सदर नईम खान पूर्व नायब सदर शकील राइन कमेटी के सचिव मुस्तफा खान सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

## महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर की पूरक परीक्षाएं 1 सितंबर से

पन्ना । जिले में अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे के वर्मा ने बताया कि महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर की स्नातक की पूरक परीक्षाएं 1 सितंबर 2026 से प्रारंभ हो रही हैं। विश्वविद्यालय द्वारा इन पूरक परीक्षाओं के लिए इस बार पूरे जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए है। पन्ना बस स्टैंड के पास स्थित छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कला भवन को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस केन्द्र में छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना के अतिरिक्त शासकीय कन्या महाविद्यालय पन्ना, शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़, शासकीय महाविद्यालय खोरा, शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर, वैष्णो माता विधि महाविद्यालय पन्ना एवं मानस महाविद्यालय बहादुरगंज, अजयगढ़ के पूरक परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

इसी प्रकार दूसरे परीक्षा केंद्र शासकीय महाविद्यालय पवई में शासकीय महाविद्यालय पवई के अतिरिक्त शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय शाहनगर, शासकीय महाविद्यालय गुन्नौर, शासकीय महाविद्यालय अमानगंज, संदीपनी प्रोफेशनल महाविद्यालय पवई, ओम साईं महाविद्यालय सिमरिया, मालती देवी महाविद्यालय शाहनगर एवं निशा मेमोरियल महाविद्यालय पुरैना के परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा का समय दोपहर 12 से 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।

# कक्षाओं तथा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**विद्यार्थी परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन**

**डीपीएस निगाही में धूमधाम से मनाया गया 29वाँ स्थापना दिवस**

जागरण, निगाही



दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में 29वाँ स्थापना दिवस अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य पी. एस. सरकार ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक एवं परियोजना अधिकारी निगाही सितांशु वर्मा थे। वहीं विशिष्ट अतिथि स्टाफ अधिकारी कार्मिक गौरव वाजपेयी क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक राकेश कुमार महाप्रबंधक सिविल ए.के.सिंह श्रमिक संगठन निगाही के पदाधिकारीगण डीपीएस विंध्यनगर के प्राचार्य जनार्दन पाण्डेय डीपीएस निगाही के निवर्तमान प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर और विद्यालय के अभिभावक.शिक्षक संघ के सचिव विजय कुमार दुबे उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं बैंड की मधुर धुनों के साथ किया गया। तत्पश्चात उन्हें पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप.प्रज्वलन एवं संस्कृत श्लोक के उच्चारण के साथ हुआ। इसके उपरांत बच्चों ने अपनी मधुर वाणी में स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों एवं अभिभावकों का अभिनंदन किया। तत्पश्चात विद्यालय के नन्हे.मुन्ने बच्चों ने प्रेम और भक्ति का सर्वोच्च उदाहरण श्री कृष्ण और गोपियों की रासलीला को नृत्य.नाटिका के माध्यम से मंचित कर सभी का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति को देखकर दर्शक भाव.विभोर हो गए और तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा। तत्पश्चात प्राचार्य पी. एस.सरकार ने स्वागत भाषण एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद सत्र 25–.26 की कक्षा तीसरी से नौवीं व ग्यारहवीं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 30 विद्यार्थियों को ट्रॉफीए बोर्ड परीक्षा की 10वीं और 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चार बच्चों को चेयरमैन ट्रॉफी तथा अलग.अलग विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 26 विद्यार्थियों को प्रिंसिपल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 43 विद्यार्थियों को ब्लू टाई तथा चार विद्यार्थियों को मैरून टाई एवं ब्लेजर प्रदान कर स्कॉलर के रूप में एवं कक्षा में शत.प्रतिशत उपस्थिति रखने वाले 43 बच्चों को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थी परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य पी.एस.सरकार ने सभी नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को कर्तव्यनिष्ठा ईमानदारी और नेतृत्व क्षमता का परिचय देने की शपथ दिलाई। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने दर्पण नृत्य.नाटिका के माध्यम से बचपन विद्यालयी जीवन की चुनौतियोंए बच्चों की प्रगति तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों की भी सराहना की और कहा कि हमें मिलकर देश को और अधिक ऊँचाइयों तक पहुँचाना है। मुख्य अतिथि ने कक्षाओं तथा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आपके परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। साथ ही जो विद्यार्थी थोड़ा पीछे रह गए हैं उन्हें निराश न होकर भविष्य में और बेहतर प्रयास करने की आवश्यकता है। विद्यालय के विद्यार्थी परिषद की कनिष्ठ वर्ग की प्रधान छात्रा अक्षिता पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



## बीजपुर पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बैढ़न।** सोनभद्र थाना बीजपुर पुलिस ने एसपी के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के निर्देशन में थाना बीजपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। 26.08.2026 को थाना बीजपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 94/2026, धारा 80(2), 85 बीएनएस एवं 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में तलाश एवं दबिश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सोनू पुत्र स्व0 रामलाल, निवासी ग्राम सिरसोती, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 24 वर्ष को शिव मंदिर सिरसोती के पास से प्रातः करीब 05:42 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण सोनू पुत्र स्व0 रामलाल निवासी ग्राम सिरसोती, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 24 वर्ष। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, थाना बीजपुर उ0नि0 कमलाकान्त पाण्डेय, हे0का0 भानू प्रताप यादव, का0 कृष्ण कुमार गुप्ता सोनभद्र पुलिस द्वारा वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान लगातार जारी है।

## विश्व सत्य सनातन संघ के अध्यक्ष ने किया पं. विजय शंकर का सम्मान

**रीवा।** अखिल विश्व सत्य सनातन संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष महंत डॉ.गोविन्द नारायण चित्रगुप्त महाराज द्वारा द्वारा सत्य सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में उल्लेखनीय योगदान के लिए मंगलवार को सिंधु भवन में अमृत महोत्सव समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंडित विजय शंकर मिश्रा को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। आयोजन में संघ के प्रदेश महामंत्री डॉ.अरविंद भारती, प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र द्विवेदी, संभागीय अध्यक्ष राम नारायण श्रीवास्तव, संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष पंडित राकेश अग्निहोत्री, शहडोल संभाग के संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष पंडित संदीप शुक्ला सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नशा विरोधी अभियान को प्रभावी बनाने एवं अवैध मादक खेती पर सख्त निगरानी के दिए निर्देश

**कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक आयोजित**

**जागरण, वैढ़न।** जिले में नशीले पदार्थों की रोकथाम अवैध मादक पदार्थों की खेती एवं नशा तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक सियाज केएम की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभागवार कार्ययोजना की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित सूचनाओं का संबंधित विभागों एवं पुलिस के बीच तत्काल आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाए। जिले में अफीम भांग आदि मादक पदार्थों की अवैध खेती पर सतत एवं प्रभावी निगरानी रखी जाए तथा ऐसी गतिविधियां पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अन्य राज्यों से जुड़े मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध गतिविधियों से संबंधित प्रकरणों की जांच की प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों एवं महाविद्यालयों में नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित करने को कहा। कलेक्टर ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों एवं कार्रवाई की प्रक्रिया के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश भी दिए ताकि नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## ईद मिलादुन्नबी पर टॉकीज चौराहा में लगी 'मोहब्बत की दुकान', मुस्लिम भाइयों का किया स्वागत-सम्मान

**गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया**



**बैढ़न।** ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रामशिरोमणि शाहवाल जी के नेतृत्व में एवं जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली के अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान जी के मुख्य अतिथि में टॉकीज चौराहा, बैढ़न में 'मोहब्बत की दुकान' लगाकर ईद मिलादुन्नबी के बाइक जुलूस में शामिल मुस्लिम भाइयों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों को शाल भेंट कर एवं मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया गया। इसी क्रम में अंजुमन अहले सुन्नत के सदर शहनवाज खान सहित उपस्थित अवाम को गुलाब का फूल भेंट कर मोहब्बत, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश उपाध्यक्ष राम शिरोमणि शाहावाल ने सामाजिक एकता, अखंडता गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया, उन्होंने कहा कि ईद मिलादुन्नबी हमें प्रेम, शांति, इंसानियत और भाईचारे का संदेश देती है। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली के अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि पैगंबर साहब ने आपसी भाईचारा प्रेम एवं एक दूसरे का मदद मानवता का संदेश दिया है जिसका हमें पालन करना चाहिए। इस अवसर पर मुखरूप से रूपेश चंद पांडेय, मुनखु श्रीवास्तव, मनोज दुबे, उसैद हसन सिद्दीकी एडवोक,सुदामा साकेत एडवोकेट, पार्षद अनिल वैश्य, पार्षद विजय शाह, पार्षद रविंद्र सिंह, सुदामा प्रसाद कुशवाहा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद खान 'रिंकू', गंगा प्रसाद शाह एडवोकेट, विद्यापति शाह एडवोकेट, बृजेंद्र शहवाल एडवोकेट, रामदास शाह, शिवराज नारायण कुशवाहा, मोहम्मद शालिम, मीना जायसवाल, संजय शर्मा, अजमल राजा, संतोष शाह एवं मोहम्मद लतीफ, बाबू खान, मुन्नू खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने मुस्लिम भाइयों को ईद मिलादुन्नबी की दिली मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में अमन, शांति, सौहार्द एवं भाईचारे की कामना की।

## गायत्री बालिका गृह में महापौर रानी अग्रवाल ने की मुलाकात



**जागरण, वैढ़न।** सिंगरौली नगर निगम की महापौर रानी अग्रवाल ने अमृता सेवा संस्थान द्वारा संचालित गायत्री बालिका गृह का निरीक्षण किया तथा समाज से दिशाहीन बच्चियों से मुलाकात कर सभी बच्चियों को समझाइस दिया तथा उन्हें अपने हाथ से मिष्ठान खिलाए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया उनके साथ दर्जन महिलाएं उपस्थित रही संस्था के निदेशक श्रीमती मंजू सिंह कुशवाहा अमृत सेवा संस्थान के सचिव नरेंद्र प्रसाद मिश्रा सहसचिव सैयद अब्बास खान के साथ-साथ दर्जन लोग उपस्थित रहे।

## रीवा के कौशल किशोर सोनी बने परिमंडल सचिव

**रीवा।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध भारतीय डाक निरीक्षक एवं सहायक अधीक्षक संघ के प्रथम वर्चुअल प्रांतीय अधिवेशन में रीवा के कौशल किशोर सोनी को मध्य प्रदेश परिमंडल का सचिव निर्वाचित किया गया। सम्मेलन में कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। कौशल किशोर सोनी वर्तमान में आरएमएस जबलपुर मंडल में कार्यालय अधीक्षक हैं। गोविंद राम चौधरी, डाक अधीक्षक शहडोल को परिमंडल अध्यक्ष बनाया गया है। नई कार्यकारिणी का कार्यकाल 2026-28 रहेगा। सचिव निर्वाचित होने पर श्री सोनी ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण, उनके हितों की रक्षा और डाक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार संगठन की प्राथमिकता होगी। उनके निर्वाचन पर प्रदेशभर के डाक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.आरएन तिवारी का सेवानिवृत्ति पूर्व सम्मान

**टीआरएस में आयोजित हुआ समारोह, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने दी शुभकामनाएं**



**जागरण, रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.आरएन तिवारी के सेवानिवृत्ति पूर्व सम्मान समारोह का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अर्पिता अवस्थी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापकों, विभिन्न विषयों के विभागाध्यक्षों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। समारोह में अर्थशास्त्र विभाग की डॉ.कुमुद श्रीवास्तव, डॉ.गुलशेर अहमद, डॉ.रत्नेश्वरी केशरी, प्रो.प्रशांत चौरसिया, डॉ.रीना सहित रंगेश पाण्डेय एवं रावेन्द्र पाण्डेय तथा बीबीए विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने भी उपस्थित होकर डॉ.तिवारी के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ.तिवारी के दीर्घकालीन शैक्षणिक योगदान, अर्थशास्त्र विभाग के विकास में उनके नेतृत्व और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना की। प्राध्यापकों ने कहा कि डॉ.तिवारी के मार्गदर्शन में अनेक विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की और उन्होंने विभाग को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान कई भावुक क्षण भी आए। विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों ने अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके साथ बिताए अनुभव साझा किए। सम्मान समारोह में डॉ.आरएन तिवारी ने अपने शैक्षणिक अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य उनके जीवन का अभिन्न अंग रहा है और विद्यार्थियों की सफलता उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने विभाग के प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनेगी विश्वकर्मा जयंती



**रीवा।** भगवान विश्वकर्मा की जयंती आगामी 17 सितम्बर को धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। आयोजन को लेकर श्री विश्वकर्मा मंदिर समित की तैयारी बैठक सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता अध्यक्षता प्रदेश संगठन मंत्री द्वारिका प्रसाद विश्वकर्मा ने की। बैठक में जानकारी दी गयी कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर विंध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति, राममिलन विश्वकर्मा बाबूजी संस्थापक ओम श्री विश्वकर्मा विकास परिषद, निधि विश्वकर्मा, संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष कमलेश विश्वकर्मा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर समिति के अध्यक्ष रामबहोर विश्वकर्मा करेंगे। जानकारी देते हुए मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा के पूजन हवन पश्चात शोभा यात्रा बाइक रैली निकाली जाएगी। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा। श्याम भजन आरती और विशाल भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। बैठक में सुशील विश्वकर्मा राजेंद्र विश्वकर्मा अर्जुन विश्वकर्मा, रमाकांत विश्वकर्मा संतोष बबलू विश्वकर्मा मनोज विश्वकर्मा दिनेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा भूपेंद्र विश्वकर्मा रामानुज विश्वकर्मा सुनील विश्वकर्मा विजय विश्वकर्मा पृथ्वीराज विश्वकर्मा एमपी विश्वकर्मा रत्नेश विश्वकर्मा गोविंद विश्वकर्मा गिरजा विश्वकर्मा रविंद्र विश्वकर्मा उमेश विश्वकर्मा विजय विश्वकर्मा पप्पू विश्वकर्मा प्रकाश विश्वकर्मा राकेश विश्वकर्मा राजेश विश्वकर्मा रामपाल विश्वकर्मा गोपाल विश्वकर्मा शैलेश विश्वकर्मा मनसुख लाल विश्वकर्मा मुन्नालाल विश्वकर्मा अरुण विश्वकर्मा सहीत बड़ी संख्या में संख्या में समाज के लोग लोग उपस्थित रहे।

## खिलाड़ियों ने जाते तीन स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक

**आईपी क्लब एवं एनटीपीसी शक्तिनगर का नाम किया गौरवान्वित**

**पदक विजेता कराटे खिलाड़ियों का किया गया सम्मान**



**जागरण, शक्तिनगर।** लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर आठ पदक जीतने वाले आईपी क्लब एनटीपीसी शक्तिनगर के कराटे खिलाड़ियों का आईपी क्लब परिसर में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता विश्व आधुनिक शोतोकान कराटे महासंघ के तत्वावधान में लखनऊ में आयोजित की गई थी जिसमें आईपी क्लब के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण तीन रजत और दो कांस्य पदक जीतकर क्लब एवं एनटीपीसी शक्तिनगर का नाम गौरवान्वित किया। समारोह में स्वर्ण पदक विजेताओं शायान अनस अंकुर त्रिवेदिया और शिवांश रजत पदक विजेताओं अथर्व देवांश सिंह और ज़्याना अनस तथा कांस्य पदक विजेताओं वैदिक प्रताप और स्तुति राजलक्ष्मी को सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों की इस सफलता में उनके कराटे कोच अंकुश का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन प्रशिक्षण और निरंतर प्रोत्साहन से खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। समारोह में आईपी क्लब समिति के सचिव सौरभ मिश्रा ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों एवं कोच अंकुश को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि खेलों में सफलता कड़ी मेहनत अनुशासन निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास का परिणाम होती है। अपने प्रेरणादायक संबोधन में सौरभ मिश्रा ने खिलाड़ियों और कोच का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और उन्हें इसी लगन एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए। सम्मान समारोह में पदक विजेता खिलाड़ियों के अभिभावक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने बच्चों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और आईपी क्लब तथा कोच अंकुश के प्रति आभार जताया। अभिभावकों की उपस्थिति ने समारोह को और भी उत्साहपूर्ण एवं यादगार बना दिया। समारोह के अंत में उपस्थित सभी खिलाड़ियों अभिभावकों क्लब सदस्यों एवं अन्य उपस्थितजनों के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया। पदक जीतने की खुशी में सभी ने एक.दूसरे को बधाई दी और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आठ पदकों की इस शानदार उपलब्धि ने आईपी क्लब एवं एनटीपीसी शक्तिनगर को गौरवान्वित किया है और क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए नई प्रेरणा दी है।


**कार्यालय अपर तहसीलदार तहसील सिंगरौली नगर जिला सिंगरौली (म.प्र.)**

क्रमांक / 0216/वी-121/2024-25
सिंगरौली नगर, दिनांक 28/10/2024

**प्रमाण-पत्र**

आवेदक राधेश्याम साकेत पिता स्व0 बलवंत साकेत निवासी मुहेर तहसील सिंगरौली नगर जिला सिंगरौली (म0प्र0) द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण, एनसीएल द्वारा जारी नोटिस वार्ड पार्षद द्वारा जारी सजरा प्रमाण पत्र एवं पटवारी हल्का घोरीलीकला द्वारा प्रतिवेदन / पंचनामा में लेख किया गया है कि आवेदक का परिवारिक सजरा अनुसार विधिक वारिस -

**मुखियां का नाम**
बलवंत साकेत पिता झुल्लुर साकेत (मृतक)

| क्र. | सदस्यों का नाम | संबंध |
|---|---|---|
| 01. | रामरती साकेत | पत्नी (फौत) |
| 02. | केशकली साकेत | पत्नी (मौ0) |
| 03. | राधेश्याम साकेत | पुत्र (मौ0) |
| 04. | उर्मिला | पुत्री (मौ0) |
| 05. | परमिला | पुत्री (मौ0) |
| 06. | जयमिला | पुत्री (मौ0) |
| 07. | गुड्डी | पुत्री (मौ0) |
| 08. | उमेश | पुत्र (मौ0) |
| 09. | सुगना | पुत्री (मौ0) |
| 10 | नागेश | पुत्र (मौ0) |
| 11 | अन्जू साकेत | पुत्री (मौ0) |
| 12. | कल्पना साकेत | पुत्री (मौ0) |

**आवेदक के अनुरोध पर एन0सी0एल0 में उपयोग हेतु जारी।**

यदि आवेदक द्वारा प्रस्तुत जानकारी/दस्तावेज गलत पाये जाते है तो यह प्रमाण पत्र स्वयं निरस्त माना जावेगा एवं उक्त की सम्पूर्ण जबावदारी आवेदक की होगी।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला सिंगरौली म0प्र0 के पत्र क्रमांक /279/प्रवा0/2014 सिंगरौली दिनांक 07.04.2014 के अनुक्रम में जारी किया गया।

तारीख-28/10/2024
स्थान- सिंगरौली नगर

**अपर तहसीलदार,** तहसील सिंगरौली नगर जिला सिंगरौली (म.प्र.)

CMN-11957

# आखिरी दिन रोमांचक होगा कोलंबो टेस्ट, भारत सीरीज जीत के करीब

जेएनएन, कोलंबो

श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने कुछ समय तक डटकर मुकाबला किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने सही समय पर विकेट लेकर बुधवार को दूसरे और अंतिम टेस्ट के चौथे दिन मेजबान टीम के दूसरी पारी में स्टंप तक 229 रन तक छह विकेट झटक लिए। स्टंप तक सोनल दिनुशा सात और केशारा नुवंता तीन रन बनाकर क्रीज पर थे। जैसा कि अब इस मैच में आम हो गया है, शाम की बारिश और खराब रोशनी के कारण खेल रोकना पड़ा। अब भारत की कोशिश होगी कि पांचवें दिन मैच और सीरीज दोनों अपने नाम कर ले। भारतीय गेंदबाजों के दबदबे से पहले पसिंदु सूर्याबंदारा (92) और कामिडु मेंडिस (55) के बीच तीसरे विकेट के लिए हुई 115 रन की साझेदारी श्रीलंका की वापसी का मुख्य आधार रही। सूर्याबंदारा और मेंडिस ने तब मोर्चा संभाला जब श्रीलंका 63 रन तक दो विकेट खोकर संघर्ष कर रहा था। इन दोनों ने अगले 110 मिनट तक भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना किया। इस साझेदारी ने श्रीलंका को पहली पारी में 213 रन से पिछड़ने के बाद फॉलोऑन की स्थिति से उबरने में मदद की। हालांकि, उस दौरान श्रीलंका का प्रदर्शन पहली पारी की तुलना में काफी बेहतर था। पहली पारी में टीम 290 रन पर ऑलआउट हो गई थी और फॉलोऑन के स्कोर से सिर्फ 13 रन दूर रह गई थी। दिनुशा ने सीरीज का अपना दूसरा शतक लगाते हुए 103 रन की पारी खेली थी। लेकिन सूर्याबंदारा और मेंडिस की साझेदारी की वजह से मैच पांचवें दिन तक खिंच गया, जबकि उन्होंने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज लाहिरू उदारा और कामिल मिशारा के विकेट जल्दी गंवा दिए थे।





**02** शतक दिनुशा ने भारत के खिलाफ श्रीलंका के लिए नंबर 6 या इससे नीचे बल्लेबाजी करते जड़े। वे ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। टेस्ट में भारत के खिलाफ श्रीलंका के लिए नंबर 6 या इससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए अब तक दिनेश चांदीमल, तिलकरत्ने दिलशान, प्रसन्ना जयवर्धने, अर्जुन राणातुंगा, थिलन समरवीरा और हशन तिलकरत्ने ने एक-एक बार भारत के खिलाफ शतक जड़ा था, लेकिन सोनल दिनुषा ने दो बार ये कारनामा कर दिखाया है।

## गैरी सोबर्स की लिस्ट में शामिल हुए दिनुशा

- दिनुशा ने भारत के खिलाफ अपने शुरुआती दो टेस्ट में दो शतक लगाए। इस सूची में वेस्टइंडीज के महान एवर्टन वीक्स और सर गैरी सोबर्स से लेकर जहीर अब्बास, गैरी कर्स्टन और जेसी राइडर जैसे बड़े नाम शामिल हैं।
- दिनुशा भारत के खिलाफ लगातार टेस्ट में शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। इससे पहले अरविंदा डीसिल्वा, कुमार संगकारा, सनथ जयसूर्या, महेला जयवर्धने और एंजेलो मैथ्यूज शतक लगा चुके हैं।
- दिनुशा ने जहीर अब्बास और एवर्टन वीक्स जैसे महान बल्लेबाजों के साथ अपना नाम जोड़ लिया है। जहीर अब्बास ने भारत के खिलाफ अपनी पहली तीन पारियों में 176, 96 और नाबाद 235 रन बनाए थे, जबकि एवर्टन वीक्स ने 128, 194 और 162 रन बनाए। वीक्स ने तो भारत के खिलाफ अपनी पहली चार पारियों में शतक लगाए थे और पांचवीं पारी में 90 रन पर आउट हुए थे। दिनुशा का 100, 84 और 100 का रिकॉर्ड इसीलिए बेहद खास है।

## दूसरा टेस्टः सूर्याबंदारा-कामिंडु के अर्धशतकों के बावजूद टीम इंडिया मैच में आगे

- यह दूसरा मौका है, जब श्रीलंका की अंतिम तीन जोड़ियों (आठवें से दसवें विकेट तक) ने भारत के खिलाफ किसी टेस्ट पारी में 40 से ज्यादा ओवरों तक बल्लेबाजी की हो। इससे पहले 2010 में कोलंबो में श्रीलंका ने 31.2 ओवरों में केवल 87 रन पर 7 विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन अंत में वे 85.2 ओवरों में 267 रनों तक पहुंचने में सफल रहे। उस पारी में टीम की आखिरी तीन जोड़ियों ने कुल 54 ओवरों तक संघर्ष किया था।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारीः 503/9 घोषित**
**श्रीलंका पहली पारीः 290/10 (89.4 ओवर)**
**कल के स्कोर 265/8 से आगे**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| दिनुशा का. राहुल बो. जैन | 103 | 192 | 8 | 3 |
| कुमारा का. जुरेल बो. जैन | 12 | 58 | 2 | 0 |
| असिता फर्नांडो नाबाद | 1 | 4 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 14, **कुलः** 89.4 ओवर में 290 रन पर सभी आउट, **विकेट पतनः** 1-1, 2-8, 3-35, 4-122, 5-137, 6-171, 7-173, 8-230, 9-288, 10-290, **गेंदबाजीः** सिराज 11-0-33-1, कृष्णा 16-2-52-3, मानव सुथार 22-1-85-3, जैन 20.4-5-69-2, जडेजा 20-4-45-1.

**श्रीलंका दूसरी पारीः 229/6 (72.4 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| उदारा का. जैन बो. सिराज | 3 | 15 | 0 | 0 |
| मिशारा पगबाधा बो. जडेजा | 32 | 39 | 3 | 1 |
| सूर्याबंदारा स्टं. पंत बो. सुथार | 92 | 173 | 10 | 1 |
| मेंडिस का. गिल बो. कृष्णा | 55 | 92 | 2 | 3 |
| डिसिल्वा का. पडिक्कल बो. सुथार | 23 | 44 | 1 | 1 |
| सोनल दिनुशा खेल रहे हैं | 7 | 37 | 0 | 0 |
| डिकवेला पगबाधा बो. जैन | 6 | 12 | 1 | 0 |
| केशरा नुवंता खेल रहे हैं | 3 | 29 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 8, **कुलः** 72.4 ओवर में छह विकेट पर 229 रन, **विकेट पतनः** 1-5, 2-63, 3-178, 4-209, 5-212, 6-218, **गेंदबाजीः** प्रसिद्ध कृष्णा 10-1-31-1, मोहम्मद सिराज 9-4-11-1, सुथार 18-2-81-2, जैन 17.4-3-55-1, जडेजा 18-2-48-1.

## महिला टी-20 एशिया कप 28 अगस्त से

# पहली बार यूएई में एशिया कप टीम इंडिया खिताब की दावेदार

दुबई, जेएनएन

पहली बार दुबई में खेले जा रहे महिला टी-20 एशिया कप की शुरुआत 28 अगस्त से होगी। 13 सितंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में भारत और श्रीलंका सहित कुल आठ टीमें हिस्सा लेंगी। भारत जहां एक बार फिर खिताब पर कब्जा जमाने के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा, वहीं मौजूदा चैंपियन श्रीलंका 2024 में जीते खिताब का बचाव करने की कोशिश करेगा। टूर्नामेंट में भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश के अलावा चार एसोसिएट टीमें भी शामिल होंगी। सभी मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में कुल 15 मैच होंगे, जिनमें 12 ग्रुप मुकाबले, दो सेमीफाइनल और फाइनल शामिल है। ग्रुप चरण के मुकाबले 8 सितंबर तक खेले जाएंगे। इस दौरान हर दिन एक मुकाबला होगा। इसके बाद 10 और 11 सितंबर को सेमीफाइनल खेले जाएंगे, जबकि खिताब के लिए अंतिम मुकाबला 13 सितंबर को होगा। भारत टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के तौर पर प्रवेश करेगा। इस साल उन्होंने 16 टी-20 में नौ में हार मिली है, लेकिन टीम में गहराई उन्हें काफी मजबूत दल बनाता है। श्रीलंका भारत को चुनौती प्रदान कर सकता है, इस साल उन्हें इस प्रारूप में 10 जीत और तीन हार नसीब हुई है। वेस्टइंडीज को उन्होंने 2-1 से हराया था, बांग्लादेश के खिताब 3-0 से क्लीन स्वीप करने के साथ ही पाकिस्तान के खिताब उन्होंने 2-1 से जीत दर्ज की थी।



- भारत, पाकिस्तान, हॉन्ग कॉन्ग और थाईलैंड ग्रुप-ए में हैं, जबकि बांग्लादेश, श्रीलंका, यूएई और इंडोनेशिया ग्रुप-बी में हैं। हर टीम अपने ग्रुप की अन्य टीम के साथ एक मैच खेलेगी और दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमों को सेमीफाइनल में प्रवेश मिलेगा। यह दूसरा संस्करण होगा, जब आठ टीमें हिस्सा लेंगी। 2022 में टूर्नामेंट में सात टीमों ने हिस्सा लिया था, जबकि 2024 में एक और टीम को जोड़ा गया।
- **एसोसिएट टीमः** इंडोनेशिया, हॉन्ग कॉन्ग, थाईलैंड और यूएई ने 2026 के महिला प्रीमियर कप के जरिए प्रवेश पाया। 18 टीमों वाले इस टूर्नामेंट में इन टीमों ने अपने ग्रुप को टॉप किया और क्वार्टर-फाइनल में जीत हासिल करते हुए उन्होंने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इंडोनेशिया का यह पहला एशिया कप होगा, जबकि 2012 के बाद पहली बार हॉन्ग कॉन्ग की इस टूर्नामेंट में वापसी होगी।
- भारत इस टूर्नामेंट में हावी रहा है, अब तक इसके पांच टी-20 संस्करणों में से भारत ने तीन जीते हैं। अन्य दो मौकों पर भारत उपविजेता रहा है। 2018 में भारत को बांग्लादेश और 2024 में श्रीलंका के खिताब फाइनल में हार मिली थी।

## 6 सितंबर को होगा भारत-पाक मुकाबला

भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 6 सितंबर को होगा। दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए 17 टी-20 मुकाबलों में भारत ने 14 मैच जीते हैं। इसके अगले दिन गति विजेता श्रीलंका बांग्लादेश के खिताब मुकाबला खेलेगी, हालांकि इन दो टीमों के बीच अब तक मुकाबला एकतरफा ही रहा है। इस प्रारूप में श्रीलंका ने बांग्लादेश को 16 में से 13 मुकाबलों में पटखनी दी है।

## खेल एक नजर

### डब्ल्यूसीएल का तीसरा सत्र 3 अक्टूबर से यूएई में होगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के तीसरे सत्र का आयोजन तीन से 18 अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में किया जाएगा। पहली बार यह टूर्नामेंट ब्रिटेन से से बाहर आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट को यूएई में स्थानांतरित करने के साथ आयोजकों का लक्ष्य वैश्विक स्तर पर बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंच बनाना है, साथ ही उन्होंने तीसरे चरण में अधिक दिग्गज खिलाड़ियों, रोमांचक प्रतिद्वंद्विताओं और मनोरंजन का वादा किया है। 'लीजेंड्स' क्रिकेट लीग के तीसरे सत्र में कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय सितारे हिस्सा लेने वाले हैं। इनमें युवराज सिंह, एबी डिविलियर्स, ड्वेन ब्रावो, शाहिद अफरीदी, मोईन अली, डेविड वॉर्नर और मोहम्मद महमूदुल्लाह शामिल हैं। पहले चरण का खिताब इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को हराकर जीता था, जबकि दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस ने दूसरे सत्र के फाइनल में पाकिस्तान चैंपियंस को हराकर खिताब अपने नाम किया।

### अनुशासनहीनता पर नरमी बरतना सही नहींः मांजरेकर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने युवा खिलाड़ियों वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल से जुड़े अनुशासनहीनता के मामलों से निपटने के तरीके को लेकर आईसीसी और बीसीसीआई की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह दोनों संस्थाएं नरम रवैया अपना रही हैं, जिससे खिलाड़ियों को



अनुशासनहीनता के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है। मांजरेकर ने एक्स पर लिखा, आईसीसी और बीसीसीआई, वैभव ने हाल ही में भारत-ए के लिए और अब जायसवाल ने (अनुशासनहीनता दिखाई है)। अगर आप उनका इस तरह के व्यवहार में बचाव करते रहेंगे तो आप उन्हें ऐसा व्यवहार दोहराने के लिए प्रशिक्षित कर रहे हैं। यह खेल के लिए अच्छा नहीं है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह उनके भविष्य के लिए भी अच्छा नहीं है। कोलंबो में दूसरे टेस्ट के पहले दिन मैदान पर हुई कहासुनी के लिए जायसवाल और श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

# वेस्ट जोन को हराकर नार्थ जोन सेमीफाइनल में पहुंचा

### दलीप ट्रॉफीः 52 रन से हासिल की जीत, साउथ जोन से भिड़ंत

**बेंगलुरु, जेएनएन।** बाएं हाथ के स्पिनर आबिद मुश्ताक और निशांत सिंधु ने वेस्ट जोन के निचले क्रम के बल्लेबाजों को चौथे दिन सुबह 6.3 ओवरों में ही पवेलियन भेज दिया, जिससे नार्थ जोन ने 52 रन से जीत हासिल करके दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका मुकाबला साउथ जोन से होगा। वेस्ट जोन ने टर्न ले रही पिच पर 287 के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम दिन की शुरुआत सात विकेट पर 220 रन से की, लेकिन उसकी टीम 234 रन पर सिमट गई। उर्विल पटेल (25) और भरोसेमंद तनुष कोटियन (00) ने वेस्ट जोन की पारी आगे बढ़ाई। मुश्ताक (22 ओवर में सात रन लेकर चार विकेट) ने जल्दी ही कोटियन को आउट कर दिया और उसके बाद तुषार देशपांडे (05) का विकेट भी लिया। इसके बाद सिंधु ने उर्विल को आउट करके मैच का अंत किया। मुश्ताक ने मैच में 99 रन देकर नौ विकेट लिए और



उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच का निर्णायक मोड़ निश्चित रूप से वेस्ट जोन के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (70 गेंदों पर 66 रन) का रन आउट होना रहा, जिन्होंने मुशीर खान (96) के साथ 111 रन की साझेदारी की थी। उस समय वेस्ट जोन का स्कोर तीन विकेट पर 195 रन था और वह अच्छी स्थिति में दिख रहा था। नार्थ जोन ने पहली पारी में 251 रन बनाए थे, जिसके जवाब में वेस्ट जोन की टीम 187 रन पर आउट हो गई थी। नार्थ जोन ने अपनी दूसरी पारी में 222 रन बनाए।

# बुमराह को पछाड़ स्टार्क पहली बार नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने

**दुबई, जेएनएन।** बांग्लादेश के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के दूसरे मैच में 10 विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अपने करियर में पहली बार टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। इस 36 साल बाएं हाथ के गेंदबाज ने पहली पारी में 12 रन देकर छह और दूसरी पारी में 39 रन देकर चार विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की पारी और 51 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे उन्होंने न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और भारत के जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़कर नंबर एक स्थान हासिल कर दिया। वह इन दोनों तेज गेंदबाजों से 10 रेटिंग अंक आगे हैं। स्टार्क इससे पहले एक बार दूसरे स्थान पर पहुंचे थे। उन्होंने पिछले साल 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट के बाद पहली बार दूसरा स्थान हासिल किया था। बुमराह इस तरह से मौजूदा दौर में केवल दो महीने तक शीर्ष स्थान पर काबिज रहे, लेकिन वह कुल 697 दिन तक नंबर



एक गेंदबाज रहे, जो किसी भी भारतीय गेंदबाज का रिकॉर्ड है। इस मामले में वह सर्वकालिक सूची में 14वें स्थान पर हैं। बुमराह चोट के कारण वे श्रीलंका के खिलाफ चल रही सीरीज से बाहर हो गए थे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को भी काफी फायदा हुआ है। लीड्स में तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ एक पारी और 103 रन की जीत में आठ विकेट लेने के कारण वह गेंदबाजों की रैंकिंग में 15 स्थान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस मैच में आठ विकेट लेने वाले जोश टोंग रैंकिंग में 16 पायदान ऊपर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### मानव करियर की बेस्ट रैंकिंग पर, पंत टॉप 10 में

स्पिनर मानव सुथार रैंकिंग में 28 पायदान ऊपर करियर के सर्वश्रेष्ठ 48वें स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के असिथा फर्नांडो और प्रभात जयसूर्या दोनों पांच पायदान ऊपर क्रमशः 15वें और 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में हैरी ब्रूक ने शीर्ष पर स्थिति मजबूत करनी है। वह जो रूट से 24 रेटिंग अंक आगे हो गए हैं। भारत के रिषभ पंत छह पायदान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के केएल राहुल (पांच स्थान ऊपर 30वें) और देवदत्त पडिक्कल (59वें स्थान पर) ने भी अपनी बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार किया है।

## खेलो इंडिया संवाद

### युवाओं को खेलकूद अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे पीएम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को 'खेलो इंडिया संवाद' में युवाओं से बातचीत करेंगे, जो देश की खेल यात्रा में युवाओं को शामिल करने, उनकी आकांक्षाओं को साझा करने और मजबूत युवा-नेतृत्व वाले 'विकसित भारत' के लिए विचार जानने के प्रयासों का हिस्सा है। मोदी का यह वर्चुअल संबोधन खेल, ओलंपिक की आकांक्षाओं, युवा नेतृत्व, विकसित भारत और नशा मुक्त युवा जैसे पांच विषयों पर आधारित होगा। भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार, कोचिंग, समावेशी भागीदारी और प्रतिभा पहचान, पारदर्शी चयन और खिलाड़ियों के दीर्घकालिक विकास से 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए तैयारी भी इस संवाद के उद्देश्यों का हिस्सा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारत की खेल यात्रा से जुड़ने, अपनी आकांक्षाओं को साझा करने और एक मजबूत युवा-नेतृत्व वाले विकसित भारत के लिए अपने विचार रखना है। यह कार्यक्रम युवाओं को देश की खेलों से संबंधित महत्वाकांक्षाओं से जुड़ने का एक सीधा जरिया होगा।

# एशियाई खेलों में ओलंपिक जैसी चुनौती के लिए तैयार चानू



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय भारोत्तोलक और ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में ओलंपिक जैसी चुनौती के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, जहां उन्हें चीन, उत्तर कोरिया और थाईलैंड के शीर्ष खिलाड़ियों का सामना करना होगा। भारत की इस 32 वर्ष की खिलाड़ी ने विश्व स्तर पर लगभग प्रत्येक पदक जीता है, जिसमें 2021 में ओलंपिक खेलों में जीता गया रजत पदक भी शामिल है। लेकिन वह अभी तक एशियाई खेलों में पदक नहीं जीत पाई हैं। मीराबाई ने हाल में ही राष्ट्रमंडल खेलों में तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा एशियाई खेल बिल्कुल अलग तरह की प्रतियोगिता है, जिसमें राष्ट्रमंडल खेलों की तुलना में कहीं अधिक कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की संभावना है। मीराबाई ने 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों से पहले साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से कहा, राष्ट्रमंडल खेलों में मेरे लिए प्रतिस्पर्धा कठिन नहीं थी। ग्लास्गो में मुझे ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। असली परीक्षा तो अब होनी है। उन्होंने कहा कि मैं यह देखना चाहती हूं कि जापान में मैं कितने आगे तक बढ़ सकती हूं। एशियाई खेल मेरे लिए सबसे कठिन रहे हैं। इस बार एशियाई खेलों में आपको शायद ओलंपिक जैसी प्रतिस्पर्धा देखने को मिले क्योंकि मेरे भार वर्ग में सबसे मजबूत भारोत्तोलक एशिया से हैं। मीराबाई का सर्वश्रेष्ठ एशियाई खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में हांगझोऊ में रहा, जहां उन्होंने 49 किलोग्राम वर्ग में चौथा स्थान हासिल किया था। वह चोटिल होने के कारण 2018 में जकार्ता में हुए एशियाई खेलों में भाग नहीं ले पाई थी। मीराबाई जानती हैं कि एशियाई खेलों में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इसके लिए वह किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतना चाहती हैं। यही वजह है कि वह कोच विजय शर्मा और अमेरिका के 'स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग' कोच डॉ. आरोन हॉर्शिंग द्वारा निर्धारित दिनचर्या का पालन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हम प्रत्येक गुरुवार को उनके साथ वीडियो कॉल करते हैं और प्रशिक्षण, रिकवरी और भविष्य के कार्यक्रम को लेकर चर्चा करते हैं।

# एशियाई खेलः श्रेयस की कप्तानी में 28 सितंबर को पहला मैच खेलेगा भारत


**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम जापान में होने वाले एशियाई खेलों में 28 सितंबर से अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि महिला टीम 18 सितंबर को मेजबान जापान के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेगी। भारत की पुरुष और महिला दोनों टीमें वरीयता प्राप्त हैं और सीधे क्वार्टर फाइनल से अभियान शुरू करेंगी। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पुरुष टीम और हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली महिला टीम नागोया के पास कोरोगी एथलेटिक पार्क में होने वाली इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार हैं। भारत ने पिछले सत्र में दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते थे। महिला वर्ग में भारत के क्वार्टर फाइनल प्रतिद्वंद्वी का फैसला पहले ही हो



चुका है, जबकि पुरुष टीम का सामना ग्रुप-ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा। ग्रुप-ए में अफगानिस्तान, जापान और नेपाल शामिल हैं। महिला वर्ग का फाइनल 22 सितंबर को, जबकि पुरुष वर्ग का खिताबी मुकाबला तीन अक्टूबर को खेला जाएगा। पुरुष वर्ग में भारत के अलावा बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका को वरीयता दी गई है। महिला वर्ग में कुल आठ टीमों को वरीयता दी गई है, जिसमें भारत भी शामिल है।

# 2027 में तीन से 11 अप्रैल तक दक्षिण एशियाई खेलों की मेजबानी करेगा पाक

**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान छह साल के विलंब के बाद अगले साल तीन से 11 अप्रैल तक 14वें दक्षिण एशियाई खेलों की मेजबानी करेगा। इन खेलों का आयोजन इस्लामाबाद, लाहौर और पेशावर में किया जाएगा। दक्षिण एशिया ओलंपिक परिषद (एसएओसी) ने इस्लामाबाद में हाल में हुई बैठक में इस बहु खेल प्रतियोगिता की तारीखों और आयोजन स्थलों को मंजूरी दी। दक्षिण एशियाई खेलों का आयोजन मूल रूप से 2021 में होना था, लेकिन कोविड-19 महामारी समेत विभिन्न कारणों से इसे कई बार स्थगित किया गया। अगले साल मार्च में होने वाले खेलों की तारीखों को भी एक महीने आगे बढ़ाकर अप्रैल कर दिया गया। पाकिस्तान 2004 में इस्लामाबाद में क्षेत्रीय खेलों की मेजबानी करने के 23 साल बाद फिर इन खेलों की मेजबानी करेगा। एसएओसी ने रविवार को इस्लामाबाद में अपनी कार्यकारी समिति की बैठक में यह फैसला किया। बैठक की अध्यक्षता पाकिस्तान ओलंपिक संघ (पीओए) के अध्यक्ष और दक्षिण एशियाई संस्था के प्रमुख आरिफ सईद ने की। बैठक में खेलों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इस्लामाबाद, लाहौर और पेशावर को आयोजन स्थलों के रूप में मंजूरी दी गई। बांग्लादेश, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका के प्रतिनिधियों ने बैठक में व्यक्तिगत रूप से हिस्सा लिया। अधिकारियों ने बाद में इस्लामाबाद में प्रस्तावित खेल स्थलों का निरीक्षण भी किया। पीओए के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि भारत के प्रतिनिधि ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये बैठक में हिस्सा लिया।



# संन्यास के बाद कोर्ट पर उतरे रोजर फेडरर, पुराने प्रतिद्वंद्वी से आर्थर ऐश स्टेडियम में किया मुकाबला

जेएनएन, न्यूयॉर्क

पांच बार के यूएस ओपन चैंपियन रोजर फेडरर ने आर्थर ऐश स्टेडियम में लंबे समय तक अपने प्रतिद्वंद्वी रहे और करीबी मित्र एंडी रॉडिक के खिलाफ प्रदर्शनी मैच खेल कर अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। इस मैच का प्रचार 'एक दिग्गज की न्यूयॉर्क वापसी' नाम से किया गया था। स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा था। प्रशंसक स्विट्जरलैंड के 45 वर्षीय खिलाड़ी फेडरर और जल्द ही 44 वर्षीय होने वाले अमेरिकी खिलाड़ी रॉडिक के बीच होने वाले इस प्रदर्शनी मैच को देखने आए थे। कई दर्शकों ने फेडरर के लघुनाम 'आरएफ' के लोगो वाली टोपियां पहन रखी थीं, जो 20 बार के ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले फेडरर के डेढ़ दशक के वर्चस्व के दौरान खेल जगत में आम हो गई थीं। फेडरर ने कहा कि न्यूयॉर्क में वापसी करके बहुत अच्छा लग रहा है। इस कोर्ट से, यहां के प्रशंसकों से और शहर से मेरी कई यादें जुड़ी हैं। फेडरर ने 1998 में यूएस ओपन के जूनियर टूर्नामेंट में खेलने के लिए पहली बार न्यूयॉर्क आने और फाइनल में पहुंचने की यादें ताजा कीं। इसके तीन साल बाद सीनियर वर्ग में उनका सेंटर कोर्ट पर पहला मैच आंद्रे अगासी से था, जिसमें उन्हें सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। फेडरर ने कहा कि उन्होंने मुझे 6-1, 6-2, 6-4 से करारी शिकस्त दी। मेरे पास कोई विकल्प नहीं था। मैंने सोचा, ठीक है रोजर, यह इतना आसान नहीं था, लेकिन फिर भी मैं इस सेंटर कोर्ट को हमेशा याद रखूंगा। इसके बाद 2005 में फेडरर ने अगासी को हराकर यूएस ओपन जीता। यह उनका 2008 तक लगातार पांच खिताबों में से दूसरा खिताब था। फेडरर ने आखिरी बार 2019 में यूएस ओपन में हिस्सा लिया था।

## स्वितोलिना-मोनफिल्स की पति-पत्नी की जोड़ी खिताब से दो कदम दूर

एलिना स्वितोलिना और गेल मोनफिल्स दोनों यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कभी खिताब नहीं जीत पाए हैं, लेकिन इस बार हो सकता है कि यह विवाहित जोड़ा एक साथ कोई ट्रॉफी जीत सके। पति-पत्नी की यह जोड़ी कैटरीना सिनियाकोवा और हेनरी पैटन को 5-4 (6), 4-5 (3) (10-8) से हराकर मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। सेरेना विलियम्स और कार्लोस अल्काराज ने अपना पहला दौर का मैच तो जीत लिया, लेकिन बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली से 5-4 (4), 4-1 से हारने के बाद वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए।



## स्थानीय अवकाश आज

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ सतीश कुमार एस ने सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग.3 के अनुभाग 4 के प्रावधानों के तहत जिले के लिये घोषित तीन स्थानीय अवकाश में से 4 मार्च 2026 को होली का दूसरा दिन का घोषित स्थानीय अवकाश निरस्त करते हुये इसके स्थान पर 27 अगस्त गुरूवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

## भाजपा युवा मोर्चा की युवा संकल्प महारैली आज

**सतना।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की युवा संकल्प महारैली आज 27 अगस्त को सतना मे आयोजित की गई है। सुबह 10:30 बजे चित्रकूट से प्रारम्भ होने वाली यह महारैली पिण्डरा मझगवां कोठी होते हुए सतना पहुचेगी जहा पर शहर भ्रमण करते हुए सायं 06 बजे भाजपा कार्यालय पहुचेगी जहा पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष यश यादव पदभार ग्रहण करेंगे।


Dr. Juneja's EYE Mantra®

दीजिए अपनी आँखों को कुदरती आई मंत्रा

प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com


# पुलिस कर्मी ने चौकीदार को पीटा

जागरण, सतना



सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित प्रतिहार होटल में चौकीदार से पुलिसकर्मी द्वारा कथित मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि आइसक्रीम देने से मना करने पर पुलिसकर्मी ने चौकीदार के साथ मारपीट की। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है जबकि इसका वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बताया गया कि मंगलवार देर रात होटल संचालक काउंटर बंद कर घर जा चुके थे। उस समय होटल में चौकीदार रामदेव प्रजापति मौजूद था। रामदेव मानिकपुर जिला चित्रकूट का निवासी है। रामदेव के अनुसार वह रात का खाना खा रहा था। इसी दौरान कोलगवां थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी होटल पहुंचे और उन्होंने चौकीदार से आइसक्रीम मांगी। रामदेव ने बताया कि होटल का काउंटर बंद हो चुका था इसलिए उसने आइसक्रीम देने में असमर्थता जताई। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर पुलिसकर्मी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। चौकीदार के मुताबिक अचानक हुई मारपीट से वह खुद को बचा नहीं पाया। इसी दौरान मौके पर मौजूद एक अन्य पुलिसकर्मी ने हस्तक्षेप कर बीच.बचाव किया जिसके बाद मामला शांत हुआ। होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना रिकॉर्ड होने की बात सामने आई है। मंगलवार को हुई इस घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। वीडियो में चौकीदार के साथ मारपीट का घटनाक्रम दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। पीड़ित रामदेव प्रजापति ने 181 पर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

### इनका कहना है

मामले की जांच कर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

गौरव पांडेय
एएसपी सतना

# मॉडिफाइड साइलेंसर लगे 03 दोपहिया वाहनों पर कार्रवाई



**जागरण, सतना।** यातायात ड्यूटी के दौरान पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान 03 मोटरसाइकिलों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगे पाए गए, जिनसे अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण होने के साथ.साथ यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था। पुलिस द्वारा तीनों मोटरसाइकिलों को थाना नागौद लाया गया जहां वाहनों में लगे मॉडिफाइड साइलेंसर निकलवाए गए तथा संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा वाहनों में अनधिकृत रूप से किए गए बदलाव नहीं करने की समझाइश भी दी गई।

**पुलिस की अपील :** वाहन चालक अपने वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग न करें। यातायात नियमों का पालन करें और स्वयं के साथ.साथ अन्य राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## गले मिल कर मनाया ईद का त्योहार

**जागरण, सतना।** जनपद पंचायत रामपुर बाघेलान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सज्जनपुर में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद मिलन समारोह का गरिमामयी आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू उपस्थित रहे।सज्जनपुर पहुँचने पर स्थानीय मुस्लिम भाइयों और ग्रामीणों ने जनपद अध्यक्ष का गर्म जोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए श्री सिंह ने सभी को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष ने कहाए ईद का यह पावन पर्व हमें आपसी भाईचारे अमन और सौहार्द का संदेश देता है। हमारे क्षेत्र की यही खूबसूरती है कि यहाँ सभी धर्मों के लोग मिलकर हर त्योहार को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। ग्राम पंचायत सज्जनपुर में आयोजित यह ईद मिलन कार्यक्रम हमारी साझी संस्कृति और अटूट एकता का प्रतीक है। इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक और मुस्लिम समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे जिन्होंने क्षेत्र के विकास और आपसी सद्भाव को बनाए रखने का संकल्प लिया। आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार हाफिज नोमान और मौलाना इश्तियाक मौजूद रहे साथ ही कार्यक्रम में मोहम्मद हमजा राजा अली अशरूफअली अनवारूल हक अब्दुल शहजाद रियाजुद्दीन अब्दुल हामिद मोहम्मद इलियास फरीदुल हसन मोहम्मद हुसैन मान खान मोहम्मद रफी सफरूद्दीन गुलाम खान बंटू मेहंदी हसन मोहम्मद आसिक छोटे भाई अशरफअली अब्दुल मुनाफसलीम खान राजू खान सहित सैकड़ों गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# सतना-सेमरिया मार्ग गड्ढों में तब्दील जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल



**जागरण, सतना।** सेमरिया मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर आम जनता में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैंए जिसके चलते आए दिन वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क की खराब हालत के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है और कई लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि सड़क की बदहाली को लेकर सत्ता पक्ष के नेताओं की चुप्पी के साथ.साथ विपक्ष की भूमिका भी नजर नहीं आ रही है। जनता का कहना है कि जब क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क लगातार जर्जर होती जा रही है तो जनप्रतिनिधियों को सड़क के मुद्दे पर आवाज उठानी चाहिए। स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क की समस्या को लेकर जिला प्रशासन और कलेक्टर तक शिकायत की जा चुकी है लेकिन इसके बावजूद संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर शिकायतों और लगातार हो रही परेशानियों के बावजूद जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।



# श्रीमद्भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु महारास लीला के प्रसंग ने बांधा समा

**जागरण, सतना।** पूर्व विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी रामशंकर पयासी की भाभी स्वर्गीय श्रीमती उषा पयासी जो स्वर्गीय रामभगत पयासी की धर्मपत्नी थीं की पुण्य स्मृति में उनके गृह ग्राम मझियार में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महापुराण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा का वाचन व्यासपीठ कुलगुरु अयोध्यावासी पूज्य बाल स्वामी अवधेन्द्र प्रपन्नाचार्य जी महाराज के श्रीमुख से किया जा रहा है। महाराज श्री ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए महारास लीला के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। कथा प्रसंगों के दौरान श्रद्धालु भक्ति में भावविभोर नजर आए। भजन.कीर्तन से कथा पंडाल का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कथा श्रवण के लिए मझियार सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व ननि स्पीकर अनिल जायसवाल,रिटायर्ड एस डी एम बी के मिश्रा,प्रदीप यादव, मणिराज सिंह,के के पयासी ,विनोद द्विवेदी,रमाकांत पयासी,महीपत शुक्ला,शमशेर सिंह, रामनरेश सिंह,वीरन सिंह, अमृतलाल पयासी, लाला वर्मा, विनोद दुबेदी, मद्दू सिंह,धबई जी निखिल सिंह तिवारी, नीलेंद्र द्विवेदी,प्रकाश पांडेय, दयालु शुक्ला, राजमढ़ी गौतम, रजनीश तिवारी, राजाराम मिश्रा, मिस्तर सिंह, ज्ञानी मिश्रा, लाल प्रताप सिंह, राजेश दुबेदी, ददन पांडेय,शेषमनी तिवारी, गीतैश्वर सिंह, रमेश सिंह, नर्मदा प्रसाद मिश्रा, शिवकुमार मिश्रा, श्रीकांत यादव, सुरेंद्र तिवारी, उपेंद्र मिश्रा, राजा पांडेय, अच्चू पयासी, भोले तिवारी, कैलाश परौहा, संतोष उर्मालिया, ज्ञानी शुक्ला, महेंद्र तिवारी, प्रेमशंकर दुबेदी, मीरा सोनी, धर्मेंद्र सोनी,रामतीर्थ उर्मालिया, नरेंद्र सिंह एवं रघुनेंद्र सिंह,सहित अनेक गणमान्यजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## प्रिया उर्मलिया व शुभम पाण्डेय का शोध पत्र प्रकाशित



**जागरण, सतना।** एल्सेवियर के प्रतिष्ठित जर्नल श्रिजल्ट इन मटेरियल्स में बेसिक साइंस संकाय के डीन डॉ शैलेन्द्र यादव के तत्वावधान में रसायन शास्त्र की शोधकर्ता प्रिया उर्मलिया और शुभम पाण्डेय का शोध-पत्र प्रकाशित हुआ। रसायन शास्त्र के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए रसायन शास्त्र विभाग की शोधकर्ता प्रिया उर्मलिया और शुभम पाण्डेय का शोध.पत्र अंतरराष्ट्रीय प्रकाशक एल्सेवियर के प्रतिष्ठित जर्नल रिजल्ट्स इन मटेरियल्स में बेसिक साइंस संकाय के डीन डॉ शैलेन्द्र यादव के तत्वावधान से प्रकाशित हुआ है। शोध-पत्र का शीर्षक शिसप्रोफ्लोक्सासिन के लिए कंट्रोल्ड ड्रग डिलीवरी सिस्टम के तौर पर इको.फ्रेंडली नैनोसेलुलोज.रीइन्फोर्स्ड कॉर्नकोब.डिराइव्ड हाइड्रोजेल है। इस शोध में कॉर्नकॉब मक्के के भुट्टे के अवशेषद्ध जैसे कृषि अपशिष्ट से प्राप्त नैनोसेल्यूलोज का उपयोग करते हुए एक पर्यावरण.अनुकूल हाइड्रोजेल प्रणाली विकसित करने पर कार्य किया गया है। शोध.पत्र में प्रिया उर्मलिया, शैलेन्द्र यादव, धीरज सिंह चौहान,शुभम पाण्डेय, एम ए कुरैशी अश्विनी ए वाऊ सुषमा सिंह और श्वेता लिखितकर सहित शोधकर्ताओं का योगदान है यह शोध नैनोसेल्लुलोज़ पॉलिमर साइंस हाइड्रोजेल टेक्नोलॉजी और कन्ट्रोलल्ड ड्रग डिलीवरी जैसे बहुआयामी क्षेत्रों को जोड़ता है।

# मजदूर पिता की बेटी ने नीट में हासिल की शानदार रैंक



### सांसद गणेश सिंह ने घर पहुंचकर दी बधाई

**जागरण, सतना।** मेहनत लगन और मजबूत हौसले के दम पर कुमारी नैना मल्लाह ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रदेश में शानदार रैंक हासिल की है। नैना का दाखिला भोपाल के पीपुल्स मेडिकल कॉलेज में होने जा रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नैना की सफलता की खबर मिलने पर सांसद गणेश सिंह मंगलवार को उनके निवास पहुंचे और छात्रा को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नैना के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद जिस तरह छात्रा ने कठिन परिश्रम कर यह मुकाम हासिल किया है वह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। नैना की सफलता के पीछे उनके पिता की मेहनत भी बड़ी मिसाल है। उनके पिता पेंटर का काम करते हैं और मजदूरी कर परिवार का भरण.पोषण करते हुए उन्होंने अपनी बेटी की पढ़ाई जारी रखी। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने बेटी की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। सांसद गणेश सिंह ने नैना के पिता को भी उनकी मेहनत और बेटी को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# हर्षोल्लास से रक्षाबंधन, बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर होंगे अनेक आयोजन

**जागरण, सतना।** रक्षाबंधन, बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न आयोजन होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संस्कृति, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, पर्यटन, जेल, गृह, पशुपालन, जनजातीय कार्य विभाग सहित कमिश्नर और कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए है।

**रक्षाबंधन पर्व पर आयोजन :** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र अनुसार रक्षाबंधन पर्व 28 अगस्त, 2026 को सामाजिक रिश्तों से प्रकृति तक विस्तार कर जल, प्रकृति और पर्यावरण से गहन संबंध के रक्षण का संकल्प एवं आह्वान के लिए विभिन्न वर्ग को जोड़ने के लिए एक राखी एक संकल्प, रक्षासूत्र एक राखी एक रिश्ता, पेड़ को राखी-प्रकृति से भाईचारा जैसी गतिविधियाँ जनसहभागिता के साथ आयोजित की जायेगी। छात्रों के लिए स्कूलों में प्रकृति की रक्षा के लिए कहानी, पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में प्रसंग के अनुरुप आयोजन होंगे।


मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा

आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क डायलिसिस सुविधा उपलब्ध है

अपॉइंटमेंट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668,7771000669

24/7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध है

न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा


## रूढ़ियों को तोड़ बेटी ने निभाया बेटे का फर्ज, पिता को दी मुखाग्नि

**जागरण,रीवा।** समाज की रूढ़िवादी परंपराओं को पीछे छोड़ रीवा जिले की एक बेटी ने अपने पिता को मुखाग्नि देकर बेटे का फर्ज निभाया। रायपुर कर्चुलियान विकासखंड के ग्राम अटरा, पंचायत उलही कला निवासी एयरफोर्स से सेवानिवृत्त सैनिक मुनीष दुबे का कैंसर की बीमारी के चलते दिल्ली में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली से प्रयागराज लाया गया, जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। दिवंगत मुनीष दुबे की तीन बेटियां हैं और उनका कोई पुत्र नहीं है। अंतिम संस्कार के दौरान परिवार के सदस्य और समाज के लोग मौजूद थे। परंपरा के अनुसार उनके छोटे भाई अरूण दुबे मुखाग्नि देने के लिए आगे बढ़े थे। इसी दौरान बड़ी बेटी डिंपल दुबे ने पिता को मुखाग्नि देने की इच्छा जताई।

**गृहग्राम से बड़ी संख्या में पहुंचे लोग :** प्रयागराज में हुए अंतिम संस्कार में दिवंगत सैनिक के गृह ग्राम अटरा और रीवा से बड़ी संख्या में परिजन, रिश्तेदार और परिचित पहुंचे। परिवार की चारों बहनें और बहुएं भी अंतिम संस्कार में मौजूद रहीं। सभी ने नम आंखों से एयरफोर्स के सेवानिवृत्त सैनिक मुनीष दुबे को अंतिम विदाई दी। मुनीष दुबे के निधन से परिवार और गांव में शोक का माहौल है। देश की सेवा से सेवानिवृत्त सैनिक को अंतिम विदाई देने के दौरान उनकी बेटी डिंपल का अपने पिता के प्रति यह भावनात्मक कदम चर्चा का विषय बना रहा।

# सरस्वती विद्यापीठ में विभाग स्तरीय प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य बैठक संपन्न




**सतना।** सरस्वती विद्यापीठ आवासीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उतैली, में 25 एवं 26 अगस्त को सरस्वती शिक्षा परिषद, मध्यप्रदेश द्वारा रीवा विभाग के अंतर्गत रीवा, मऊगंज, सतना एवं मैहर जिलों के प्राचार्य एवं प्रधानाचार्यों की दो दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ 25 अगस्त 2026 को माननीय जिला सचिव विकास पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। दो दिवसीय बैठक में चारों जिलों से लगभग 60 प्राचार्य एवं प्रधानाचार्यों ने सहभागिता की तथा विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावशाली बनाने को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन किया। बैठक में विशेष रूप से शैक्षणिक कार्य को अधिक प्रभावशाली एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा प्रत्येक वर्ष अपने.अपने विद्यालय से प्रावीण्य सूची में भैया.बहनों को स्थान दिलाने हेतु योजनाबद्ध प्रयास करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विद्यालय की कार्यप्रणाली को निरंतर बेहतर बनाने पर भी विचार.विमर्श किया गया। बैठक के समापन अवसर पर दिनांक 26 अगस्त 2026 को माननीय क्षेत्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह परिहार एवं माननीय प्रांत संगठन मंत्री अमित दवे की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने प्राचार्य एवं प्रधानाचार्यों का मार्गदर्शन करते हुए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अनुशासन संस्कार एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणामों के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।


विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर

डॉ प्रदीप निगम

MD, DrNB (गैस्ट्रो)

पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ

उपलब्ध सुविधा
- एंडोस्कोपी
- कोलोनोस्कोपी
- फाइब्रोस्कैन
- ERCP
- मैनोमेट्री

Call Now 8770352872,7566926696

पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर

डॉ. सिद्धार्थ तिवारी

MBBS, MD (Dermatology & STD)

परामर्श शुल्क मात्र 300/-

मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)

चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ

कामता मेडिकल

ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)

9399312433
9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ

समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश

डॉ. कोम्पल अग्रवाल

MBBS, MD (Dermatology & STD)

चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध

परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।

विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा

मो.-7247097637

परामर्श शुल्क 300/-

सौन्दर्य क्लीनिक: मेडिकल माल ग्राउंड फ्लोर डॉ. बजाज क्लीनिक के सामने सिरमौर चौराहा रीवा

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)

(निः संतान दंपत्तियों के लिए)

कम खर्च बेहतर इलाज

सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा

उपलब्ध सुविधाएँ
- IUI, IVF, ICSI
- फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
- एग फ्रीजिंग
- एंब्रियो फ्रीजिंग
- स्पर्म फ्रीजिंग

डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा

स्त्री एवं प्रसूति रोग

निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ

MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)

फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी

मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध

टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830

खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com